

ईरान में युद्ध के हालात से तय होगी शेयर बाजार की चाल - 12



पेट्रोल-डीजल मूल्य स्थिर रखने का बोझ अब रिफाइनरी भी भुगतेंगी - 12



कांग्रेस ने असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ रुपये हड़पे - 13



संजू लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही जिता सकते हैं मैच- 14


आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.17
सूर्यास्त 06.18

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी उपरांत 09:41 त्रयोदशी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 16 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 38, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## एलपीजी सिलेंडर नहीं रख सकेंगे पीएनजी उपभोक्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने लगाई रोक, वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति में संकट के चलते लिया फैसला

सरकार ने पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) का कनेक्शन रखने वाले वाले परिवारों के लिए सब्सिडी वाला एलपीजी कनेक्शन रखने या लेने पर रोक लगा दी है। इस बीच, वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति में संकट के चलते क्षेत्र के नियामक ने शहर गैस वितरण कंपनियों से अपने पीएनजी ढांचे का विस्तार तेजी से करने को कहा है, जिससे रसोई गैस की आपूर्ति पर दबाव कम किया जा सके।

इसके तहत अब पीएनजी कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के लिए अपने घरेलू एलपीजी कनेक्शन को सरेंडर करना जरूरी हो गया है। संशोधित आदेश में



कहा गया है, वितरक उन उपभोक्ताओं को भरा गैस सिलेंडर नहीं देंगे, जिनके पास पहले से एलपीजी कनेक्शन हैं। इस कदम का मकसद उन घरों के लिए एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता देना है जिनके पास पाइप के जरिये गैस की आपूर्ति की सुविधा नहीं है।

## ईरान ने सऊदी अरब सहित अन्य खाड़ी देशों पर मिसाइल-ड्रोन दागे

- पहली बार ईरान ने दी खुली धमकी, यूएई के लोगों से तीन बंदरगाह खाली करने को कहा

काहिरा, एजेंसी

ईरान ने हमलों का दायरा और व्यापक करने की धमकी दिए जाने के बीच इजराइल और फारस की खाड़ी के आसपास के पड़ोसी देशों पर हमले किए। इस संघर्ष के कारण वैश्विक विमानन सेवाएं अस्त-व्यस्त हो गई हैं, तेल निर्यात बाधित हुआ है और दुनियाभर में ईंधन की कीमतों में वृद्धि हुई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उन्हें आशा है कि तेल व गैस के निर्यात पर निर्भर देश हॉर्मुज स्ट्रेट



ईरानी हमले के दौरान इजराइली वायु रक्षा प्रणाली ने मिसाइलों को रोकने के लिए गोलीबारी की।

की सुरक्षा के लिए अपने युद्धपोत भेजेंगे। हालांकि रविवार तक किसी भी देश ने इसके लिए प्रतिबद्धता नहीं जताई, लेकिन कुछ देशों ने कहा कि वे इस पर विचार कर रहे हैं। इजराइल ने कहा कि उसने रविवार को भी ईरान पर हमले जारी रखे। बहरीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने रविवार को अपने निवासियों को चेतावनी दी कि वे उनकी ओर आ रहीं मिसाइल रोकने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। इससे पहले, ईरान ने लोगों से संयुक्त अरब अमीरात के तीन बंदरगाहों को खाली करने का आग्रह किया था। यह पहली बार है जब ईरान ने किसी पड़ोसी देश की गैर-अमेरिकी परिसंपत्तियों पर हमले की खुले तौर पर धमकी दी। ईरान ने कोई साक्ष्य दिए बिना कहा कि अमेरिका ने ईरान के तेल निर्यात के मुख्य टर्मिनल वाले खार्ग द्वीप पर हमला करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात में बंदरगाहों, डॉक और ठिकानों का इस्तेमाल किया।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका ने संयुक्त अरब अमीरात से खार्ग और अबू मूसा द्वीपों पर हमले किए। उन्होंने कहा कि यह स्थिति खतरनाक है और ईरान कोशिश करेगा कि 'वहां किसी भी आबादी वाले इलाके पर हमला न किया जाए।

### भारत का टैंकर यूएई के फुजैराह से तेल भरने के बाद सुरक्षित निकला

नई दिल्ली। तेल टर्मिनल पर हमले के बावजूद यूएई के फुजैराह से तेल भरने के बाद भारतीय ध्वज वाला कच्चे तेल का एक टैंकर सुरक्षित निकल गया है। सरकार ने रविवार एक अद्यतन सूचना में कहा कि वह पश्चिम एशिया में स्थिति पर करीब से नजर रख रही है और स्थिर ईंधन आपूर्ति और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। जग लाडकी नाम का यह जहाज, जिसमें लगभग 80,800 टन मुरबन कच्चा तेल है, फुजैराह से भारतीय समय के अनुसार 10 .30 बजे निकला और इस पर सवार सभी सदस्य सुरक्षित हैं, और अब यह भारत के लिए रवाना हो गया है। 'जग लाडकी' चौथा भारतीय ध्वजवाहक जहाज है जो युद्ध क्षेत्र से बिना किसी नुकसान के बाहर निकला है।

## ब्रीफ न्यूज

### रैपर बादशाह को जान से मारने की धमकी, 'टटीरी' पर विवाद बढ़ा

**चंडीगढ़।** लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कथित सहयोगियों से जुड़ी एक अपुष्ट पोस्ट रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आई, जिसमें रैपर-संगीतकार बादशाह को जान से मारने की धमकी दी गई है। बादशाह के नाम से लोकप्रिय आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया अपने नए हरियाणवी गीत 'टटीरी' के जारी होने के बाद विवादों में घिर गए हैं। गीत के अश्लील बोल और अनुचित दृश्यों को लेकर उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है और राज्य महिला आयोग ने उन्हें तलब किया है। फेसबुक पर सामने आई कथित पोस्ट में आरोप लगाया गया कि रैपर ने हरियाणा की संस्कृति को खराब करने की कोशिश की है।

### करूर भगदड़ : सीबीआई ने टीवीके के प्रमुख विजय से सात घंटे पूछताछ की

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पिछले साल तमिलनाडु के करूर में टीवीके की रैली के दौरान भगदड़ मचने से 41 लोगों की मौत के मामले में रविवार को यहां अपने मुख्यालय में पार्टी के प्रमुख और अभिनेता विजय से सात घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि विजय पूछताछ और अन्य संबंधित औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शाम करीब छह बजे एजेंसी के मुख्यालय से रवाना हुए। विजय से तीसरी बार पूछताछ की गई है।

## इच्छामृत्युः हरीश का लाइफ सपोर्ट हटाने की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट के इच्छामृत्यु के फैसले के बाद गाजियाबाद के हरीश राणा को शनिवार को एम्स में शिफ्ट किया गया है। जहां उन्हें पैलिएटिव केयर विभाग में रखा गया है। एम्स के डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है।

सूत्रों का कहना है कि हरीश का लाइफ सपोर्ट हटाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। हरीश को पैलिएटिव केयर विभाग में भर्ती करने के बाद डॉक्टरों की टीम ने उनके हेल्थ का परीक्षण करना शुरू कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि इस विभाग में हरीश का पेन मैनेजमेंट किया जाएगा। साथ ही उन्हें कोई भी लाइफ सपोर्ट नहीं दिया जाएगा। धीरे-धीरे लाइफ सपोर्ट को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। एक्सपर्ट



- इच्छा मृत्यु के लिए एम्स के पैलिएटिव केयर में किया गया शिफ्ट

के अनुसार, इस तरह के मामले में पहले कमिटी मरीज का असेसमेंट किया जाता है।

उसके दर्द को कंट्रोल करेगी, ताकि मरीज को किसी भी प्रकार का दर्द न हो। इसलिए इस प्रोसेस में थोड़ा समय लगने की संभावना है। ऐसा नहीं है कि मरीज एडमिट होगा और दूसरे दिन पैसिव यूथेनेशिया दिया जाएगा।

## नेपाल में भारतीय तीर्थयात्रियों की बस खाई में गिरी, 7 लोगों की मौत

- मनोकामना मंदिर से दर्शन कर लौटते समय हादसा, 7 घायल

**काठमांडू।** नेपाल में भारतीय तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक यात्री बस खाई में गिर गई, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। यह घटना शनिवार को नेपाल के गंडकी प्रांत में हुई। पुलिस के अनुसार, बस मनकामना मंदिर से लौट रही थी तभी गोरखा जिले में सड़क से नीचे गिर गई।

गोरखा जिले के जिला यातायात पुलिस कार्यालय के प्रमुख सूरज आर्यल ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं और ये सभी भारतीय नागरिक हैं। जिला पुलिस कार्यालय प्रमुख भरत बहादुर बीके के अनुसार, पीड़ितों की पहचान मुथु कुमार (58), अनामलिक (58), मीनाक्षी (59), शिवगामी (53), विजयल (57), मीना (58) और तमिलारसी (60) के रूप में की गई है। सात अन्य घायल यात्रियों को बचा लिया गया है और उनका आंबुखैरेनी के एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक बस का चालक बाल-बाल बच गया, जबकि सहायक घायल हो गया।

## गंगा किनारे अतिक्रमण पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित, केंद्र से रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शीर्ष कोर्ट ने केंद्र को गंगा नदी के किनारों और बाढ़ के मैदानी क्षेत्रों में अवैध निर्माणों पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने और अतिक्रमण हटाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार से गंगा के पुनर्जीवन, संरक्षण और प्रबंधन संबंधी अधिसूचना के कार्यान्वयन और क्रियान्वयन के लिए अब तक उठाए गए कदमों को रिकॉर्ड पर रखने को कहा। कोर्ट ने कहा, उपरोक्त अधिसूचना के बेहतर व प्रभावी कार्यान्वयन में प्राधिकरण (स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन प्राधिकरण) के सामने कौन-कौन सी बाधाएं या रुकावटें आ रही हैं? पीठ ने कहा, उपर्युक्त सभी राज्यों से होकर बहने वाली गंगा नदी की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि नदी के मैदानी क्षेत्र और किनारे सभी प्रकार के अतिक्रमणों से मुक्त हों, प्राधिकरण क्या कदम उठाने का इरादा रखता है?

## पश्चिम बंगाल-तमिलनाडु व असम समेत 5 राज्यों में चुनाव घोषित, नतीजे 4 मई को

- तमिलनाडु में 23 अप्रैल, असम और केरल-पुडुचेरी में 9 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने रविवार को पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की। सभी राज्यों में मतगणना 4 मई को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बंगाल में दो चरण में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को मतदान होगा। कुमार ने बताया कि केरल, असम और पुडुचेरी के लिए नौ अप्रैल को एक चरण में मतदान होगा।

उन्होंने बताया कि चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 824 सीटों पर मतगणना चार मई को होगी। चुनाव हिंसा या प्रलोभन से मुक्त होने चाहिए और आयोग किसी भी उल्लंघन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। कुमार के साथ दो निर्वाचन आयुक्त - सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी मौजूद थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, शुद्ध मतदाता सूची हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है, किसी भी पात्र मतदाता को हटाया नहीं जाना चाहिए और किसी भी अपात्र मतदाता को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। वहीं, गोवा, कर्नाटक, नगालैंड, त्रिपुरा की पांच सीटों पर उपचुनाव 9 अप्रैल को होंगे जबकि गुजरात व महाराष्ट्र की तीन सीटों पर 23 अप्रैल को उपचुनाव होंगे।

## कई जिलों में तेज आंधी-बारिश बिजली गिरने से 2 की गई जान



बरेली के मीरगंज में आंधी-बारिश के बाद बिछी गेहूं की फसल।

- 35 जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी, फसलों के नुकसान की चिंता
- हाथरस में बारिश के दौरान एक कोल्ड स्टोरेज की दीवार गिरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या समेत करीब 15 शहरों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई, जबकि लखनऊ और आसपास के इलाकों में बूंदाबांदी के साथ आंधी चली। मौसम में आए इस बदलाव के बीच आकाशीय बिजली गिरने से सीतापुर और हरदोई में दो लोगों की मौत हो गई। सीतापुर के बिसवां क्षेत्र के झउवा खुर्द गांव में घर के बाहर पेड़ के नीचे बैठी दो महिलाओं पर बिजली गिर गई। इसमें 55 वर्षीय विमला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला गंभीर रूप से झुलस गई।

वहीं हरदोई के अरवल क्षेत्र के खैरुद्दीनपुर गांव में खेत में काम कर रहे किसान अवधेश सिंह पर बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई और उनके दो बेटे झुलस गए। हाथरस में बारिश के दौरान एक कोल्ड स्टोरेज की दीवार गिर गई, जिससे अंदर रखी करीब 10 हजार बोरी आलू मलबे में दब गईं। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। मौसम विभाग ने प्रदेश के 35 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और कई जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। सोमवार को वाराणसी, प्रतापगढ़ समेत 40 से अधिक जिलों में बादलों की आवाजाही, बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना जताई गई है। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ से अगले 48 घंटे तक प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला रहेगा।

### योगी ने पश्चिमी यूपी में बारिश से फसल नुकसान की रिपोर्ट मांगी

मुख्यमंत्री योगी ने रविवार सुबह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हुई वर्षा के बाद किसानों की फसलों को संभावित नुकसान की जानकारी भी ली। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे फील्ड में जाकर किसानों से संवाद करें और फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आकलन सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि राहत आयुक्त फील्ड के अधिकारियों से सीधा समन्वय बनाए रखें और नुकसान का आकलन प्राप्त होने के बाद समयबद्ध तरीके से मुआवजा वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत मिल सके।

## आस्था-जाति व संप्रदाय पर अमर्यादित टिप्पणी स्वीकार नहीं : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी ने यूपी पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र से जुड़े विवाद पर सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि कि किसी भी व्यक्ति, जाति, पंथ या संप्रदाय की आस्था से जुड़े विषयों पर अमर्यादित टिप्पणी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।

योगी ने प्रश्नपत्र के एक सवाल में अवसर के अनुसार बदल जाने वाले विकल्प में पंडित शब्द देने के मामले का संज्ञान लेते हुए रविवार को राजस्थान रवाना होने से पहले उच्चाधिकारी की बैठक की। सभी भर्ती बोर्डों के चेयरपर्सन को निर्देश दिया है कि प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया में विशेष सावधानी बरती जाए। उन्होंने कहा, पेपर सेटर्स को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाए कि ऐसी कोई भी सामग्री प्रश्नपत्र में शामिल न हो, जिससे किसी की धार्मिक या सामाजिक भावनाएं आहत हों। योगी ने कहा कि जिन पेपर सेटर्स का इस प्रकार के विवादित प्रश्नों से जुड़ा रिकॉर्ड रहा है, उन्हें तत्काल प्रतिबंधित (ब्लैकलिस्ट) किया जाए। साथ ही यह प्रावधान पेपर सेटर्स के साथ किए जाने वाले एमओयू का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### प्रमुख निर्देश

- भर्ती परीक्षाओं में आस्था से जुड़े विषयों पर अमर्यादित टिप्पणी पूरी तरह प्रतिबंधित
- सभी भर्ती बोर्ड पेपर सेटर्स को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करें
- विवादित प्रश्न बनाने वाले हैबिचुअल ऑफेंडर्स को तत्काल ब्लैकलिस्ट किया जाए
- प्रावधान को पेपर सेटर्स के एमओयू में शामिल किया जाए




न्यूज ब्रीफ

### 50 हजार का इनामी डकैत गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने डकैती और लूट के मामले में फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अयोध्या के पूराकलंदर इलाके से पकड़ा गया। उसके खिलाफ दो वर्ष पूर्व डकैती व लूट का मामला दर्ज था। तभी से फरार चल रहा था। एसटीएफ के डिप्टीएसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी प्रखर रावत उर्फ प्रखर कुमार उर्फ टेनिस है। उसे टीम ने जनौरा स्थित भीमसेन पैलेस के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी पूराकलंदर के पुरवा टोनिया, पोस्ट डाभासेमर का रहने वाला है। एसटीएफ अधिकारियों के अनुसार, पूराकलंदर इलाके में 2025 में हुए लूट और डकैती से जुड़े मामले में आरोपी की तलाश की जा रही थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि करीब चार वर्ष पहले वह नशे का आदी हो गया। पैसों की कमी होने पर दोस्तों के साथ चोरी और लूट की घटनाओं में शामिल होने लगा।


प्रखर रावत

### इनामी गैंगस्टर को एसटीएफ ने दबोचा

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने शनिवार देर रात को 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। वह तीन वर्ष से फरार चल रहा था। एसटीएफ ने यह कार्रवाई कानपुर-इटावा हाइवे स्थित कानपुर देहात के रनिया इलाके में की। आरोपी के खिलाफ चंदौली में गोवध निवारण अधिनियम का मामला दर्ज है। एसटीएफ के एएसपी लाल प्रताप सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी कौसर अली उर्फ पहू कौशांबी के कोखराज स्थित पुरानी बाजार भरवारी का रहने वाला है। उसके खिलाफ चंदौली के सैयदराजा थाने में 2023 में गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का मामला दर्ज है। एसटीएफ की टीम को सूचना मिली कि कौसर अली नेशनल हाइवे-2 पर रनिया स्थित एडविल्स प्रा. लि. मयूर बनस्पति मिल के पास मौजूद था। टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका एक गिरोह है, जो यूपी, हरियाणा, पंजाब और बिहार से गोवंशीय पशुओं की तस्करी कर असम और पश्चिम बंगाल भेजता है। वर्ष 2023 में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद वह बिहार, हरियाणा, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद में छिपकर रह रहा था। उसके खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी था। उसके खिलाफ कुर्की की भी कार्रवाई की जा चुकी है।


कौसर अली

### सरस महोत्सव में महिलाओं को सौंपे चेक

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज में आयोजित 'सरस महोत्सव' के दूसरे दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को करोड़ों रुपये के चेक वितरित किए और उनके स्टालों का निरीक्षण कर उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। महोत्सव में उप मुख्यमंत्री ने रविवार को विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार गरीब, किसान और महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है और ऐसे आयोजन स्थानीय हुनर को मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान सांसद विनोद कुमार विंद सूंम समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# देश की नींव कमजोर कर रही जाति की राजनीति: योगी

## चित्तौड़गढ़ में आयोजित 'जौहर श्रद्धांजलि समारोह' में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कहा- मेरे दादा गुरु इसी भूमि से गए थे गोरखपुर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जातिवाद फैलाने वालों को चित्तौड़गढ़ की धरती से आगाह किया कि जातिवाद की राजनीति भारत की नींव को कमजोर कर रही है। बांटने की राजनीति फिर से गुलामी की तरफ धकेल रही है। इससे बचने के लिए हमें एकजुटता के भाव से बढ़ना होगा।

राजस्थान के चित्तौड़गढ़ किले में रविवार को आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह में हवन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया। उन्होंने पंजाब के पूर्व राज्यपाल वीपी सिंह की पुस्तक का विमोचन भी किया। जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियां सुनाईं कि, "मूल जानना बड़ा कठिन है नदियों का-वीरों का, धनुष छोड़कर और गोत्र क्या होता रणधीरों का। पाते हैं सम्मान तपोबल से भूतल पर शूर, जाति-जाति का शोर मचाते केवल कायर, क्रूर।" मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन्हें कुछ नहीं करना है, वे जातिवाद के आधार पर सामाजिक एकता को छिन्न-भिन्न करने का पाप कर रहे हैं। जातिवाद ने समाज की नींव को दरका दिया था, इसलिए देश कमजोर हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरभूमि चित्तौड़गढ़ को देखकर मुझे यूपी के साहित्यकार श्याम नारायण पांडेय की रचना हल्दीघाटी की पंक्तियां याद आती हैं – "एकलिंग का आसन है, इस पर न किसी का शासन है..."। खिलजी के नाम पर भारत में आज कोई नमूना दिखाई नहीं देता। बाबर, औरंगजेब और अकबर के खानदान का अतापता नहीं है, लेकिन महाराणा प्रताप की वंशावली महाराजा साहब मंच पर उपस्थित हैं।

- बाबर, औरंगजेब और अकबर के खानदान का पता नहीं, महाराणा के वंशज मंच पर

### नेताजी होते तो पापी पाकिस्तान नहीं होता

सीएम योगी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आह्वान किया था कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नेताजी होते तो पापी पाकिस्तान भी नहीं होता। उनका आह्वान भारत की अस्मिता, आजादी और नौजवानों के लिए था।


चित्तौड़गढ़ किले में आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह में हवन-पूजन करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य। अमृत विचार

### किसी बेटी-बहन को उस दौर से न गुजरना पड़े

योगी ने कहा कि यह श्रद्धांजलि समारोह प्रेरित कर रहा है कि आने वाले समय में किसी बेटी-बहन को उस दौर से न गुजरना पड़े। 1303, 1535 और 1568 में तीन बड़े जौहर यहां देखने को मिले। शत्रु हमेशा धोखे से ही वीरों का मुकाबला कर पाए। आमने-सामने की लड़ाई में वे कहीं नहीं टिके। माता सीता ने धरती मां से कहा था कि अगर मेरा सतीत्व अखंड है तो मुझे अपनी गोद में समाहित करो। माता सीता का जो संकल्प था, वही संकल्प धर्म जौहर के नाम पर महारानी पद्मिनी ने यहां दिखाया था। यह संकल्प नारी गरिमा का प्रतीक था। यह भारत माता को विधर्मियों से मुक्त करने का संकल्प था।

रानी पद्मिनी की वंशावली सैकड़ों वर्ष बाद आज भी है। सनातन की मर्यादा सदैव अमर है और रहेगी।


बच्चे के साथ सेल्फी लेते मुख्यमंत्री योगी।

### ... और पूरी हो गई स्कूली बच्चे की इच्छा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजस्थान के जालौर स्थित श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में पढ़ने वाले एक बच्चे की इच्छा रविवार को पूरी हो गई। सेल्फी लेने की कोशिश कर रहे बच्चे को मंच पर बुलाया और उसके मोबाइल से सेल्फी ली। वह श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित नवीन भवन के अवलोकन कार्यक्रम में थे। यहां पढ़ने वाला एक बच्चा विद्यालय के कणिया गिरि मंच के नीचे खड़ा होकर मुख्यमंत्री के फ्रेम में बार-बार सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था। यह देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उस बच्चे को मंच पर बुला लिया।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियों से खूब मचाया धमाल

आयोजन

संवाददाता संग्रामगढ़, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** सम्यक ग्लोबल एकेडमी नौढ़िया के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियों से जमकर धमाल मचाया। मुख्य अतिथि संयुक्त अधिवक्ता संघ अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र,विशिष्ट अतिथि राजस्व निरीक्षक धर्मराज ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति से लोगों का मनमोह किया। विज्ञान,कला के क्षेत्र में विकास साहू,सार्थक शुक्ल, पीयूष तिवारी,आलोक गुप्ता, मयंक उपाध्याय ने प्रदर्शनी से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि देवी प्रसाद मिश्र ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक आलोक शुक्ल एवं संचालन प्रधानाध्यापक प्रदीप शर्मा ने किया। इस अवसर पर रामबाबू मिश्र, आशीष तिवारी, अभय प्रताप सिंह, राघवेन्द्र त्रिपाठी, भालेन्द्र भाल तिवारी, सुनील कनौजिया तथा संजय पांडेय समेत कई लोग मौजूद रहे।


सम्यक ग्लोबल एकेडमी में प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथिगण। अमृत विचार

### शौच गए बालक की नाले में डूबने से मौत

**कुंडा, प्रतापगढ़ :** : कुंडा कोतवाली क्षेत्र के सुखई का पुरवा वजीरपुर गांव निवासी जलकेश सरोज परिवार के जीविकोपार्जन को ईंट भट्ठे पर काम करते हैं। घर पर जलकेश की पत्नी माधुरी 10 वर्षीय बेटे रौनक सरोज, सात वर्षीय बेटी लाडो के साथ रहती है। रौनक गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार का छात्र था। रविवार को करीब तीन बजे रौनक पड़ोस के तीन बच्चों के साथ शौच को गया। शौच के बाद नाले में अचानक पैर फिसलने से वह पानी में गिरकर डूबने लगा। रौनक को डूबते देख साथ रहे बच्चे शोर मचाते हुए घर पहुंचे तो परिजनों को जानकारी हुई। परिजनों के मौके पर पहुंचकर पानी से बाहर निकालने तक वह अचेत हो चुका था। घबराए परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इमरजेंसी में रहे डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि सीएचसी आने तक रौनक की मौत हो चुकी थी। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

# एक दूजे के हुए 101 जोड़े, राजा भैया ने की बारात की अगवानी

सामूहिक विवाह

संवाददाता कुंडा, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** योगीराज देवरहा बाबा चैरिटेबल ट्रस्ट व राजा भैया यूथ ब्रिगेड के तत्वावधान में बजरंग महाविद्यालय में आयोजित सामूहिक विवाह में 101 जोड़े एक दूजे के हुए। राजा भैया व गोपाल बारातियों का स्वागत किया। भगवन तिराहा पर नगर पंचायत अध्यक्ष पति शिवकुमार तिवारी के नेतृत्व में बारातियों जलपान कराया गया। मेन चौराहा होते हुए बारात बजरंग महाविद्याल पहुंची। जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया, एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल, बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने बारातियों की अगवानी की। मंडप में सभी जोड़ो ने अग्नि के समक्ष फेरे लिए। राजा भैया के ओर से साइकिल, आलमारी, बेड, बक्शा, कुर्सी समेत कई उपहार भी दिए गए। इस मौके पर डॉ. कैलाश नाथ ओझा, शिवराज प्रताप सिंह, बृजराज प्रताप सिंह, हरिओम शंकर श्रीवास्तव, डॉ. बृजेश सिंह राजावत, कुलदीप पटेल, संतोष सिंह, उमाशंकर यादव आदि रहे।


कुंडा में आयोजित सामूहिक विवाह में शामिल जोड़े। अमृत विचार

# फूड लाइसेंस के नवीनीकरण की बाध्यता खत्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** खाद्य कारोबारियों, स्ट्रीट फूड विक्रेताओं और छोटे व्यापारियों को राहत देते हुए खाद्य लाइसेंस और पंजीकरण के नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। नए प्रावधानों के तहत अब हर साल खाद्य लाइसेंस का नवीनीकरण कराना अनिवार्य नहीं होगा। नियमों का गजट प्रकाशन हो चुका है और इन्हें एक अप्रैल से लागू किया जाएगा।

नए नियमों के अनुसार, नगर निगम या स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण एवं पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 के तहत पंजीकृत ठेले-खोमचे और फेरीवाले स्वतः ही एफएसएसएआई में पंजीकृत माने जाएंगे। इससे छोटे दुकानदारों और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को दोबारा पंजीकरण कराने और लंबी कागजी प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हालांकि सभी खाद्य कारोबारियों के लिए स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा से जुड़े मानकों का पालन करना अनिवार्य रहेगा। नए प्रावधानों के तहत छोटे खुदरा विक्रेता, स्ट्रीट फूड विक्रेता, अस्थायी स्टॉल संचालक, फूड ट्रक संचालक और कुटीर स्तर के खाद्य उद्योग भी इस व्यवस्था में शामिल होंगे। जरूरी दस्तावेज पूरे होने पर अब पंजीकरण प्रमाणपत्र तुरंत जारी किया जा सकेगा। यदि कोई कारोबारी वार्षिक शुल्क या खाद्य सुरक्षा अनुपालन से जुड़ा रिटर्न जमा नहीं करता है तो उसका लाइसेंस या पंजीकरण स्वतः निलंबित माना जाएगा। इसके अलावा खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण अब जोखिम आधारित प्रणाली के तहत किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर थर्ड पार्टी से फूड सेफ्टी ऑडिट भी कराया जा सकेगा। पहले 12 लाख रुपये सालाना टर्नओवर तक के कारोबारियों को पंजीकरण मिलता था, जिसे बढ़ाकर अब 1.5 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसी तरह पहले 5 करोड़ तक के कारोबारियों को राज्य स्तर से लाइसेंस मिलता था और इससे अधिक टर्नओवर पर केंद्र से लाइसेंस लेना पड़ता था। अब यह सीमा बढ़ाकर 50 करोड़ कर दी गई है।

# बीसी सखी योजना में देश में अव्वल रहा यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और गांवों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने में उत्तर प्रदेश की बीसी सखी योजना देश में पहले स्थान पर पहुंच गई है।

उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त मिशन निदेशक जन्मेजय शुक्ला के अनुसार, प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी करीब 40 हजार महिलाएं गांवों में बिजनेस कॉरेस्पांडेंट सखी (बीसी सखी) के रूप में कार्य कर रही हैं। ये महिलाएं माइक्रो एटीएम और डिजिटल उपकरणों के माध्यम से कैश निकासी, जमा, आधार आधारित भुगतान और अन्य बैंकिंग सेवाएं ग्रामीणों तक पहुंचा रही हैं। इस योजना के माध्यम से अधिकांश बीसी सखियां औसतन 10 से 15 हजार रुपये मासिक आय अर्जित कर रही हैं। कई महिलाएं कमीशन के जरिए 40 से 50 हजार रुपये तक कमा रही हैं। इससे ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आर्थिक सशक्तीकरण का नया अध्याय जुड़ रहा है। बीसी सखी योजना में प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को गांवों में तैनात किया जाता है, जिससे ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाएं घर के पास ही उपलब्ध हो रही हैं।

### बाबागंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत उतरार से गोगहर तक सड़क निर्माण को मिली स्वीकृति, लोगों में हर्ष

**कुंडा, प्रतापगढ़ अमृत विचार :** बाबागंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत उतरार को गोगहर वार्ड से जोड़ने वाली सड़क के निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा। जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया के प्रयास एवं बाबागंज विधायक विनोद सरोज के प्रस्ताव से इस सड़क के निर्माण को मंजूरी मिली है। लोक निर्माण विभाग ने करीब 61 लाख रुपये की लागत से 1300 मीटर लंबी सड़क के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की है। उतरार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज विनोद यादव दो वर्ष से उक्त मार्ग को पक्की सड़क के रूप में परिवर्तित कराने के लिए प्रयासरत रहे। मार्ग स्वीकृति की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव, पूर्व बीडीसी राम सुमेर पाल, बीडीसी घनश्याम सरोज, बीडीसी शिव बहादुर सरोज, परमेश्वर यादव, केशलाल मौर्य, अमित मौर्य, विकास सरोज, धीरेन्द्र यादव, जगदीश सरोज, संजय गौतम, अनिल सरोज, अतीश शुक्ल आदि ने खुशी व्यक्त की है।

# बहुजन समाज के लिए कांशीराम ने जीवन भर किया संघर्ष : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा ने प्रदेशभर में मनाई कांशीराम की 92वीं जयंती

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर रविवार को सपा कार्यालयों में बहुजन नेता कांशीराम की 92वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जारी संदेश में कहा कि कांशीराम एक प्रमुख भारतीय राजनेता और समाज सुधारक थे, जिन्होंने बहुजन समाज को सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया।


सपा मुख्यालय पर कांशीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते पार्टी नेता।

सपा प्रमुख ने रविवार को कहा कि 1971 में बामसेफ और 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना कर दलित समाज में आत्मसम्मान की भावना जगाई और उन्हें राजनीति में सम्मानजनक भागीदारी दिलाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि कांशीराम और मुलायम सिंह यादव के बीच 1991 में हुए गठबंधन से राज्य में साझा सरकार बनी थी।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

पत्रांकः– 1104/98काम–गो0वृ0/25–26 दिनांक 09.03 2026

ई–निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्षाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है ।

| क्र0 सं0 | जनपद/खण्ड/विधान साभ का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में) | धरोहर धनराषि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| वित्तीय वर्ष 2025–26 में नव निर्माण का कार्य (विधानसभा क्षेत्र कटराबाजार) | | | | | | | |
| 1 | गोण्डा/निर्माण खण्ड–2 | कटरा सर्वांगपुर मार्ग से वीरपुर गंगादीनपुरवा से होलापुरवा पण्डितपुरवा होते हुए कटरा लालपुर मार्ग तक सम्पर्क मार्ग। | 73.60 | 5.70 | 2600.00 | 12 माह | ए,बी |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट– http://etender.up.nic.in पर दिनांक 18.03.2026 से 27.03.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 27.03.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 27.03.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/षर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई–टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ़्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 27.03.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई–पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा ।

(विनोद कुमार त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, गोण्डा

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

UP - 248123 दिनांकः 13/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैने अपना नाम PRADEEPKUMAR NAGESHWARPRASAD SRIVASTAVA से बदलकर PRADEEP KUMAR SRIVASTAVA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-NAGESHWAR PRASAD SRIVASTAVA ADD-N-432, SECTOR-N, ASHIYANA KANPUR ROAD LDA COLONYDIST-LUCKNOW-226012(U.P.)

**सूचना**
मैने अपना नाम MAMTA PRADEEPKUMAR SRIVASTAVA से बदलकर MAMTA SRIVASTAVA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-PRADEEPKUMAR SRIVASTAVA ADD-N-432, SECTOR-N, ASHIYANA KANPUR ROAD LDA COLONY DIST-LUCKNOW-226012 (U.P.)

**सूचना**
मैने अपना नाम PARVEZ QURAISHI से बदलकर MOHD PARVEZ QURESHI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SAED QURAISHI ADD-562, BUCHAD MOHAL, SADAR BAZAR, O, CANTT, DILKUSHA DIST-LUCKNOW-226002(U.P.)

**सूचना**
मेरा नाम जगदेवी व सुमन दोनों है। मेरे पति राजकुमार की मृत्यु हो चुकी है। मेरा परिवार पूर्व में ग्राम हरिगंवा में निवास करता था, वर्तमान में ग्राम पाल्हापुर में निवास करता है। मुझे जगदेवी व सुमन दोनों नाम से जाना जाए। **जगदेवी पत्नी राजकुमार ग्राम पाल्हापुर करनैलगंज गोंडा**

**सूचना**
मैं MERAJ पुत्र श्री ASLAM, निवासी ग्राम व पो0–अभोली, भदोही, उ0प्र0, अपना नाम बदलकर MERAJ ALI रख लिया है, अतः आज से मुझे MERAJ ALI के नाम से जाना पहचाना और लिखा जाये।

**सूचना**
मैं SAMEER पुत्र श्री SALIM KHAN, निवासी ग्राम व पो0–मुस्तफाबाद, थाना–हसनगंज, उन्नाव, उ0प्र0, अपना नाम बदलकर SAMEER KHAN रख लिया है, अतः आज से मुझे SAMEER KHAN के नाम से जाना पहचाना और लिखा जाये।



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
क्षेत्रीय कार्यालय - ग्राउण्ड फ्लोर 436 अतरदीप काम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या, उ.प्र.-224001

**कब्जा सूचना (नियम 8(1) के तहत अचल सम्पत्ति हेतु**

जहाँ कि, अधोहस्ताक्षरीने, जो कि प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पुर्नगठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया उत्तर प्रदेश के प्राधिकृत अधिकारी है तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 (अधिनियम सं. 2002 का 54) के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणकर्ता/जमानतकर्ता के खाते के सामने उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकाने की माँग सूचना जारी किया था। जिसमें कि उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकाने की मांग की गई थी। चूंकि ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस सूचना में वर्णित राशि को चुकाने में असमर्थ रहा है। एतद् द्वारा ऋणकर्ता जमानतकर्ता एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्तियों पर इस दिन (नीचे दिये गये ब्यौरे के अनुसार) कब्जा कर लिया है। एतद् द्वारा ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस को विशेषतः और जनता को साधारणतः सूचित किया जाता है, कि इस सम्पत्ति से कोई सरोकार न रखे तथा इस सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार करने पर यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के नियमानुसार उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज का भुगतान करने को बाध्य होगा। ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता है। कब्जे में लिए गए सम्पत्ति का विवरण निम्न है–

| ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/बंधककर्ता का नाम एवं पता | प्रभारित/बंधक/दृष्टिबंधक की गई परिसम्पत्ति (परिसम्पत्ति से संबंधित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) विवरण | डिमाण्ड नोटिस की तिथि / कब्जा की तिथि / 13 (2) के नोटिस के अनुसार कुल बकाया धनराशि |
|---|---|---|
| **शाखा - फतेहपुर शाखा (58070)** | | |
| **उधारकर्ता : मेसर्स लक्ष्मी मेडिकल स्टोर,** मौहल्ला काजीपुर नगर पंचायत फ़तेहपुर बाराबंकी यू.पी.225305 प्रो. श्री विकल्प शर्मा पुत्र अनिल कुमार शर्मा निवासी मोहल्ला पचघरा कस्बा, परगना एवं तहसील फ़तेहपुर, जिला–बाराबंकी, उत्तर प्रदेश–225305 **ज़मानतकर्ता व बंधककर्ता: श्रीमती पुष्पा शर्मा** उर्फ रेखा शर्मा पत्नी अनिल कुमार शर्मा मोहल्ला पचघरा, कस्बा, परगना एवं तहसील फ़तेहपुर, जिला–बाराबंकी, उ.प्र.– 225305 | चल संपत्ति का विवरण :आवासीय प्लॉट/मकान संख्या 466, जिसका क्षेत्रफल 1259.25 वर्ग फुट (अर्थात् 117.03 वर्ग मीटर) है, जो मोहल्ला पचघरा, वार्ड संख्या 06, परगना एवं तहसील फतेहपुर, जिला–बाराबंकी, (उ.प्र.) में स्थित है। संपत्ति स्वामीः श्रीमती पुष्पा शर्मा (उर्फ रेखा शर्मा), पत्नी श्री अनिल कुमार शर्मा, दस्तावेज़ (डीड) का विवरणः बही संख्या 1, जिल्द संख्या 2867, पृष्ठ संख्या 143 से 182 तक, डीड संख्या 32/2013, दिनांक 02–01–2013, उप–निबंधक फतेहपुर, जिला बाराबंकी **संपत्ति की सीमाएँ (दस्तावेज़ के अनुसार प्लॉट/मकान संख्या 466) :** पूर्व–श्री चंद्र प्रकाश शर्मा आदि का मकान, पश्चिम–खड़ंजा मार्ग, उत्तर–श्री सुशील आदि का मकान, दक्षिण–श्री संकेत शर्मा का प्लॉट | 29.12.2025 / 12.03.2026 / ₹ 10,95,510.00 + दिनांक 01.12.2025 से ब्याज व अन्य खर्चे |
| **शाखा - फतेहपुर शाखा (58070)** | | |
| **उधारकर्ता : मेसर्स जयसवाल ट्रेडर्स,** प्रो – श्री संतोष कुमार पुत्र श्री शिव नंदन दोनों निवासी जोशी टोला, काजीपुर, फ़तेहपुर–225305 **ज़मानतकर्ता व बंधककर्ता (1) श्रीमती रजनी** पत्नी श्री संतोष कुमार, निवासी मोहल्ला काजीपुर, फ़तेहपुर बाराबंकी **(2) श्री अमर सिंह** पुत्र श्री संभू दयाल, निवासी बन्नी रोशनपुर, खांसी सराय फ़तेहपुर, बाराबंकी–225305 | **संपत्ति 1** आवासीय मकान/संपत्ति का पूरा हिस्सा, खसरा संख्या 2812 (अंश), क्षेत्रफल – 950 वर्ग फुट (यानी 88.257 वर्ग मीटर), ग्राम – बाराबंकी (शहरी), नगर पालिका परिषद नवाबगंज की सीमा के भीतर, परगना व जिला–बाराबंकी, स्वामित्व–श्रीमती रजनी, पत्नी श्री संतोष कुमार। दस्तावेज़ (डीड) विवरण–बही संख्या 1, जिल्द संख्या 10010, पृष्ठ संख्या 67 से 94, दस्तावेज़ संख्या 16092, दिनांक 09–09–2016, SRO बाराबंकी में पंजीकृत **सीमाएँ (विक्रय विलेख सेल डीड के अनुसार) :** उत्तर – विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण – विक्रेता का प्लॉट , पूर्व – कच्चा रास्ता (19 फुट चौड़ा), पश्चिम – विक्रेता का प्लॉट **संपत्ति 2** आवासीय प्लॉट/मकान का हिस्सा (खसरा संख्या 1329 का भाग), क्षेत्रफल – 996 वर्ग फुट (यानी 92.56 वर्ग मीटर), स्थित – मोहल्ला काजीपुर, वार्ड–07, ग्राम – फतेहपुर (खास), मोहल्ला नालापार दक्षिणी, परगना एवं तहसील – फतेहपुर, जिला – बाराबंकी। स्वामित्व–श्री अमर सिंह, पुत्र शंभू दयाल दस्तावेज़ (डीड) विवरणः बही संख्या 1, जिल्द संख्या 5884, पृष्ठ संख्या 43 से 62, दस्तावेज़ संख्या 1659, दिनांक 25–02–2021, उप–पंजीयक (सब रजिस्ट्रार) फतेहपुर, जिला बाराबंकी। **सीमाएँ: विक्रय विलेख (सेल डीड के अनुसार) :** उत्तर – सरोज कुमारी की भूमि, दक्षिण – सड़क (15 फुट चौड़ी), पूर्व – विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम – मौसी सिंह का प्लॉट | 14.11.2024 / 12.03.2026 / ₹ 15,86,982.57 + दिनांक 01.10.2024 से ब्याज व अन्य खर्चे |

दिनांक : 16.03.2026 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी : यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

# 30 तक पूरा होगा निर्माण : जीएम

## उत्तर रेलवे के जीएम ने बाराबंकी स्टेशन पर हो रहे कार्यों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक राजेश कुमार पांडे रविवार को बाराबंकी रेलवे स्टेशन पहुंचे और यहां पर अमृत भारत योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। कहा कि इस माह के अंत तक 30 मार्च तक न्यू बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूरा हो जाने की उम्मीद है। जिसके बाद शिफ्टिंग हो जाएगी। उसके बाद आगे के कार्य के लिए पूरानी बिल्डिंग को तोड़ा जाएगा और आगे का कार्य पूरा किया जाएगा।

महाप्रबंधक विशेष ट्रेन से बाराबंकी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर पहुंचे। उनके आने की सूचना पाने के बाद रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, जीआरपी, आरपीएफ पुलिस बल मौजूद रहा। जीएम ने सबसे पहले अमृत भारत योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। प्रस्तावित ओवरब्रिज व दूसरे प्रवेश द्वार का मुआयना किया। इसके बाद स्टेशन पर मौजूद सुविधाओं को भी परखा। जीएम ने जायजा लेने के बाद मौजूद अफसरों के साथ बातचीत की तथा उपलब्ध सुविधाओं व जरूरतों पर चर्चा की। उन्होने बताया कि बाराबंकी स्टेशन का संपूर्ण विकास हो रहा है। अधिकारियो ने बताया है कि 30 मार्च तक स्टेशन के एक हिस्से में शिफ्टिंग व फिनिशिंग के कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। रेलवे स्टेशनों के समुचित विकास को तत्पर है। अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कुछ समस्याओं से अवगत कराए जाने पर उन्होने कहा कि विकास कार्य में सारे कार्य निहित हैं। आमजन की समस्याओं का भी ख्याल रखा जाएगा।



निर्माण कार्यों का जायजा लेते उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक। ● अमृत विचार

# संदिग्ध दशा में वृद्ध की मौत, हत्या की आशंका

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** असंद्रा थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने जमीन विवाद को लेकर हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार रसूलपुर गांव निवासी रामलाल पुत्र भगवादीन यादव (65) घर में अकेले रहते थे और उनकी कोई संतान नहीं थी। बताया जाता है कि उनके भाई परमेश्वर यादव और पांचू यादव के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। यह मामला चकबंदी विभाग रामसनेहीघाट में विचाराधीन बताया जा रहा है। बताया जाता है कि शनिवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में रामलाल की मौत हो गई। रविवार सुबह जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो भतीजे अयोध्या प्रसाद पुत्र परमेश्वर यादव ने पुलिस को सूचना दी और हत्या की आशंका जताई। परिजनों का कहना है कि हाल ही में रुपये के लेनदेन को लेकर भी परिवार में विवाद हुआ था, जिससे संदेह और गहरा गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।

## नवसंवत्सर के अभिनंदन को सजने लगा शहर



धनोखर सरोवर पर बनायी जा रही रंगोली



विद्युत पोलों पर की गयी सजावट।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय नववर्ष ( विक्रम संवत 2083 के अभिनंदन के लिए शहर में तैयारियां जोरों पर हैं। शहर की प्रमुख सड़कों एवं सभी चौराहों की सजावट होने लगी है। नवसंवत्सर महोत्सव की शुरुआत 17 मार्च को नगर पालिका प्रांगण में आयोजित हो रहे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन से होगी। दो दिवसीय आयोजन में 18 मार्च को पौराणिक धनोखर सरोवर में दीपोत्सव एवं भजन संध्या का कार्यक्रम सम्पन्न होगा।कवि सम्मेलन में देश के नामचीन कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। समिति के संयोजक पंकज गुप्ता 'पंकी' ने बताया कि महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। जिला प्रचारक रवि प्रकाश ने रविवार को तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी, सह जिला कार्यवाह पारितोष, अमितेश वर्मा, विभम, संतोष सिंह, पंकज कंवल, विजय आनंद बाजपेई, प्रभात सिंह, अमन वर्मा, मनीष परिहार, विपिन राठौर, नवीन राठौर और आशीष सिंह मौजूद रहे।

# पूर्ण बहुमत से सरकार बनाना लक्ष्य:गोप

- कांशीराम जयंती पर सपा ने मनाया पीडीए दिवस

**बाराबंकी: अमृत विचार :** एलपीएस ऑडिटोरियम में रविवार को कांशीराम के 92वें जन्मदिवस पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा की ओर से पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) दिवस का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने की। मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप ने कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि कांशीराम का उद्देश्य वंचित वर्ग को बराबरी का अधिकार दिलाना था। उसी मिशन को आज सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आगे बढ़ा रहे हैं। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए को पूर्ण बहुमत दिलाकर गरीब, मजलूम, शोषित समाज, अल्पसंख्यक, महिलाओं, किसानों और नौजवानों की सरकार बनाने का लक्ष्य है। इस अवसर पर प्रतापगढ़ से सांसद एवं एलपीएस ग्रुप के मालिक एसपी सिंह, सदर विधायक सुरेश यादव, जैदपुर विधायक गौरव रावत, राष्ट्रीय प्रवक्ता फराजुद्दीन किदवई, पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, पूर्व एमएलसी राजेश यादव 'राजू', चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा, हशमत अली 'गुड्डू' सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप। ● अमृत विचार

# हक की लड़ाई लड़ेगा बहुजन समाज:आजाद

- नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सरकार पर बोला हमला
- बाराबंकी आते समय रास्ते में वाहन पर पत्थर फेंके जाने का किया दावा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भीम आर्मी प्रमुख व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद 'रावण' ने रविवार को बाराबंकी में आयोजित जनसभा में केंद्र व प्रदेश सरकार पर हमला बोला। उन्होंने बहुजन समाज से एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से बदलाव लाने की अपील करते हुए वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने का आह्वान किया।

मजीठा क्षेत्र में कांशीराम की जयंती तथा आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के स्थापना दिवस पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बहुजन समाज अब अपने अधिकारों के लिए लड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि बाराबंकी आते समय रास्ते में उनकी गाड़ी पर कुछ लोगों ने पत्थर फेंके। उन्होंने कहा कि यह पत्थर उन पर नहीं बल्कि सरकार के उन दावों पर हैं, जिनमें प्रदेश में मजबूत कानून व्यवस्था की बात कही जाती है। सांसद ने बाराबंकी सदर विधानसभा सीट पर अपनी पार्टी की दावेदारी भी जताई। उन्होंने कहा कि अब पार्टी प्रदेश में मजबूती से काम कर रही है।



बड़ेल में सभा को संबोधित करते नगीना सांसद चंद्रशेखर। ● अमृत विचार

## रोटरी मंडल अध्यक्ष का किया गया स्वागत



मंडल अध्यक्ष का स्वागत करते क्लब के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रोटरी मंडल 3120 के मंडलाध्यक्ष डॉ. आशुतोष अग्रवाल का अपनी आधिकारिक यात्रा पर पहली बार बाराबंकी आगमन पर रोटरी क्लब के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत समारोह क्लब अध्यक्ष डॉ. राजेश मोहन के आवास पर आयोजित किया गया। पूर्व अध्यक्ष व मीडिया कोऑर्डिनेटर गिरीश अरोड़ा ने बताया कि इस दौरान मंडल अध्यक्ष डॉ. आशुतोष अग्रवाल ने क्लब की गतिविधियों की जानकारी ली। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष डॉ. राजेश मोहन और सचिव डॉ. विमल बैसवार ने वर्तमान सत्र में रोटरी क्लब बाराबंकी द्वारा किए गए सेवा कार्यों का विवरण मंडलाध्यक्ष को प्रस्तुत किया। मंडलाध्यक्ष डॉ. अग्रवाल ने क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर पूर्व मंडलाध्यक्ष के.के. श्रीवास्तव, सह मंडलाध्यक्ष पीयूष सिंह, डीजीआरएच डॉ. सुधीर वर्मा, संस्थापक सदस्य डॉ. रवि आहूजा, अरविंद गुटगुटिया, निवर्तमान अध्यक्ष महाबीर प्रसाद जैन, संजय निगम, सरदार हरपाल सिंह, जयकुमार जैन, मनोज जैन, डॉ. आभा वर्मा, रजनी वर्मा, कुसुम जैन, ममता चंद्रा, सुनील वर्मा, गिरीश अरोड़ा, सरदार रविंद्र सिंह, जागेश अग्रवाल, साधना वर्मा, बबिता बैसवार, जय श्री गुटगुटिया सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच निपटी दरोगा भर्ती परीक्षा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार से शुरू हुई दरोगा भर्ती परीक्षा रविवार को भी दो पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से निपटी।

परीक्षा के लिए अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामियां इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, जमील उर रहमान किदवई इस्लामिया गर्ल्स कॉलेज, जवाहर लाल नेहरू परास्नातक महाविद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सतरिख, राजकीय इंटर कॉलेज जाटा बरौली और राजकीय पालीटेक्निक जहांगीराबाद को केन्द्र बनाया गया था। जहां पर रविवार को भी दो पालियों में परीक्षा हुई। एक अनुमान के मुताबिक बाराबंकी में करीब साढ़े नौ हजार अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी, इनमें अनुपस्थिति का ब्यौरा प्रशासन से नहीं मिल सका। एडीएम निरंकार सिंह ने बताया कि चूंकि बोर्ड स्वयं इस परीक्षा की मानीटरिंग कर रहा था, इसलिए सूचनाएं सीधे अपलोड होती रहीं। उधर अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन प्रवीण कुमार ने परीक्षा के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज व पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर लापता

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** एक किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। इब्राहिमाबाद निवासी रामकुमार यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा सत्यम (14) 13 मार्च की शाम भानपुर कोठी तिराहे गया था। उसने राजकरन की दुकान से 700 रुपये निकाल लिए थे। रामकुमार मौके पर पहुंचे और बेटे से रुपये वापस दिलवाकर उसे ऐसी गलती न करने की हिदायत देकर घर भेज दिया। रामकुमार के अनुसार सत्यम घर से साइकिल लेकर यह कहकर निकला कि वह खेत जा रहा है, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा।



निरीक्षण करते राज्यमंत्री। ● अमृत विचार

## उद्घाटन से पूर्व राज्यमंत्री ने बस स्टेशन का किया निरीक्षण

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** 17 मार्च को प्रस्तावित भिटरिया बस स्टेशन के उद्घाटन से पहले रविवार को राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने बस स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बस स्टेशन परिसर और आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री ने साफ-सफाई, यात्री सुविधाओं और उद्घाटन समारोह की तैयारियों को समय से पूरा कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बस स्टेशन के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी और आवागमन भी सुगम होगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम बाराबंकी डिपो की एआरएम जमीला खातून, बुकिंग लिपिक जेबी सिंह, जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह 'रिंकू', प्रधान संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह, राष्ट्र प्रेमी अंजनी साहू, राम नाथ रावत सहित नगर पंचायत के कई लोग और कर्मचारी मौजूद रहे।

## लापता किशोरी का नहीं चला पता

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** शुक्रवार शाम रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुई बालिका का कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस छानबीन कर रही है। एक मोहल्ले में रहने वाले परिवार की 13 वर्षीया किशोरी शुक्रवार शाम करीब छह बजे घर के बाहर से लापता हो गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शनिवार को किशोरी के चाचा के मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई। शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे आई पहली कॉल के बाद कथित अपहर्ता अब तक चार बार फोन कर चुका है। परिजन व अन्य लोग देर शाम कोतवाली पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया। कोतवाल अभिमन्यु मल्ल के अनुसार टीमें लगातार जुटी हुई हैं।

## राज्यमंत्री को बताईं समस्याएं और मांगें

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अनुदेशकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति की जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने रविवार को राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने अनुदेशकों से जुड़ी समस्याओं और मांगों से मंत्री को अवगत कराया। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने जल्द ही समस्याओं के समाधान के लिए कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर समिति के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ, स्मृति चिह्न व पटका पहनाकर मंत्री को सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान समिति के जिला व ब्लॉक स्तर के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## विवेक का सही उपयोग शिक्षा से ही संभव : पीपी सिंह



अपनी बात रखते संस्था के चेयरमैन पीपी सिंह। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के चेयरमैन पीपी सिंह ने कहा कि विवेक प्रकृति प्रदत्त गुण है और इसका सही उपयोग शिक्षा के माध्यम से ही किया जा सकता है। हमारा उद्देश्य व्यवसाय नहीं बल्कि गुणवत्तापूर्ण व संस्कार युक्त शिक्षा देना है ताकि संस्था में पढ़कर निकले बच्चे गुणों से परिपूर्ण हो सकें। चेयरमैन ने यह बात जयपुरिया स्कूल के बाराबंकी में दस वर्ष पूरे होने के मौके पर संस्था में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। मैनेजिंग डायरेक्टर सुभाष सिंह ने कहा कि हमारी शिक्षा बच्चों में सार्वभौमिक विकास का लक्ष्य रखती है। वाइस प्रेसिडेंट अभिनव सिंह व असिस्टेंट डायरेक्टर केके सिंह ने बताया कि वर्ष 2015 में स्थापित यह विद्यालय शैक्षिक उत्कृष्टता, रचनात्मकता, नैतिक मूल्य और समग्र विकास का अनूठा संगम है। विद्यालय ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां हासिल की हैं। तीरंदाजी क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बनकर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी के रूप में शामिल रहा। जेईई मेंस 2026 में अयांश उत्कर्ष मौर्य ने 99.61 प्रतिशत अंक के साथ जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इसी सत्र से प्री प्राइमरी के लिए पूर्ण वातानुकूलित ब्लाक प्रस्तावित है। प्रधानाचार्या मितुषी नेगी ने आभार जताया।

# भूपेंद्र सिंह पैनल की ऐतिहासिक जीत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के चुनाव में भूपेंद्र सिंह पैनल ने शानदार जीत दर्ज की। विजयी उम्मीदवारों ने गुरु घर में माथा टेककर अरदास की और गुरुद्वारे की सेवा, मर्यादा व विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

चुनाव में कुल 497 मत पड़े। अध्यक्ष पद पर सरदार भूपेंद्र सिंह को 283 मत प्राप्त हुए, जिससे उन्होंने निर्णायक जीत हासिल की। सचिव पद पर सरदार हरपाल सिंह विजयी घोषित किए गए, जबकि कोषाध्यक्ष पद पर हरप्रीत सिंह को 259 मत मिले और उन्होंने भी जीत दर्ज की। परिणाम सामने आते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। गुरुद्वारा परिसर में ढोल-नगाड़ों की थाप पर समर्थक झूमते और नाचते नजर आए। विजेता पैनल के सदस्यों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया और कई स्थानों पर पटाखे छोड़कर खुशी जाहिर की गई। देर तक पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल बना रहा। विजेता पैनल के सदस्य चरनजीत सिंह व मनमीत सिंह ने कहा कि वे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की मर्यादा और सेवा परंपरा को कायम रखते हुए विकास कार्यों को नई गति देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने सभी मतदाताओं, समर्थकों और संगत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत पूरी संगत के विश्वास, एकता और सेवा भावना की जीत है।



विजय के बाद खुशी का इजहार करते लोग। ● अमृत विचार

## पत्नी पर छुरी से किया वार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली सतरिख क्षेत्र में शराब के नशे में पति द्वारा पत्नी से मारपीट और छुरी से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सहेलिया वादीनगर की गीता देवी पत्नी कुलदीप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति राज शराब पीकर घर आता है। विरोध पर पति मारपीट करता है। पीड़िता के अनुसार उसके दो बच्चे हैं, लेकिन पति घर का खर्च भी नहीं देता और घर से निकालने की धमकी देता है। 13 मार्च की रात उसका पति नशे की हालत में घर आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध पर उसने मारपीट की और छुरी से दाहिने हाथ पर वार कर दिया, जिससे उसे चोट लग गई।



होली मिलन समारोह में मौजूद सम्मानित शिक्षक। ● अमृत विचार

## शिक्षक समाज का दर्पण, दिखाता है सही दिशा

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** बघौरा में रविवार को शिक्षक भगवती प्रसाद वर्मा के प्रतिष्ठान पर सेवानिवृत्त शिक्षक अलंकरण समारोह, शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ब्रजेश दीक्षित ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है। शिक्षक ही समाज को सही दिशा दिखाता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता अंबरीश रावत, संगठन के जिलाध्यक्ष रूप नारायण वैसवार ने भी संबोधित किया। सेवानिवृत्त शिक्षक कल्याण परिषद शिक्षा क्षेत्र मसौली व सिरौलीगौसपुर के संयोजक ओमप्रकाश वर्मा और प्रेमनारायण वर्मा ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया। सेवानिवृत्त शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, संजय वर्मा, शिक्षक प्रदीप श्रीवास्तव, अंबरीश अम्बर, भगवती प्रसाद वर्मा, अरुणेन्द्र कुमार वर्मा, धर्मेंद्र कुमार वर्मा, कमालुद्दीन किदवई, हाजी साबिर अली, साहब नारायण शर्मा, राज बहादुर वर्मा, देव नारायण शुक्ला, देवी प्रसाद मिश्रा, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## ससुरालियों पर युवक की हत्या की आशंका

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के महादेवा पट्टी में रहने वाले एक युवक के लापता होने के मामले में उसके भाई ने ससुराल पक्ष पर हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगाया है। मामले में कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। करीब एक साल बाद मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। महादेवा पट्टी निवासी शकील ने कोर्ट में गुहार लगाते हुए बताया कि उसके भाई नईम का निकाह करीब चार वर्ष पहले गोण्डा जनपद के कटरा थाना क्षेत्र के बालकपुरवा गांव निवासी मैसर से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही नईम की पत्नी अक्सर मायके में रहती और जब नईम ससुराल जाता था तो उसकी पत्नी, ससुर आकिर अली और साला अल्ताफ उसके साथ मारपीट करते तथा कमाकर पैसे देने का दबाव बनाते थे। शकील का कहना है कि ससुराल पक्ष कई बार नईम को जान से मारने की धमकी भी देता था। बीते 6 फरवरी 2025 को नईम घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो परिवार ने ससुराल पक्ष से जानकारी ली, लेकिन वहां से भी कोई जानकारी नहीं मिली। इस दौरान पत्नी की गतिविधियों पर भी संदेह होने लगा। पीड़ित का आरोप है कि उसे आशंका है कि ससुराल पक्ष ने मिलकर उसके भाई की हत्या कर शव को गायब कर दिया है। उसने अधिकारियों के चक्कर लगाए पर किसी न नहीं सुनी।



फूलों से होली खेलते गायत्री परिजन। ● अमृत विचार

## फूलों से खेली होली, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिजन वंदेमातरम पौधशाला ग्राम महंगूपुर में रविवार को होली मिलन समारोह एवं युवा बौद्धिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह में भारतीय संस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिली। सभी ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी तथा फूलों से होली खेली गई। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें होली के प्रचलित गीतों लोगों ने खूब आनंद लिया। ज्वाला प्रसाद ज्ञानी ने कहा कि होली खुशियों का महापर्व है। सामाजिक सौहार्द को बनाए रखें। सभी मिल-जुलकर प्रेम भाव से होली मनाएं। आचार्य अवधेश कुमार ने होली को तन मन में उल्लास जगाने का पर्व बताया और कहा कि होली में वैमनस्य की भावना को दूर कर प्रेम स्नेह से होली पर्व मनाएं, नशे से दूर रहें। इस मौके पर सुरेशचंद्र वानप्रस्थी, अवधेश शर्मा, शिवकुमार, रामशंकर मिश्रा, जसवंत सिंह, गीता देवी आदि गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता | बालाजी कप अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया आयोजन

# ध्रुव क्रिकेट एकेडमी ने जीता बालाजी कप

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बाराबंकी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे बालाजी कप अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में ध्रुव क्रिकेट एकेडमी ने ब्लेज़ 11 क्रिकेट एकेडमी को 103 रनों के बड़े अंतर से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ध्रुव क्रिकेट एकेडमी ने 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाए। टीम की ओर से अमान नबी ने सर्वाधिक नाबाद 48 रन, देवांश राय ने 37 रन और हर्षवर्धन पंत ने 36 रन की पारी खेली। ब्लेज़ 11 क्रिकेट एकेडमी की ओर से गेंदबाजी में अंशिका यादव ने 3 विकेट, शिवा रावत ने 2 विकेट और अब्दुल अहद ने 1 विकेट हासिल किया। 211 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लेज़ 11 क्रिकेट एकेडमी की टीम 23.5 ओवर में 107 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से अब्दुल अहद ने 32 रन, देव बहादुर ने 28 रन और शिवांश सिंह ने 16 रन बनाए। ध्रुव क्रिकेट एकेडमी की ओर से गेंदबाजी में देवांश राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट झटके, जबकि ध्रुव और अविनव ने 2-2 विकेट हासिल किए। बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए देवांश राय को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर बाराबंकी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जतिन वर्मा, चेयरमैन अख्तर अजीज़ खान, सेक्रेटरी डॉ. चौधरी अहमद जावेद, कोषाध्यक्ष राजेश अरोड़ा 'बब्बू', ज्वाइंट सेक्रेटरी अंकुर माथुर, जावेद अजहर, मोहम्मद आसिफ, लोकेश शुक्ला तथा लॉर्ड्स बालाजी क्रिकेट एकेडमी के कोच इरफान खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



मैच खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## उत्पीड़न से तंग आकर विवाहिता ने दी थी जान

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** करीब 20 दिन पूर्व विवाहिता के आत्महत्या के मामले में मायके पक्ष ने ससुरालियों को दोषी ठहराया है। आरोप है कि बंटवारे के विवाद, रुपये की मांग को लेकर प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने फांसी लगा जान दी थी। जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम असौरी निवासी राजेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री श्रीमती 28 की शादी थाना जैदपुर क्षेत्र के ग्राम छोटा बरेहटा निवासी छंगा के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग बंटवारे के विवाद को लेकर उसे लगातार परेशान करते और मकान बनवाने के लिए 10 हजार रुपये की मांगते थे। बताया गया कि 23 फरवरी की रात प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने गांव के बाहर पेड़ पर धोती के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उसका पति छंगा गुजरात में काम करने गया हुआ था। मृतका के दो छोटे बच्चे हैं, जिनमें तीन वर्षीय बेटा अर्पित और नौ माह की बेटी अर्पिता शामिल हैं। पिता की तहरीर पर पुलिस ने ससुर शम्भू, जेठ दिनेश व कल्लू, सास और देवर रंजीत के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# दरोगा भर्ती की परीक्षा में 1369 अभ्यर्थी रहे गैरहाजिर

## दूसरे दिन पहली पाली में 2400 परीक्षार्थियों में से 1695 वहीं दूसरी पाली में 2400 में से 1736 अभ्यर्थी रहे मौजूद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** शहर के 8 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की मौजूदगी में दरोगा भर्ती परीक्षा का शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिलाधिकारी गौरांग राठी, एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

दूसरे दिन पहली पाली में 2400 परीक्षार्थियों में से 1695 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। 705 परीक्षार्थियों गैर हाजिर रहे। वहीं दूसरी पाली में 2400 में से 1736 परीक्षार्थी उपस्थित व 664 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में पंजीकृत 4800 अभ्यर्थियों में से 3431 ने लिखित परीक्षा दी। शासन के निर्देशों के अनुसार सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में परीक्षा कराई गई। एडीएम सुशील कुमार, एएसपी अखिलेश सिंह, एसडीएम क्षितिज द्विवेदी लगातार सभी केंद्रों की निगरानी करते रहे। केंद्रो के आसपास फोटो कापी की दुकान बंद रही। साथ ही परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रत्येक केंद्र पर कक्ष निरीक्षकों की संख्या से करीब दोगुना पुलिस बल तैनात किया गया था। महिला परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण उनकी तलाशी के लिए महिला पुलिसकर्मियों लगाया। शहर के डॉ. जी नाथ जी बालिका इंटर कॉलेज, अटल बिहारी इंटर कॉलेज, श्याम कुमारी सेठ बालिका इंटर कॉलेज, डीएसएन कॉलेज (ब्लॉक ए व बी), जीजीआईसी मोती नगर, पॉलिटेक्निक कॉलेज दही तथा जीआईसी सिविल लाइंस को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त के साथ कई खंड शिक्षा अधिकारियों को भी ड्यूटी पर लगाया गया था। कक्ष निरीक्षकों को सुबह सात बजे ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश करा दिया गया था। जिन्हें परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिका का मिलान कर उन्हें केंद्र से बाहर आने दिया गया।


परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

### ट्रक से टकराई बाइक, दो परीक्षार्थी हुए घायल

**उन्नाव :** कानपुर नगर के सजेती थानाक्षेत्र के उसूपुर गांव निवासी शाहरुख खान (27) पुत्र अजमत खान अपने दोस्त शशांक पुत्र दिनेश सचान के साथ रविवार को सुबह बाइक से लखनऊ में दरोगा भर्ती की लिखित परीक्षा देने जा रहा था। तभी अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कानपुर-लखनऊ हाइवे पर नवाबगंज नहर पुलिया के पास लखनऊ की ओर से ईंट लादकर आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक जैतीपुर मार्ग पर मुड़ने लगी। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर सीधे ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। इससे दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। एंबुलेंस से घायलों को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने शाहरुख खान की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर मौके से भाग गया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कोतवाली में खड़ा कराया है।

### न्यूज ब्रीफ

#### ई-रिक्शा पलटा, चालक समेत तीन घायल

**उन्नाव, अमृत विचार :** असोहा थाना क्षेत्र के गुरबक्श खेड़ा गांव निवासी रंजीत कुमार (30) पुत्र प्रेम ई रिक्शा चालक है। रविवार दोपहर वह ई रिक्शा लेकर सहरावां से लालाखेड़ा चौराहा जा रहा था। तभी सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सहरावां-लालाखेड़ा मार्ग पर एक निर्माणाधीन गोदाम के समीप कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। इससे कार व ई रिक्शा कर सड़क किनारे खंती में पलट गए। हादसे में कार सवार दो लोग मामूली चोटिल हुए। वहीं ई रिक्शा चालक रंजीत घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पीआरवी घायलों को सीएचसी नवाबगंज लायी। जहां से रंजीत को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

#### खेल प्रतियोगिताओं की हुई शुरुआत

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला खेल कार्यालय द्वारा कबड्डी खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए कबड्डी मैट उपलब्ध कराई गई है। खिलाड़ियों को समर्पित करने से पहले रविवार को जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सब्बरवाल, निशि सब्बरवाल और जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव डा. अश्वनी कुमार शुक्ल, कृष्ण प्रताप सिंह, आनंद मोहन, कुशमेश पटेल ने कबड्डी खिलाड़ियों सहित पूजा अर्चना की। जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सब्बरवाल ने बताया कि खेल निदेशालय के निर्देश पर जिला स्तरीय एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, बास्केटबाल और हैंडबाल की बालक और बालिका वर्ग में जिला स्तरीय प्रतियोगिता आज से शुरू होगी। खिलाड़ी प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी के लिए बाईपास स्थित जिला खेल कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### प्रदर्शन करने वाले आप नेताओं पर रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** कलक्ट्रेट स्थित झाड़ी शाह बाबा की मजार के पास गैस सिलेंडर की किल्लत व महंगाई के विरुद्ध प्रदर्शन करने वाले आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों सहित 42 पर निषेधाज्ञा उल्लंघन, सड़क जाम करने सहित अन्य आरोप में रिपोर्ट दर्ज हुई है। बता दे कि गैस की किल्लत व महंगाई को मुद्दा बना शनिवार को आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने 6 पदाधिकारी व तीन दर्जन कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट के बगल में झाड़ी शाह बाबा की मजार के पास धरना दिया। कोतवाली प्रभारी के मुताबिक 19 मार्च तक निषेधाज्ञा लागू होने के बाद भी सभी ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया था। इससे आवागमन प्रभावित हो गया। सिविल लाइंस चौकी प्रभारी की तहरीर पर जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव समेत 42 पर निषेधाज्ञा के उल्लघंन समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## चैत्र नवरात्रः मंदिरों में शुरू हुई साफ-सफाई

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचारः** आगामी चैत्र नवरात्र को देखते हुये नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के माता के मंदिरों में साफ सफाई और रंग रोगन का कार्य शुरू हो गई हैं। इसके अलावा नगर के प्रतिष्ठित प्राचीन दुर्गा मंदिर में भव्य सजावट का कार्य कई दिनों से चल रहा है। इसके अलावा मंदिरों के बाहर चुनर, फूल के अलावा श्रंगार की दुकानें सज गई हैं।

राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में नवरात्र को देखते हुये पिछले कई दिनों से साफ सफाई और रंग रोगन का कार्य चल रहा है। रविवार को मंदिर परिसर में सजावट और साफ सफाई का कार्य कराया गया। खास बात यह देखी गई कि इस बार पिछले वर्षों की अपेक्षा मंदिर में भव्यता लाने के लिए झालर, ऑर्टिफिशियल फूल और कपड़े के जालीदार लेस से सजावट कराई जा रही है। मंदिर के अध्यक्ष आदित्य सिंह साधू ने बताया कि नवरात्र को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं 19 मार्च को पहले दिन कलश स्थापना के साथ ध्वजारोहण किया जायेगा। 21 मार्च को रामचरित मानस का पाठ होगा और अगले दिन राज्याभिषेक कराया जायेगा। पंचमी को पंचाग पूजन, अष्टमी को पूर्णाहुति दी जायेगी। नवमी को कन्या पूजन कराया जायेगा। वहीं नवरात्र में सुबह शाम महाआरती का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा नगर के गायत्री मंदिर, कंचना माई मंदिर, सिद्धदात्री मंदिर, काली मंदिर, शंकरपुर काली मंदिर, झंडेश्वर दुर्गा मंदिर, सोमा गौरी मंदिर, नवदुर्गा मंदिर, दुर्गा मंदिर, पोनी रोड में दुर्गा मंदिर में भी साफ सफाई कराई गई।


नवरात्र को लेकर प्राचीन दुर्गा मंदिर में होती साफ सफाई।

## टेट के विरोध में शिक्षक 4 अप्रैल को दिल्ली में करेंगे प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा के निर्देश पर 4 अप्रैल को अनिवार्यता के विरोध में दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को लेकर रविवार को एक गेस्ट हाउस में फेडरेशन से संबद्ध संगठनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जनपद से शिक्षक 3 अप्रैल को रैली प्रदर्शन में भाग लेने के लिए दिल्ली के लिए कूच करेंगे।

बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री एवं जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, जिलामंत्री गजेन्द्र वर्मा, जूनियर शिक्षक संघ के जिला संरक्षक राघवेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्र, महामंत्री रामजनम सिंह तथा कोषाध्यक्ष सरल कुमार की उपस्थिति में आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने कहा कि टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा पहले घोषित रामलीला मैदान में धरने की अनुमति न देकर शिक्षक एकता को दबाने का प्रयास किया गया है, लेकिन राष्ट्रीय नेतृत्व ने तय किया है कि 4 अप्रैल को शिक्षक वहीं महारैली और धरना प्रदर्शन करेंगे, चाहे अनुमति मिले या न मिले। उन्होंने बताया कि 3 अप्रैल को जनपद से दोनों संगठनों के शिक्षक 20 से अधिक बसों के साथ दिल्ली के लिए रवाना होंगे। जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्र ने कहा कि अब सभी संगठन एकजुट हो चुके हैं और उनकी एकता को तोड़ना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षक इस काले कानून को वापस कराकर ही दम लेंगे। बैठक में तहसील प्रभारी अरविंद सिंह, महेन्द्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप द्विवेदी, नूतन मिश्र, विकास सिंह, रज्जू प्रसाद, अविनाश तिवारी, संजय सिंह, योगेंद्र मिश्र, सत्य नारायण पटेल, अजय पाठक, मंत्री फूलचंद, सहदेव, विवेक शुक्ला, तौसीफ अली खान, संदीप कुमार, योगेश कुमार, नीरज यादव, अनूप कुशवाहा, गोविन्द मिश्र, अरुणेंद्र मिश्र और आदित्य मिश्र सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।


प्रदर्शन में प्रतिभाग करने के लिए संकल्प लेते शिक्षक नेता। ● अमृत विचार

● टीचर्स फेडरेशन से संबद्ध संगठनों ने बैठक कर बनाई रणनीति

## शातिर मवेशी चोर चढ़े पुलिस के हत्थे, लोडर व कार बरामद

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचारः** मौरावां पुलिस ने पशु चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी कर स्लॉटर हाउस ले जाई जा रही दो भैंस बरामद हुई। पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त लोडर व एक कार को भी सीज किया है।

मौरावां थाना के दरोगा सुरेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार को वह फोर्स के साथ गश्त पर थे। थे। तभी थाना क्षेत्र के बसहा चौराहे के पास पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक लोडर को रोका। जिसमें दो भैंसे लदी थी। लोडर में बैठा व्यक्ति संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया। इसी दौरान संदिग्ध खड़ी कार सवार लोगों से भी पूछताछ की गई तो सभी साथी निकले। पूछताछ में उन्होंने मवेशियों को चोरी करने की बात कबूल की। पकड़े युवकों ने अपना नाम विनोद यादव निवासी शिवदीन खेड़ा पुरवा, उमेश पासी निवासी पिण्डुरी मौरावां व पंकज पाल निवासी सहाय खेड़ा मजरा गौनामऊ मौरावां बताया। जांच में सामने आया कि इनका एक साथी छोटू पासी निवासी मलिहागाढ़ा थाना असोहा भी है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। लोडर व कार को सीज करने के साथ पुलिस ने सभी पर पशु क्रूरता अधिनियम में केस दर्ज किया। जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी जेल भेजा गया।

## सपा ने पीडीए दिवस के रूप में मनाई कांशीराम जयंती

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दलित-वंचित वर्ग की प्रखर आवाज और सामाजिक न्याय के पुरोधा कांशीराम की जयंती सपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव की अध्यक्षता में पीडीए दिवस के रूप में मनाई गई। अखिलेश यादव के निर्देश पर गार्डन ग्रीन लॉन लोकनगर में आयोजित कार्यक्रम में होली मिलन समारोह भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम ने अपनी विचारधारा के माध्यम से दलितों और वंचितों के अधिकारों को मजबूती दी और संवैधानिक मूल्यों को नई ऊंचाई प्रदान की। इस अवसर पर पूर्व सांसद अन्नू टंडन, पूर्व विधायक उदय राज यादव, सुंदरलाल कुरील, बदलू खा, सुधीर रावत, राधेलाल रावत, पूर्व एमएलसी सुनील साजन सहित कई पूर्व विधायक और पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने समाज में समानता, सम्मान और अधिकार की स्थापना के लिए कांशीराम के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।


कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण करते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### कांग्रेस ने सामाजिक परिवर्तन दिवस के रूप में मनाई जयंती

**संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव :** नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट के तत्वावधान में प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर रविवार को इंदिरा नगर में सामाजिक न्याय के पुरोधा मान्यवर कांशीराम की जयंती सामाजिक परिवर्तन दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस नेता मयंक बाजपेयी ने कहा कि कांशीराम ने दलितों और पिछड़ों को संगठित कर उन्हें राजनीतिक सत्ता में भागीदारी दिलाने का कार्य किया। उनका मूल मंत्र जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी रहा। उन्होंने अपना पूरा जीवन वंचित समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया। कार्यक्रम में दयाशंकर शुक्ला, दूधनाथ वर्मा, बाबूलाल गुप्ता, रामकिशोर पाल, संजय सिंह, विश्वनाथ दास, महेश मिश्रा, मो. हनीफ, पिंटू तिवारी, अर्जुन बाजपेयी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### हर्षोल्लास से मनाया कांशीराम का जन्मोत्सव

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** पीतांबर नगर स्थित काशीराम पार्क में संत शिरोमणि गुरु रविदास जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में बहुजन नायक कांशीराम का जन्मोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समिति अध्यक्ष चेतराम भारती ने कांशीराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। इसके बाद उपस्थित लोगों ने त्रिशरण पंचशील बुद्ध वंदना कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर देशराज भारती, सुरेश चंद्र वर्मा, सौरभ राज भारती, महेंद्र प्रताप, संतोष कुमार गौतम, हेमराज गौतम, अनूप कुमार गौतम, श्रीराम, अनिल कुमार भारती, बसंत लाल, अंकित और सोनू सहित कई लोग उपस्थित रहे। सभी ने उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।


कांशीराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते समिति के पदाधिकारी।

### दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार :** पोनी रोड स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में रविवार को वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, गीत और नाटिका के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और उसकी लत में फंसते बच्चों की समस्या पर आधारित एक विशेष प्रस्तुति दी, जिसे देखकर मौजूद अभिभावकों ने खूब तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता, शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल, सुरेश शुक्ला और गोल्डी गुप्ता भी पहुंचे। विद्यालय प्रबंधक संतोष तिवारी, प्रधानाचार्या सुधा तिवारी और अभिषेक तिवारी ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिषेक तिवारी, सुधीर सिंह, सूरज, प्रद्युम्न, अंशु और हरि सहित सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।


वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

## बालिकाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मोहा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** अभेद्य कायस्थ महासभा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। गुलाल के रंगों और सांस्कृतिक सौहार्द के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल, ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि भानु मिश्रा उपस्थित रहे।

उपस्थित वक्ताओं ने अपने संबोधन में समाज में एकता प्रेम और सहयोग की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया। ऐसे आयोजन न केवल हमारी संस्कृति को जीवित रखते हैं, बल्कि आपसी रिश्तों में मिठास भी घोलते हैं। समारोह का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे, जिनकी मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। अन्य प्रतिभागियों ने भी अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। महासभा के अध्यक्ष शिशिर अस्थाना, महामंत्री डॉ. नमन निगम, कार्यकारी अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव मोहन वर्मा (साजू), कोषाध्यक्ष तुषार श्रीवास्तव तथा सह-मंत्री कुशाग्र निगम आदि उपस्थित रहे।


होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं बालिकाएं। ● अमृत विचार

● कायस्थ महासभा ने मनाया होली मिलन समारोह

## एसआई परीक्षा के प्रश्न पर जताई आपत्ति

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित एसआई भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक विवादित प्रश्न को लेकर रविवार को पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे ने जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक को संबोधित प्रार्थना पत्र सौंपा। प्रार्थना पत्र में परीक्षा के एक प्रश्न पर आपत्ति जताते हुए संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

बताया गया कि परीक्षा में पूछा गया प्रश्न 'अवसर देखकर बदल जाने वाले व्यक्ति को क्या कहते हैं?' था, जिसके विकल्पों में 'पंडित' शब्द भी शामिल किया गया। इस पर आपत्ति जताते हुए कहा गया कि 'पंडित' शब्द भारतीय समाज में एक सम्मानित पहचान से जुड़ा है और इस प्रकार के संदर्भ में उसका प्रयोग समाज की भावनाओं को आहत करने वाला है। प्रार्थना पत्र में कहा गया कि ऐसे प्रश्न न केवल अभ्यर्थियों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न करते हैं, बल्कि समाज में अनावश्यक विवाद की स्थिति भी पैदा कर सकते हैं। इसी मामले को लेकर अधिकारियों से मिलकर दोषियों और इस कृत्य के पीछे संभावित साजिशकर्ताओं के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की गई। साथ ही पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। अधिकारियों ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।


प्रश्न पर आपत्ति जताते हुए ज्ञापन देते पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि।

### डॉ. प्रभात अध्यक्ष व सियाराम बने महामंत्री

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** भारतीय संस्कृति और कला के संरक्षण एवं संवर्धन को समर्पित अग्रणी संस्था संस्कार भारती की नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन रविवार को संपन्न हुआ। शहर के कृष्णा नगर स्थित पार्क व्यू पैलेस में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. प्रभात सिन्हा को अध्यक्ष चुना गया। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष महेंद्र शंकर त्रिपाठी ने की। बैठक के मुख्य चरण में उपस्थित सदस्यों के प्रस्ताव और अनुमोदन के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा, महामंत्री सिया राम पांडे, कोषाध्यक्ष संजीव निगम नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जिम्मेदारी संभालते ही कला और भारतीय मूल्यों के संरक्षण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता जताई। बैठक में डॉ. मनोज श्रीवास्तव, संजीव सिंह चौहान, डॉ. मनिता सिंह सेंगर, अजय सिंह, भरत कुमार, इंदु लेखा कनौजिया, आल्हा गायिका नैना गौतम, इंजीनियर शालिनी बाजपेई व डॉ. विनय तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


अध्यक्ष और मंत्री के साथ मौजूद संस्था के लोग।

भ्रष्टाचार

### बेसिक शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों पर 20 प्रतिशत तक कमीशन मांगने का आरोप

## पीएम-श्री व स्मार्ट क्लास के बजट पर कमीशनबाजों की नजर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा विभाग में इन दिनों विकास कार्यों के नाम पर कमीशनखोरी का खेल चरम पर है। मार्च का महीना खत्म होने से पहले करोड़ों की धनराशि ठिकाने लगाने के चक्कर में अधिकारी और चहेते ठेकेदार सक्रिय हो गए हैं। पीएम श्री विद्यालयों से लेकर स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब तक हर जगह शिक्षकों को कार्यवाही का डर दिखा मोटी रकम वसूली जा रही है। यह वसूली कार्य के लिए जारी बजट की 20 प्रतिशत तक हो रही है। हालांकि, जिम्मेदार इन आरोपों को उनके विरुद्ध साजिश करार दे रहे हैं।

बता दें कि जनपद के 29 विद्यालयों को पीएम श्री घोषित किया गया है। जिसके तहत निर्माण और मरम्मत के लिए 1 करोड़ 90 लाख 82 हजार 624 रुपये की राशि जारी हुई है। आरोप है कि इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को जांच का भय दिखा उनसे 20 प्रतिशत तक कमीशन की वसूली की जा रही है। यह कह कर डराया जा रहा है कि यदि पैसा नहीं दिया तो सामग्री की गुणवत्ता खराब बता हरी झंडी नहीं दी जाएगी। वहीं, 39 विद्यालयों में लैब बनाने हेतु प्रति विद्यालय 1.33 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। यहां भी खेल वही है, निर्धारित फर्मों से ऑर्डर दिलाने के नाम पर अग्रिम कमीशन वसूला जा रहा है। 332 विद्यालयों में इन्वर्टर और स्टेबलाइजर खरीदने के लिए प्रति स्कूल 38 हजार रुपये भेजे गए हैं। यहां शिक्षकों पर दबाव बनाया जा रहा है कि वे केवल खास सप्लायरों से ही खरीदारी करें। 17 विद्यालयों में प्रति कक्ष 11.51 लाख रुपये का बजट आया है। जहां प्रधानाध्यापकों को सस्पेंशन और जांच का डर दिखा कमीशन सेट किया जा रहा है। भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा उदाहरण सफीपुर के पू.मा. विद्यालय के नवीन भवन निर्माण में देखने को मिल रहा है। यहां 29.44 लाख रुपये का बजट आया है लेकिन कार्य प्रधानाध्यापक के बजाय विभाग के चहेते ठेकेदार कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो निर्माण की अधिकांश धनराशि का भुगतान एक ही व्यक्ति या विशेष फर्म को किया गया है। जिसकी निष्पक्ष जांच होने पर बड़े घोटाले की पुष्टि हो सकती है। मरम्मत कार्य के लिए जिन विद्यालयों में 2 लाख से अधिक की धनराशि भेजी गई है वहां विभागीय अफसरों द्वारा 20 प्रतिशत कमीशन का रेट कार्ड फिक्स कर दिया गया है। जो शिक्षक इस भ्रष्टाचार का विरोध कर रहे हैं उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि और विभागीय कार्यवाही की धमकियां दी जा रही हैं।



शिक्षक भवन। ● अमृत विचार

> इसे लेकर मैने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। ऐसे सभी आरोप बेबुनियाद हैं। मेरे ऊपर इस प्रकार के आरोप एक सुनियोजित साजिश के तहत लगाए जा रहे हैं। **- शैलेश कुमार पाण्डेय, बीएसए उन्नाव**

### विजेता खिलाड़ियों को बांटे गए पुरस्कार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित रजनींद्र दीक्षित अंडर-19 जनपदीय क्रिकेट लीग का पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को एक गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी के अध्यक्ष अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी तथा खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे कड़ी मेहनत करें, ताकि उन्नाव जनपद का नाम उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश और दुनिया में रोशन हो। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत नवीन सिन्हा, निम्मी अरोड़ा और मंजूलता ने किया। वहीं कार्यवाहक अध्यक्ष संजय राठी का स्वागत मनीता सिंह, राकेश अस्थाना और साकिर हुसैन ने किया। कार्यक्रम का संचालन पीके मिश्रा ने किया।

### स्वास्थ्य मेले में 61 मरीजों का हुआ परीक्षण

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार :** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास रहने वाले मरीज पहुंचे। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर दवा बांटी। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. अक्षय कुमार, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. अर्चना गुप्ता, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 61 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### युवती को पीट कर घायल किया

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के अंतर्गत ग्राम तडेर में भैस चराकर वापस आ रही युवती के साथ मारपीट की घटना प्रकाश में आयी है। पीड़िता ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़िता प्रिंसी पाल के अनुसार वह रविवार की शाम कों पांच बजे तीन भैंसों कों लेकर खेत से वापस आ रही थी। गांव निवासी रामनरेश पुत्र अज्ञात के खेत के निकट एक भैंस अचानक उनके खेत में चली गई। इसी बात पर विपक्षी ने अपने पुत्र नारेन्द्र और राजेश के साथ मिलकर लात घूसों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया, जिससे उसके मुँह में काफ़ी चोट आई है। नारेन्द्र ने हाथ में बांका लेकर उसे जान से मार डालने की धमकी दी। पीड़िता से लिखित तहरीर लेकर पुलिस ने जाँच शुरू कर दी है।

### शातिर चोर को पुलिस ने भेजा जेल

**बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर कस्बे की एक मार्केट में 25 फरवरी को तीन ज्वेलर्स की दुकानों समेत अन्य दुकानों में चोरी हुई थी। इसके अलावा 24 फरवरी को बहुराजमऊ में गिरीश पांडेय के यहां तथा बीते शुक्रवार की रात निशा चौरसिया व अधिवक्ता राहुल सिंह के यहां हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने से पुलिस परेशान थी। सीओ मधुप नाथ मिश्रा ने चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए लालकुआं चौकी इंचार्ज सुनील अवस्थी के नेतृत्व में टीम गठित की थी। पुलिस टीम लगातार संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नगर पंचायत बीघापुर के शंकर नगर निवासी नीरज चौरसिया उर्फ हीरो को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया।

# मुठभेड़ में चार लुटेरे गिरफ्तार

## गोली लगने से एक घायल, 17,100 रुपये व अवैध तमंचा बरामद

संवाददाता, संडीला, हरदोई



मुठभेड़ में घायल शातिर व पकड़े गए आरोपी।

**अमृत विचार।** थाना पुलिस ने लूट की घटना का सफल खुलासा करते हुए मुठभेड़ के बाद चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपी घायल हो गया, जबकि मुठभेड़ के दौरान एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 17,100 रुपये नकद, एक कार, मोबाइल फोन तथा एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार 25 फरवरी को ग्राम टिकरा कला निवासी सर्वेश पाल ने थाना संडीला में तहरीर देकर बताया था कि वह अपनी पत्नी उमा के साथ बाइक से एक रिश्तेदार की शादी से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में थाना संडीला क्षेत्र के ग्राम टिकरा कला के पास कार सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और 10 हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन तथा उनकी पत्नी की पायल व टॉप्स छीनकर फरार हो गए। इस संबंध में थाना संडीला में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई थी। शनिवार देर रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम गढ़ीखेड़ा मोड़ के पास पहुंची, जहां संदिग्ध कार सवार लोगों को रोकने का प्रयास किया गया। कार सवार बदमाशों ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और भागने का प्रयास किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त विवेक निवासी ग्राम फतेपुर पुर्वा थाना अतरौली जनपद हरदोई के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। वहीं उसके तीन साथी शिवम निवासी ग्राम फतेपुर पुर्वा थाना अतरौली, शुभम निवासी ग्राम जुराखेड़ा थाना अतरौली तथा सूरज निवासी ग्राम नटवा खेड़ा थाना अतरौली को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

## दिव्यांग से मारपीट, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के दुर्गागंज गांव में एक दिव्यांग युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ कोतवाली बिलग्राम में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम दुर्गागंज निवासी लाल बहादुर पैर से दिव्यांग हैं, पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही सोनू, मोनू, धीरज और गोलू उर्फ उदित राय पुत्रगण हंसराज उनसे ईर्ष्या द्वेष रखते हैं। आरोप है कि 13 मार्च की रात करीब 9 बजे सभी आरोपी उनके दरवाजे पर पहुंचे और गालियां देने लगे। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों, लात-घूंसों से उनकी पिटाई कर दी।

# पेट्रोल पंप के मैनेजर पर हमला पचास हजार लूटने का आरोप

संवाददाता, संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ रोड स्थित पेट्रोल पंप पर देर रात दबंगों ने मैनेजर व कर्मचारियों पर हमला कर दिया। हमलावरों ने मारपीट करते हुए पचार हजार नगद लूट लिये। पेट्रोल पंप मैनेजर अजय सिंह ने संडीला कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। अजय सिंह वर्तमान में लखनऊ रोड स्थित संडीला फिलिंग सेंटर (रिलायंस पेट्रोल पंप) पर मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। शिकायत पत्र के अनुसार 14 मार्च की करीब रात 11:50 पर कई लोग आकर अवैध हथियारों, लाठी डंडों और के साथ पेट्रोल पंप पर पहुंचे उन्होंने पेट्रोल पंप पर मौजूद कर्मचारियों के साथ गाली गलौज करते हुए मैनेजर अजय सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया और 50 हजार नगद लूट कर फरार हो गए। तहरीर में चार नामजद एवं छः अज्ञात के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। घटना के दौरान पेट्रोल पंप पर मौजूद शकील, मोहम्मद शमीम निवासी सुंबाबाग और सेल्समैन अमित ने हमलावरों को पकड़ने की कोशिश की लेकिन दबंगों ने लोहे की रॉड एवं लाठी डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई और कुलदीप पुत्र परमेश्वर को जाति सूचक शब्द कहकर पीटा गया हमले में पेट्रोल पंप के कर्मचारी घायल हो गए पीड़ित ने कोतवाली संडीला पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्यवाही की मांग की है पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कछौना कोतवाली के गेट पर प्रधान प्रतिनिधि पर हमला

संवाददाता, कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** रविवार को ग्राम सभा उसरहा के प्रधान अफसर गाजी के छोटे भाई अख्तर गाजी जो प्रधान प्रतिनिधि है उन्हीं पर कोतवाली के गेट पर ही हमला हो गया।

रविवार को गौशाला चौकीदार छेदीलाल ने बताया कि कुछ अज्ञात युवक कार से गौशाला पहुंचे, गेट खोलने को कहा तो उसने मना कर दिया, जिससे वे भड़क गए और चौकीदार को लगे। चौकीदार ने प्रधान प्रतिनिधि को सूचना दी। मौके पर पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि अख्तर गाजी से भी युवकों से झड़प हो गई। सूचना पर 112 पुलिस पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद मामला शांत किया। पूरे प्रकरण की शिकायत दर्ज कराने कोतवाली कछौना पहुंचे अख्तर पर दो अज्ञात से उतरे लोगों रॉड से हमला कर दिया। शोर मचाने पर हमलावर फरार हो गए। कोतवाली परिषद के सामने हुई इस घटना से स्थानीय पुलिस प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित ने हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया है कि मामला प्रकाश में आया। गौरक्षक दल के कार्यकर्ताओं से विवाद हुआ है पुलिस जांच कर रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसे पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बाज़ार से सब्ज़ी खरीद कर वापस घर लौट रहा बाइक सवार सण्डीला-बांगरमऊ रोड पर बेकाबू रफ्तार की चपेट में आने से सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसके सिर में गहरी चोंट पहुंची और वहीं पर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर जांच शुरु कर दी है। कासिमपुर थाने के दीवान खेड़ा निवासी 48 वर्षीय राम जीवन शनिवार की शाम को हरदलमऊ की बाज़ार से सब्ज़ी खरीद कर बाइक से वापस लौट रहा था, उसी बीच सण्डीला-बांगरमऊ रोड पर झऊनी खेड़ा के पास उसे गाड़ी की बेकाबू रफ्तार ने अपनी चपेट में ले लिया, सड़क पर गिरने से उसके सिर में गहरी चोंट पहुंची, कोई कुछ समझ पाता, उसी बीच वहीं पर मौत हो गई। राम जीवन खेती से पत्नी गंगा देवी के अलावा पांच-पांच बेटियों का पेट पाल रहा था।



राम जीवन की फाइल फोटो।

## ई-रिक्शा पलटा, किशोर गंभीर घायल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र में कन्नौज मार्ग पर रविवार को सड़क हादसे में ई-रिक्शा पलट जाने से 13 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। सुजान (13) पुत्र धीरेंद्र कुमार निवासी ग्राम जलालपुर अपने गांव से ई-रिक्शा पर बैठकर बिलग्राम आ रहा था। कन्नौज मार्ग पर सिदरी के पास ई-रिक्शा को पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कट मार दिया। अचानक लगी टक्कर से ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा पर सवार सुजान गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घायल बालक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम पहुंचाया। वहीं हादसे के बाद ग्रामीणों ने भागने की कोशिश कर रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक को पकड़ लिया और घटना की सूचना पुलिस को दी। ग्रामीणों ने बताया कि तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई है। पुलिस मामले की जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# ट्रेन से कटकर महिला के हुए टुकड़े, सुबह हुई शिनाख्त

**हरदोई, अमृत विचार।** साइकोलॉजिस्ट से इलाज करा रही महिला शनिवार की अंधेरी रात घर से चली गई, सुबह उसे ढूंढा जा रहा था, उसी बीच बगल की रेलवे क्रासिंग पर तैनात गैंगमैन ने ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत होने की सूचना दी, उन्हीं घर वालों ने रविवार की सुबह शव की शिनाख्त की। पुलिस जांच कर रही है।

बघौली थाने के पुरवा मजरा बरवा निवासी प्रेमकुमार खेती-बाड़ी कर 38 वर्षीय पत्नी कुसुमलता के अलावा दो बेटियों अनुष्का, काव्या, दो बेटों शिवम व कार्तिक के साथ गुज़र-बसर कर रहा था। देवर ओमकार ने बताया कि कुछ महीनों से उसकी भाभी कुसुमलता बीमार थी, उसका लखनऊ के साइकोलॉजिस्ट से इलाज चल रहा था। शनिवार की रात सारे घर वाले खाना-पीना करने के बाद सो गए, उसी बीच करीब 11 बजे कुसुमलता अकेले घर से चली गई, सुबह होने पर उसे ढूंढा जा रहा था, उसका पति उसे ढूंढते हुए गांव के दक्षिण पुरवा रेलवे क्रासिंग पर पहुंचा, जहां तैनात गैंगमैन ने बताया कि रात में ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला के तीन टुकड़े हो गए थे। इस बात का पता होने पर प्रेमकुमार और उसके घर वाले रविवार की सुबह थाने पहुंचे, जहां उन्होनें ने दिखाए गए फोटो से शव की शिनाख्त की।

# मुम्बई से तीसरे दिन युवक का शव घर पहुंचते ही कोहराम

- **ईद पर बच्चों के लिए कपड़े नहीं, खुद कफन में लिपटा हुआ पहुंचा युवक**

**हरदोई, अमृत विचार।** बच्चों के लिए परदेश कमाने गए युवक की वहीं मौत हो गई। मौत से पहले उसने अपने बच्चों से वादा किया था कि वह ईद पर उनके लिए वहीं से अच्छे-अच्छे कपड़े लाएगा, उसी दिन से बच्चे अपने पिता की बेसब्री से राह देख रहे थे, लेकिन एक पल में उनकी खुशियां खाक़ हो गई, पिता अपने बच्चों के कपड़े नहीं बल्कि खुद कफन में लिपटा हुआ घर पहुंचा।

दरअसल बात बावन कस्बे के मोहल्ला सराय नीम की है, वहां का रहने वाला 40 वर्षीय बब्लू मुम्बई के ठाणे ज़िले के उल्हासनगर शहर में कपड़े की फैक्ट्री में नौकरी करता था। उसकी पत्नी और बच्चे बावन में रहते है। कुछ ही दिन पहले बब्लू ने अपने बच्चो.से बात करते हुए ईद पर उनकी फरमाइश भी सुनी, दोनों बेटों व इकलौती बेटी से ईद पर अच्छे-अच्छे कपड़े लाने का वादा किया था। इधर बच्चें अपने पिता की राह देख रहे थे, लेकिन उसी बीच शुक्रवार को बब्लू की तबियत बिगड़ गई, उसे निजी हास्पिटल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। रविवार को तीसरे दिन उसका शव बावन पहुंचते ही वहां कोहराम बरपा हो गया, उसके बच्चों को बिलखते हुए देख कर पत्थर दिल वाले भी फफक कर रो पड़े। बब्लू के बच्चे ही नहीं बल्कि भीड़ में बड़े-बड़े तक आंसुओ से तर-बतर दिखाई दे रहे थे।

# कथा में सुनाया श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शंकरपुर सराय स्थित मां फूलमती देवी मंदिर के पास चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन रविवार को कथा व्यास पंडित राम त्रिवेदी ने भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा का श्रवण किया।



कथा का बखान करते व्यास पंडित राम त्रिवेदी।

कथा व्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म अन्याय और अधर्म के नाश तथा धर्म की स्थापना के लिए हुआ था। उनके जन्म के प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरे पंडाल में भक्तिमय माहौल बन गया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन भी किए गए, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विनोद त्रिवेदी, सिद्धार्थ त्रिवेदी पप्पू, रमेश मिश्रा, आकाश अवस्थी, प्रमोद, राम लखन लाल त्रिपाठी सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जनमेजय जन्म प्रसंग का हुआ वर्णन

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गोपीनाथपुरम स्थित सरोज सरस्वती शिशु मंदिर में चल रही देवी भागवत कथा के पंचम दिवस रविवार को स्वामी नारदानंद जी के कृपापात्र स्वामी ओम प्रकाशानंद जी महाराज ने राजा जनमेजय के जन्म का प्रसंग भाव-भक्ति के साथ सुनाया। कथा में उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित के पुत्र जनमेजय का जन्म विशेष परिस्थितियों में हुआ था। उन्होंने बताया कि महाभारत के बाद राजा परीक्षित को ऋषि श्रृंगी के श्राप के कारण तक्षक नाग के डंसने से मृत्यु हुई थी। इसके बाद जनमेजय का जन्म हुआ, जिसके समय महल दिव्य प्रकाश से आलोकित हो उठा और शुभ नक्षत्रों का संयोग बना। कथा के माध्यम से स्वामी जी ने बताया कि क्रोध और प्रतिशोध का मार्ग विनाशकारी होता है, जबकि धर्म, करुणा और न्याय के मार्ग पर चलकर ही स्थायी सफलता मिलती है। इस अवसर पर ब्रह्म सभा द्वारा स्वामी जी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# कांशीराम की जयंती पर कांग्रेस ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**उन्नाव, अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती के अवसर पर रविवार को काशीराम कालोनी में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में लगभग एक सैकड़ा जरूरतमंद मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं।



स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

शिविर का शुभारंभ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा की उपस्थिति में हुआ। जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. आरएन कुशवाहा एवं अखंड प्रताप सिंह ने शिविर में आए मरीजों की जांच की। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमत सिंह तथा कोषाध्यक्ष शिवम अवस्थी का भी रक्तचाप नापकर उन्हें स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। शिविर में मनोज कुमार, राधा सिंह, पंकज, अशोक कुमार, सबीना, कमला, नाजिम सहित मोहल्ले के लगभग 100 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में डॉक्टरों को बताया। विशेषज्ञों ने परामर्श के साथ-साथ सभी को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराईं। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि पूरे जनपद में ऐसे स्वास्थ्य कैंप आयोजित किए जाएंगे।

# टैंकर से टकरा कर पलटी स्लीपर बस

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- **लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर हुआ हादसा, 9 लोग घायल**

**अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर ओवरटेक करते समय तेज रफ्तार स्लीपर बस टैंकर से टकरा कर पलट गई। इससे बस सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। यूपीडा व पुलिस की टीम ने रेस्क्यू कर 9 घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां से दो लोगों को लखनऊ रेफर किया गया।

बता दे कि गोरखपुर से करीब 50 सवारियां बैठा कर स्लीपर बस शनिवार रात नई दिल्ली जा रही थी। तभी हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर मटरिया टोल प्लाजा से करीब 200 मीटर आगे तेज रफ्तार बस डामर लदे कंटेनर को ओवरटेक करने के दौरान उससे टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे बस सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। वहीं हादसे के बाद बस व कंटेनर के चालक व सहयोगी मौके से भाग निकले। यात्रियों की सूचना पर पुलिस व यूपीडा की टीम मौके पर पहुंच कर घायल हुए 9 यात्रियों को रेस्क्यू कर एंबुलेंस की मदद से औरास सीएचसी पहुंचाया। जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को गंभीर स्थिति में लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद एक्सप्रेस वे की एक लेन पर वाहनों की रफ्तार थम गई। हाइड्रा से वाहन को हटवाकर यातायात सामान्य कराया गया। वहीं अन्य यात्रियों को दूसरे वाहनों से गंतव्य भेजा गया। कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि हादसे में 9 यात्री घायल हुए थे। इनमें से दो को गंभीर हालत में रेफर किया गया है। एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। अन्य घायलों का इलाज चल रहा है।

### बस सवार ये लोग हुए घायल

बस में मुकेश यादव (24) निवासी पूरा बाजार अयोध्या, सानिया (18) अयोध्या, साबिरा (38) अयोध्या, नितिन पांडेय (18) मलावन बस्ती, कुतुबुद्दीन (40) महाराजगंज और हिमांशु (19) सिवान सवार थे।

## पूर्व चौकी इंचार्ज पर लगा महिला के शोषण का आरोप

**बीघापुर, उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र की लालकुआं चौकी में तैनात रहे एक पूर्व चौकी इंचार्ज पर एक व्यक्ति ने उसकी पत्नी का शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में युवक द्वारा एसआई और उसकी पत्नी की फोटो के साथ कई पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली गई हैं, जो तेजी से वायरल हो रही हैं। हालांकि इस मामले की पुष्टि आपका अमृत विचार अखबार नहीं करता है। वायरल पोस्ट में युवक ने बताया कि वह पिछले दो वर्षों से रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब में रह रहा है, जबकि उसकी पत्नी चार बच्चों के साथ घर पर रहती है। युवक का आरोप है कि लालकुआं चौकी में तैनाती के दौरान एसआई उसकी पत्नी का करीब डेढ़ साल से जबरन शोषण कर रहा था। युवक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने की बात भी कही है। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच सीओ मधुपनाथ मिश्रा को सौंपते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# सामाजिक समरसता के बिखेरे गए रंग

**उन्नाव, अमृत विचार।** हुसैन नगर बाईपास स्थित विश्वकर्मा समाज एवं विश्वकर्मा सेवा संस्थान के तत्वावधान में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता उपस्थित रहे, जहां उन्होंने समाज के लोगों के साथ फूलों की होली खेलकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया।



होली मिलन समारोह में सदर विधायक का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक द्वारा भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पंकज गुप्ता ने कहा होली मिलन समारोह रंगों प्रेम और आपसी भाईचारे का अनूठा उत्सव है। यह पर्व हमें सिखाता है कि कैसे हम अपने आपसी मतभेदों को भुलाकर रिश्तों को और भी प्रगाढ़ बना सकते हैं। फूलों की होली और स्नेह की वर्षा सामाजिक समरसता का जीता-जागता उदाहरण है। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए समाज के विकास और एकता के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष देवसरन विश्वकर्मा, मंत्री विवेक वर्मा, कोषाध्यक्ष विपिन विश्वकर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष आनन्द अवस्थी, अखिल गुप्ता, बुद्धीलाल शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, श्याम प्रकाश शर्मा, रोशन शर्मा, रविन्द्र शर्मा, करण शर्मा आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** | मानव उत्थान सेवा समिति की अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा ने कहा

# शिक्षा व स्वास्थ्य से बदलेगी समाज की तस्वीर

**बांगरमऊ, अमृत विचार।** मानव उत्थान सेवा समिति के बैनर तले एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज के विकास, शिक्षा के प्रसार, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक एकता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद मानव उत्थान सेवा समिति के पदाधिकारी।

बैठक को संबोधित करते हुए मानव उत्थान सेवा समिति की अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक उन्नति का आधार शिक्षा, जागरूकता और स्वास्थ्य होता है। उन्होंने कहा कि यदि समाज का प्रत्येक परिवार अपने बच्चों की शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होगा, तो आने वाली पीढ़ी अधिक सशक्त और सक्षम बनेगी। उन्होंने सभी से समाज में आपसी भाईचारा बनाए रखने, जरूरतमंदों की सहायता करने तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। बैठक में वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की प्रगति के लिए एकजुटता सबसे बड़ी शक्ति है। यदि समाज के लोग मिलकर शिक्षा, स्वास्थ्य और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ आए, तो क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। साथ ही भविष्य में समाज हित से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों को और व्यापक स्तर पर आयोजित करने की भी बात कही गई। इस अवसर पर धर्मराज कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, देवीशय कुशवाहा, रामविलास सैनी, राजकुमार कुशवाहा, देशराज कुशवाहा, हरीशंकर कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, शिवम कुशवाहा, मोतीलाल कुशवाहा, शिवशंकर कुशवाहा, वीरेंद्र कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, नीलम कुशवाहा, सरस्वती कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## घर के बाहर लटका मिला युवती का शव

**उन्नाव, अमृत विचार।** औरास थाना क्षेत्र के गाहा खेड़ा गांव में देर रात्रि युवती का शव पेड़ पर फंदे से लटका देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से उसकी मौत होने की पुष्टि हुई है। गाहा खेड़ा गांव निवासी लल्लू की 20 वर्षीय बेटी अंकिता कक्षा 11 की छात्रा था। बीती रात वह परिजनों के साथ खाना खाने के बाद सोने चली गई। पिता के मुताबिक रात में करीब दो बजे वह अपने बिस्तर पर नहीं थी। इस पर उन्होंने सोचा वह शौच के लिए गई हो गई। लेकिन काफी समय बीतने पर नहीं लौटी तो परिजनों ने घर के बाहरी हिस्से में बने शौचालय में जाकर देखा तो वह वहां नहीं थी।

# समाजसेवी ने कराया रोजा अफ्तार

**बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला चौघडा. स्थित अपने निवास पर समाजसेवी अधिवक्ता रामपाल यादव ने सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया। कार्यक्रम में नगर तथा क्षेत्र के रोजेदार और गणमान्य लोग शामिल हुए।



सामूहिक रोजा इफ्तार में शामिल लोग। अमृत विचार

इफ्तार से पहले फिरोज अहमद सिद्दीकी ने रोजे की अहमियत और उसकी फजीलत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रमजान का महीना सब्र, इबादत, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है। उन्होंने कहा कि रोजा इंसान को बुराइयों से दूर रहने और नेक रास्ते पर चलने की सीख देता है। इफ्तार के समय सभी रोजेदारों ने एक साथ खजूर और पानी से रोजा खोला। आयोजक रामपाल यादव ने आए हुए सभी मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करने का काम करते हैं। गौरतलब है कि नगर एवं क्षेत्र मे पहली बार वर्ष 1992 में सामूहिक रोजा इफ्तार की परंपरा शुरू की थी, जो आज तक जारी है। इफ्तार मे मोहम्मद शफीक, महेश, रेहान अहमद, शाहनवाज, लईक खान, अली हुसैन, शादाब खान एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

**मुकद्दस रमज़ान**



- 26वां रोज़ा–
- अफ्तार–सोमवार 6 :18 बजे
- 27वां रोज़ा–
- सहरी–मंगलवार 5 :00 बजे।

**न्यूज ब्रीफ**

## सरकारी काम में खलल की रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** विद्युत विभाग के कर्मचारियों के साथ अभद्रता करने वाले आरोपी और उसके अन्य साथी के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। अधिशासी अभियंता भजन लाल के अनुसार 12 मार्च को उपकेंद्र आंझी के ग्राम झोथुपुर में विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा सरकारी कार्य किया जा रहा था। झोथपुर निवासी विवेक कुमार ने साथियों के साथ कर्मचारियों को बलपूर्वक सरकारी कार्य करने से रोका और अभद्रता करते हुए जान से मार डालने की धमकी दी। अधिशासी अभियंता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

## छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने महिला से मारपीट और छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है। 14 मार्च को पीड़िता द्वारा तहरीर दी गयी कि अनुज निवासी ग्राम झऊआ खुर्द थाना रोजा जनपद शाहजहांपुर व एक अन्य द्वारा उसके साथ छेड़छाड़, गाली–गलौज व मारपीट की गयी। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने रविवार शाम नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

## पेड़ से गिरकर बालक घायल, कराया भर्ती

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के रहुला गांव में पेड़ पर चढ़कर खेल रहे बालक के अचानक गिर जाने से वह घायल हो गया। परिजनों द्वारा उसे तुरंत उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम लाया गया, जहां उसका इलाज किया गया। ग्राम रहुला निवासी रंजीत (12) पुत्र अरविंद घर के बाहर पेड़ पर चढ़कर खेल रहा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह पेड़ से नीचे गिर पड़ा। जमीन पर गिरने से उसे चोटें आईं। परिजन घायल बालक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार बालक को हल्की चोटें आई हैं और फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## ट्रेन से जा रही किशोरी हुई लापता, ट्रैक पर मिला शव

**हरदोई, अमृत विचार।** मां और बहनोई के साथ शहीद एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली जा रही किशोरी रास्ते से लापता हो गई। उसकी मां ने रेलवे के टोल-फ्री नंबर-139 पर गुमशुदगी दर्ज कराई। उसके बाद आरपीएफ उसे तलाशने में जुट गई। इधर बेहटा गोकुल पुलिस ने टोंडरपुर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक से शव बरामद किया, जिसकी शिनाख्त गायब हुई किशोरी के रूप में की गई है। बिहार के तिलहटनी थाना रामभरवा ज़िला मोतिहारी की रसीली अपनी 16 वर्षीय पुत्री लालता और दामाद आदित्य तिवारी के साथ शहीद एक्सप्रेस ट्रेन पर रक्सौल से सवार होकर दिल्ली जा रही थी। रविवार की सुबह रसीली की आंख खुली तो लालता गायब थी। उसने तुरंत ही रेलवे के टोल-फ्री नंबर-139 पर उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। इसका पता होते ही आरपीएफ उसे ढूंढने लगी, इधर रविवार की सुबह बेहटा गोकुल पुलिस ने टोंडरपुर रेलवे स्टेशन के ट्रैक से बरामद हुए शव का फोटो आरपीएफ के पास पहुंचा, जिसे देख कर रसीली पोस्टमार्टम हाउस पहुंची, जहां उसने उसी शव की शिनाख्त अपनी पुत्री लालता के रूप में की। उसका कहना है कि उसकी पुत्री हादसे का शिकार हुई, फिलहाल उसने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई दूसरे दिन की दरोगा भर्ती परीक्षा

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर रविवार को अंतिम दिन एसआई परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। निष्पक्ष परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस लीं।

दरोगा भर्ती परीक्षा दूसरे दिन रविवार को आयोजित हुई। परीक्षा में दूरदराज जिले के लोग भी शामिल होने आए, जिस कारण बसों व ट्रेनों में काफी भीड़ रही। होटल व रेस्टोरेंट में भी परीक्षार्थियों व उनके परिजनों की भीड़भाड़ रही। राम जानकी मंदिर में परीक्षार्थियों के रुकने के साथ ही भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई थी। परीक्षा केंद्रों पर कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए चाक चौबंद व्यवस्थाएं रहीं। बिना जांच के किसी भी परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया गया। परीक्षा में कोई चूक न हो इसके लिए कर्मचारी पूरी तरह मुस्तैद रहे। महिला परीक्षार्थियों के आभूषण तक परीक्षा कक्ष के बाहर निकलवा दिए गए। परीक्षा कक्ष में जाने से पूर्व परीक्षार्थियों को मेटल डिटेक्टर से होकर गुजरना पड़ा।

दो दिनों तक चली परीक्षा को शांतिपूर्ण व नकल विहीन संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी मुस्तैदी से लगा हुआ था। पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा व अन्य पुलिस अधिकारी परीक्षा में पल-पल की जानकारी लेते रहे। कई परीक्षा केंद्रों का पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया। शांतिपूर्वक, निष्पक्ष परीक्षा संपन्न होने के बाद पुलिस व प्रशासन ने राहत की सांस ली।



महिला परीक्षार्थियों की तलाशी लेती पुलिस।



मेटल डिटेक्टर से परीक्षार्थी की जांच करता पुलिसकर्मी।



केंद्र प्रभारी से जानकारी लेते एसपी अशोक मीणा।

# बिजली गिरने से पिता की मौत, दो बेटे झुलसे

## रविवार सुबह बारिश होने पर खेत में आलू की फसल का बचाव करने गया था पूर्व प्रधान का बेटा व नाती

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** अचानक मौसम बिगड़ता देख पूर्व प्रधान का बेटा अपने बेटो. के साथ खेत पर आलू का बचाव करने पहुंचा, उसी बीच आकाशीय बिजली गिर पड़ी, जिससे किसान की मौत हो गई और उसके दो बेटे झुलस गए।, जिन्हे सीएचसी हरपालपुर में भर्ती कराया गया है। रविवार की सुबह हुए हादसे से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

बताया गया है कि अरवल थाने के खैरुद्दीनपुर के पूर्व प्रधान रामसिंह का 42 वर्षीय पुत्र अवधेश सिंह पेशे से किसान था। रविवार की सुबह अचानक मौसम बिगड़ गया, खेत पर आलू खुदे हुए पड़े थे, अवधेश अपने बड़े बेटे विक्रम सिंह के अलावा दो छोटे बेटों 11 वर्षीय शोभित व 8 वर्षीय अमन सिंह के साथ खेत पर था, उसी बीच आसमान में हुई तेज़ चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर पड़ी, जिसमे. अवधेश और उसके दोनों छोटे बेटे शोभित व अमन झुलस गए। इसका पता होते ही वहां भीड़ इकट्ठा हो गए, तीनों को वहां से उठा कर सीएचसी हरपालपुर पहुंचाया गया, जहां पहुंचते ही अवधेश सिंह की मौत हो गई, जबकि दोनों बेटों का इलाज चल रहा है। हादसे की खबर सुन कर उसकी पत्नी स्नेहलता सिंह का रो-रो कर बुरा हाल है। अवधेश के परिवार में उसकी पत्नी और 6 बेटे है। पुलिस जांच कर रही है।



अवधेश सिंह की फाइल फोटो।

### बेमौसम बारिश की आहट से किसान चिंतित

**हरदोई, अमृत विचार।** रविवार की सुबह से ही आसमान में सूरज व बादलों के बीच लुकाछिपी चलती रही। अचानक बदले मौसम ने लोगों को बेहाल कर दिया। तेज हवा के चलते फसलें पलटने की सबसे ज्यादा चिंता किसानों को रही। रविवार सुबह से ही आसमान में बिजली की कड़क और बादलों की तेज गर्जना ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। हल्की बूंदाबांदी के साथ बदले मौसम के मिजाज ने खेतों में खड़ी गेहूं की तैयार फसल को लेकर किसानों के चेहरों पर मायूसी ला दी है। वर्तमान में गेहूं की फसल पूरी तरह पककर तैयार है और किसान कटाई की तैयारियों में जुटे हैं। ऐसे में अचानक बदले मौसम ने उनकी मेहनत पर पानी फिरने का डर पैदा कर दिया है। यदि तेज बारिश या ओलावृष्टि होती है, तो गेहूं की बालियां खेत में गिर जाएंगी और दाने काले व खराब हो सकते हैं, जिससे उनकी गुणवत्ता और पैदावार दोनों प्रभावित होगी। किसानों ने बताया कि पिछले वर्ष भी बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने फसल को पूरी तरह तबाह कर दिया था। उस समय हुए भारी आर्थिक नुकसान से किसान अभी तक उबर नहीं पाए हैं, अगर अगर पिछले साल की तरह इस बार भी बारिश हुई, तो हमारी गेहूं की फसल बर्बाद हो जाएगी और हमारे पास कोई सहारा नहीं बचेगा। किसानों का कहना है कि यदि मौसम अगले कुछ दिनों तक साफ रहता है, तो वे जल्द से जल्द कटाई संपन्न कर फसल को सुरक्षित खलिहानों तक पहुंचा सकेंगे। फिलहाल, बादलों की लगातार गर्जना ने किसानों के दिलों में अनहोनी का डर बिठा रखा है। अचानक बदले मौसम से तापमान में भी भारी गिरावट आई। न्यूनतम तापमान 18 .5 डिग्री सेल्शियस पहुंच गया। 90 प्रतिशत बादल छाए रहे। 16 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली पुरवा हवाओं ने मौसम को सर्द कर दिया।



आसमान में छाए बादल।

## किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका कल से लगेगा

**हरदोई, अमृत विचार।** सर्वाइकल कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग 17 मार्च से जनपद में किशोरियों के लिए टीकाकरण अभियान प्रारंभ कर रहा है। अभिगमन की शुरुआत जिला महिला अस्पताल से होगी उसके बाद जनपद के सभी सीएचसी पर भी टीका लगाया जायेगा। टीका निशुल्क लगेगा।

सीएमओ डा भवनाथ पांडे ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा इस टीकाकरण अभियान का शुभारंभ पहले ही राष्ट्र स्तर पर किया जा चुका है। आज अपने जनपद में टीकाकरण प्रारंभ हो रहा है। यह सर्वाइकल कैंसर का टीका जिला महिला अस्पताल के द्वितीय तल पर प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक निःशुल्क लगाया जायेगा। टीके एक ही डोज दी जाएगी जो सर्वाइकल कैंसर के खतरे से बचाव करेगी। यह टीक 14 वर्ष की पूर्ण कर चुकी पर 15 साल न पूर्ण कर चुकी किशोरियों को लगाया जायेगा। टीकाकरण के समय आयु सत्यापन के लिए कोई न कोई प्रमाण पत्र जैसे स्कूल का आई डी कार्ड, आधार कार्ड, फोटो युक्त मार्कशीट इत्यादि लाना आवश्यक है। टीका लगवाने हेतु अभिभावक की सहमति जरूरी होगी। टीकाकरण के समय खाली पेट न आयें। हल्का भोजन या नाश्ता करके ही आयें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ आरके सिंह ने बताया कि जनपद में कुल 48 हजार बच्चियों को टीका लगाया जायेगा।



बाबा नीम करोरी का चित्र देते स्वामी रंगनाथ। अमृत विचार

## संगीतमय सुंदरकांड का हुआ आयोजन

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** बाबा नीम करोली पंचवटी आश्रम पर सुंदरकांड उपरांत दिव्य रुद्राभिषेक एवं श्रृंगार बाबा नीम करौरी महाराज और हनुमान जी महाराज का दिव्य एवं भव्य श्रृंगार किया। इसके उपरांत हनुमान चालीसा, विनय चालीसा, आरती प्रसाद एवं भक्तों ने भण्डरा प्रसाद किया। बिरला मंदिर कश्मीरी गेट दिल्ली के पीठाधीश्वर श्री नारायण स्वामी जी के पुत्र गोपाल स्वामी सपरिवार उपस्थित हुए मेहता, द्विवेदी, शनि जी व अन्य अन्य भक्तगण उपस्थित हुए। श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पीठाधीश्वर श्री स्वामी रंगनाथ महाराज, आचार्य चंद्रशेखर त्रिपाठी, राजेश दीक्षित रामेंद्र अग्निहोत्री, पंकज अग्निहोत्री, गोविंद अग्निहोत्री, मनभावन बाजपेई, निखिल कुशवाहा व देव द्विवेदी अन्य भक्तगण उपस्थित रहे है।

## युवक को सर्प ने काटा अस्पताल में कराया भर्ती

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के भिखापुर गांव में घर के बाहर रखे गद्दे को हटाते समय युवक को सर्प ने काट लिया। परिजनों ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया है। भिखापुर गांव निवासी शिवम (22) पुत्र प्रकाश घर के बाहर पड़े गद्दे को हटा रहा था। इसी दौरान गद्दे के नीचे छिपे सर्प ने उसे काट लिया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने युवक को भर्ती कर प्राथमिक उपचार शुरू किया। चिकित्सक डॉ. लियाकत ने बताया कि युवक का ब्लड सैंपल ले लिया गया है और आवश्यक जांच की जा रही है, ताकि सही उपचार दिया जा सके। फिलहाल युवक की हालत स्थिर बताई जा रही है और डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहा सर्वोदय आश्रम

**संवाददाता, हरदोई**

- टीपीएल की अध्यक्ष ने जीवन में स्वावलम्बी बनने के दिए सुझाव

**अमृत विचार।** महिला सशक्तीकरण के साथ महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने में सर्वोदय आश्रम की पहल मील का पत्थर साबित हुई है। टीपीएल (टाटा पावर लिंक्स) दिल्ली की अध्यक्ष मन्जू गुप्ता ने कहा कि आश्रम ने महिलाओं को हुनर की शिक्षा देकर उन्हे सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया है, जितनी भी उसकी तारीफ की जाए, कम है।

टाटा पावर लिंक्स की अध्यक्ष मंजू गुप्ता का कारवां दिल्ली से चल कर हरदोई बार्डर पर पहुंचा, जहां आश्रम की अध्यक्ष उर्मिला श्रीवास्तव ने उनके अलावा टीम में शामिल सीएसआर प्रमुख दीक्षा सिंह और सीईओ दिल्ली विश्वास सुरंचे का स्वागत करते हुए उन्हे 'सर्वोदय अतिथि सम्मान' से नवाज़ा। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि महिलाओं के जीवन में सिलाई-कढ़ाई ऐसा हुनर है जो घर बैठे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मज़बूत और उनके जीवन को स्वावलम्बी बनाने को रास्ता देता है। कहा कि हुनर की शिक्षा को अपना कर अपना जीवन सशक्त बनाते हुए दूसरी महिलाओं को हुनर की शिक्षा के महत्व को समझाते हुए उन्हें प्रेरित करें। विशिष्ट अतिथि सीएसआर प्रमुख दीक्षा सिंह ने कहा कि उषा पावर लिन्क्स व सर्वोदय आश्रम का संयुक्त प्रयास महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मौका दे रहा है। सीईओ विश्वास सुरंगे ने अपना सुझाव रखा। डा. आलोक शुक्ला ने उषा की प्रगति रिपोर्ट सामने रखी। सर्वोदय आश्रम के अध्यक्ष उर्मिला श्रीवास्तव ने प्रदेश में चले 572 उषा सर्वोदय स्वावलम्बन सिलाई स्कूलों की जानकारी वाली प्रगति रिपोर्ट व प्रीति कुशवाहा और गुलाब जहां ने संयुक्त प्रशिक्षण की जानकारी वाले अनुभव साझा किए। लक्ष्मी गुप्ता सुमन देवी, अहिंसा, पूनम, सुलोचना अर्चना, अमिता सिंह, निशू गौतम और सर्वोदय आश्रम ने अपने अपने ग्रुप की प्रगति की जानकारी दी। अध्यक्षता व संचालन आश्रम की अध्यक्ष उर्मिला श्रीवास्तव ने किया, आलोक त्रिपाठी और बृजेश सक्सेना व देवराज गौतम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




कार्यक्रम को संबोधित करतीं उर्मिला। अमृत विचार

# संगीतमयी सुंदर कांड पाठ व मनमोहक झांकियों ने मन मोहा

- बेसिक शिक्षक परिवार के तत्वावधान में हुआ आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** बेसिक शिक्षक परिवार के तत्वावधान में शनिवार को शहर के एक लान में नवम भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें लखनऊ के भजन गायक शशांक सागर व उनकी टीम ने संगीतमयी सुंदर कांड का भक्तों ने रसपान किया। कार्यक्रम में भगवान श्रीराम और हनुमान जी की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्हें देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

पूजा-अर्चना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सुंदर कांड का सामूहिक पाठ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भजन-कीर्तन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और कार्यक्रम स्थल राम नाम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान सुंदर झांकियों के माध्यम से रामायण के विभिन्न प्रसंगों का जीवंत प्रदर्शन किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। कन्या भोज का आयोजन कर कन्याओं को उपहार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसादी भोज वितरित किया गया। इस बीच बेसिक शिक्षक परिवार के सदस्य व नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



भव्य सुंदरकांड पाठ के बीच बालाजी की सुंदर झांकी का आनंद लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

## बरामदे में फांसी लगा कर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** खेती-बाड़ी करने वाले युवक ने अपने घर के बरामदे में प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की छानबीन कर आत्महत्या की वजह तलाशी जा रही है। पिहानी कोतवाली के सिमौर निवासी 25 वर्षीय सोनू पुत्र मान सिंह खेती-बाड़ी कर पत्नी ममता और अपनी 5 महीनें की दुधमुंही बच्ची के साथ गुज़र करता था। शनिवार की शाम को पत्नी खाना बना रही थी, घर में कोई और नहीं था, उसी बीच सोनू ने प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## जकात गरीबों का हक व अमीरों का कर्त्तव्य : सय्यद आरिफ़

**संवाददाता, संडीला, हरदोई**

**अमृत विचार।** शहर क़ाज़ी सय्यद मोओ आरिफ़ अब्दुल्लाह ने बताया कि जकात इस्लाम धर्म के पांच आधार स्तंभों में से एक है। हर मुस्लिम के लिए जकात देना फर्ज (परम कर्त्तव्य) है। जिस भी मुस्लिम (मर्द या औरत) के पास 7.5 तोला (87.48 ग्राम) सोना है, या उतनी कीमत की संपत्ति है, उसको हर वर्ष अपनी आय का 2.5 फीसद जकात देनी होती है। जकात गरीब लोगों का हक और अमीर लोगों का कर्त्तव्य है। जकात का महत्व इस बात से ही पता चलता है कि पवित्र कुरआन में अल्लाह ने जकात का ज़िक्र 32 बार किया है। उन्होंने बताया इसकी अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है की कुरआन मजीद में नमाज़ कायम करने के हुक्म के साथ बार-बार जकात अदा करने का हुक्म दिया गया है। जकात का मकसद मालदार लोगों से माल लेकर गरीब लोगों की आर्थिक रूप से मदद करना है।



शहर क़ाज़ी सय्यद आरिफ़ अब्दुल्लाह।

**आयोजन** | दो दिवसीय महाभियान के तहत दिया गया प्रशिक्षण

# कार्यकर्ताओं को समझाई भाजपा की कार्य पद्धति

**संवाददाता, माधौगंज, हरदोई**

**अमृत विचार।** कस्बे के मां फूलमती इण्टर कॉलेज में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन करके किया गया प्रथम चरण में सामूहिक रूप से सभी भाजपाइयों ने सर्वप्रथम वंदे मातरम गीत गाया।

मुख्य वक्ता भाजपा जिला मंत्री अविनाश पाण्डेय ने 'कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि' शीर्षक पर अपना उद्बोधन दिया। अध्यक्षता मनोज हिन्दू द्वारा की गई। द्वितीय चरण में अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक एवं सदस्य प्रदेश कार्य समिति भाजपा अशोक सिंह ने इतिहास विकास शीर्षक पर विस्तृत चर्चा कर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। प्रशिक्षण महाभियान के चतुर्थ चरण में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी संजय सिंह गुड्डू ने कार्य पद्धति शीर्षक पर विस्तृत प्रकाश डाला। पांचवें चरण में बूथ प्रबंधन व मन की बात एवं टिफिन बैठक शीर्षक पर मुख्य वक्ता जिला प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी ने सम्बोधित किया। जिसकी अध्यक्षता आचार्य सतीश मिश्र द्वारा की गई। आलोक शुक्ला जिला संयोजक श्रम प्रकोष्ठ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जिसकी अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश वर्मा ने की। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आनंद सैनी ने सभी अतिथियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का पटका पहनाकर स्वागत किया।



प्रशिक्षण अभियान में शामिल भाजपा कार्यकर्ता।

## युवती ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम झंझौली में शनिवार की रात एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। युवती के पिता झंझौली निवासी फूलगिरी ने बताया कि शनिवार की रात हम घर के लोग रोजाना की तरह का पीकर सो गये। सुबह 5 बजे जाग कर देखा तो मेरी 22 वर्षीय पुत्री चंदना देवी अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। उसका शव बरामदे में हुक से दुपट्टे के सहारे लटक रहा था। इंस्पेक्टर सतीश चन्द्र ने बताया कि मामले में पिता की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



## पड़ोसियों के हमले में घायल बुजुर्ग की अस्पताल में मौत

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** 3 बिस्वा जमीन ही बुजुर्ग की मौत की वजह बन गई। जमीन की खरीद-फरोख्त करने वाले उसके पड़ोसियों ने बुजुर्ग पर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से हमला कर दिया, जिसमें गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान 9वें दिन शनिवार की शाम मौत हो गई। सवायजपुर कोतवाली के ढ़परापुर मजरा कनकापुर उबरिया निवासी 76 साल के लवकुश ने कुछ साल पहले 3 बिस्वा ज़मीन खरीदी थी। भाई गिरीश ने बताया कि उसके पड़ोसी उसी 3 बिस्वा ज़मीन पर कब्ज़ा करना चाहते थे। उसी बात पर अक्सर कहासुनी हुआ करती थी। 5 मार्च को आरोपी पड़ोसियों ने लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से लवकुश पर हमला कर उसे अधमरा कर दिया था। उस मामले में बुज़ुर्ग की छोटी भौजाई उर्मिला देवी पत्नी गिरीश उर्फ बाबा ने पुलिस को तहरीर दी थी। बुज़ुर्ग को सीएचसी से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, वहां से छुट्टी होने के बाद से उसकी घर में ही दवाई चल रही थी। शनिवार को उसकी तबियत बिगड़ी और मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी, फिलहाल जांच हो रही है।

## अधेड़ की मधुमक्खियों के हमले में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** खेत पर काम कर रहा अधेड़ रोज़ा अफ्तार करने के लिए घर जा रहा था। उसी बीच रास्ते में मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। शोर सुनकर लोगों ने उसे मधुमक्खियों से बचाकर 100 बेड हास्पिटल पहुंचाया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। कोतवाली देहात के कोढ़वा निवासी 52 वर्षीय बकरीदी पेशे से किसान था। शनिवार को वह खेत पर काम कर रहा था, शाम को रोज़ा अफ्तार करने के लिए घर जा रहा था। उसी बीच रास्ते में उसके ऊपर मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। 100 बेड हास्पिटल पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। बकरीदी के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटे नियाज़ अहमद, शमसुद्दीन, जमील व तीन बेटियां है।



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.46 बजे
अफ्तार : 06.28 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.52 बजे
अफ्तार : 06.18 बजे

## न्यूज ब्रीफ

### घरेलू गैस से वेल्डिंग करने पर मुकदमा दर्ज

**महमूदाबाद, सीतापुर।** पुलिस ने घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करने के आरोप में एक दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच टीम के अनुसार, उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में टीम ने गल्ला मंडी के सामने स्थित पटेल रिपेयरिंग पर छापेमारी की। वहां दुकान मालिक हंसराज वर्मा पुत्र स्व. बनवारी लाल वर्मा को घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर वेल्डिंग कार्य करते हुए पाया गया। टीम ने मौके से सिलेंडर और पाइप को कब्जे में लेकर उसे संबंधित गैस सर्विस को सुपुर्द कर दिया।

### तमंचे संग गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार।** पिसावां में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पिसावां पुलिस ने एक शातिर को अवैध असलहे के साथ दबोचा है। उपनिरीक्षक दिवाकर प्रसाद मिश्रा के मुताबिक, पकड़े गए बरगावां निवासी रामहेत पुत्र लक्खा के कब्जे से 315 बोर का तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए अभियुक्त का पुराना आपराधिक इतिहास है। मामले की जांच की जा रही है।

# काम में लापरवाही पर डीएम सख्त

## तंबौर नगर पंचायत का किया औचक निरीक्षण, अधिशासी अधिकारी को फटकार

संवाददाता तंबौर, सीतापुर



नगर पंचायत में अभिलेखों की जांच करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने रविवार को आदर्श नगर पंचायत तंबौर अहमदाबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाओं और कार्य में लापरवाही मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। डीएम ने निर्माण पत्रावलियों के अवलोकन के दौरान वर्कऑर्डर के अनुरूप कार्य न होने पर अधिशासी अधिकारी अनूप राय को फटकार लगाई। 27 लाख की पत्रावलियों, आरसीसी और गौशाला निर्माण में त्रुटियां मिलने पर जेई लघु सिंचाई और पटल सहायक के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में वाहनों की लॉकबुक न मिलने और ईंधन रजिस्टर पर ईओ के हस्ताक्षर न होने जैसी गंभीर कमियां भी पाई गईं। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और दाखिल-खारिज के मामलों के लंबित होने पर डीएम ने सख्त निर्देश दिए कि जनहित के कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पानी टंकी की नियमित सफाई और उसका रजिस्टर बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

## महिलाओं को किया जागरूक

**बिसवां, सीतापुर।** जनपद में 'मिशन शक्ति' अभियान का पांचवां चरण जारी है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश में गठित विशेष महिला सुरक्षा टीमें क्षेत्रों में सक्रिय हैं। अभियान के अंतर्गत रेउसा सहित सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमें स्कूलों, कॉलेजों, प्रमुख चौराहों और बस स्टेशनों पर मुस्तैद दिखीं। टीम की महिला सदस्यों ने छात्राओं व महिलाओं को सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्हें कानूनी अधिकारों व आपातकालीन स्थिति में पुलिस सहायता प्राप्त करने के तरीके बताए। पुलिस टीमों ने इतवारी और बम्हनवा गांव और बैंकों में भी चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया।

## हर्ष फायरिंग में ग्रामीण घायल ससुर ने बहू पर चलाई गोली

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध असलहों के प्रयोग से दो लोग जख्मी हो गए। रेउसा में मांगलिक उत्सव के दौरान घटना घटित हुईं, वहीं पिसावां में पारिवारिक कलह के चलते एक ससुर ने अपनी ही बहू की जान लेने की कोशिश की।

पहला मामला रेउसा थाना क्षेत्र के ग्राम कुंडी का है। देर रात राजकुमार सिंह की पुत्री की बारात में द्वारचार हो रहा था। इसी दौरान हर्ष फायरिंग शुरू हो गई। एक गोली मनोज अवस्थी (42) के सिर को छूती हुई निकल गई। जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गई। मनोज को सीएससी से लखनऊ मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी ने बताया कि आरोपी की तलाश करते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### विवाद में ससुर ने बहू पर किया फायर

पिसावां के बरगावां गांव में प्रेम विवाह से नाराज ससुर रामहेत ने अपनी बहू दीक्षा पर जान से मारने की नीयत से फायर झोंक दिया। पीड़िता के मुताबिक, उसने किसी तरह से अपनी जान बचाई, थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि आरोपी ससुर को असलहे और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

## शाखा संगम में स्वयंसेवकों ने दिखाई एकजुटता

**लहरपुर, सीतापुर।** नगर के प्राचीन पेरूवा ताल हनुमान मंदिर प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा 'शाखा संगम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संगम में नगर क्षेत्र की पांच शाखाओं के स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। मुख्य वक्ता डॉ. राम लखन सिंह ने कहा कि शाखाएं केवल शारीरिक विकास का केंद्र नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से समाज में समरसता, अनुशासन और एकजुटता का भाव जागृत होता है। कार्यक्रम में नगर संघ चालक शिव शंकर, नगर कार्यवाह राजन, जिला बाल कार्य प्रमुख सलिल, नगर प्रचारक आनंद, खंड कार्यवाह अमित, मुकेश आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मेधावियों के साथ मौजूद अतिथिगण। अमृत विचार

## मेधावी बेटियों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक

**सीतापुर, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की आनुषांगिक संस्था 'महक' द्वारा जनपदीय प्रतियोगिता एवं बालिका सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष रवींद्र दीक्षित ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुनीन्द्र अवस्थी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद मोहन मिश्र उपस्थित रहे। प्रमुख विजेताओं में विधि वर्मा (प्रथम), काजल गौतम (द्वितीय), सपना (तृतीय) ने सुलेख प्रतियोगिता में विजयी रहीं वहीं चित्रकला में अंशिका (प्रथम), प्राची (द्वितीय), सपना (तृतीय), भाषण में सृष्टि (प्रथम), इल्मा (द्वितीय), आरती (तृतीय) रंगोली में पलक व मुस्कान की टीम प्रथम रही। मेहंदी में कहकशां (प्रथम), संध्या (द्वितीय), आस्था (तृतीय), योग में प्राथमिक में सपना व पूर्व माध्यमिक में सोनाली ने बाजी मारी। इस अवसर पर रत्नेश मिश्र, नीलम कुमारी, संतोषी गुप्ता, अंजू गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

## सपा को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने का आह्वान



गांव में पीडीए की बैठक करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के पीडीए चौपाल कार्यक्रम के तहत नेता अतुल वर्मा ने क्षेत्र के ग्राम उमरा कला, चीत पुर, अदलिस पुर और प्यारा पुर का दौरा किया। बैठक के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। अतुल वर्मा ने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कार्यकर्ताओं से सपा के झंडे तले एकजुट होने की अपील की। इस अवसर पर भागीरथ मौर्य, राम लखन वर्मा, दिनेश यादव, दिनेश गौतम और शमशाद अली आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शैक्षणिक भ्रमण को निकला विद्यार्थियों का दल





शैक्षणिक भ्रमण के लिए जाते बच्चे। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** अटरिया के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज जजौर से 40 विद्यार्थी शैक्षिक भ्रमण को दिल्ली रवाना हुए। सत्र में छात्र देश के प्रमुख ऐतिहासिक एवं शैक्षिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। प्रधानाचार्य नरेंद्र तिवारी के मुताबिक दल दिल्ली में राष्ट्रपति भवन, इंडिया गेट सहित कई महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण करेगा। इसका उद्देश्य ग्रामीण और वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा से बाहर निकलकर सीखने का अवसर प्रदान करना है।

## लापरवाही की भेंट चढ़ा नया जिम पार्क



जिम का टूटा हुआ सामान। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** ग्राम सांडा में सकरन मोड़ के पास बना नया जिम पार्क बदहाली पर आंसू बहा रहा है। टेरवाकाल और बारहसिंगा के निवासी नीरज, अमित कुमार, राहुल, संदीप और रफी ने बताया कि पार्क अभी हाल ही में बनकर तैयार हुआ था लेकिन उपयोग से पहले ही यहां उपकरण टूट चुके हैं। बदहाली का आलम यह कि जिम के बेस उखड़ गए हैं और मशीनें जमीन पर गिरी पड़ी हैं। ऐसे में युवाओं ने यहां आना ही बंद कर दिया है। मामले पर सचिव प्रदीप कुमार का कहना है कि कुछ शरारतीतत्वों द्वारा जिम के उपकरण और खेल मैदान का गेट उखाड़ दिया गया है। परिसर में सीसीटीवी कैमरा न होने से अब तक उनका पता नहीं चल सका है। मामले की जांच कर जल्द ही मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

## बच्चे को मारने से रोका तो शिक्षामित्र से अभद्रता

**साण्डा, सीतापुर।** सकरन क्षेत्र में एक शिक्षामित्र ने अभिभावक पर मारपीट का आरोप लगाया है। शिक्षामित्र ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। ग्राम पंचायत बेलवा बसहिया स्थित कंपोजिट विद्यालय की शिक्षा मित्र मीतू मिश्रा के मुताबिक गांव का एक व्यक्ति अपनी पुत्री को विद्यालय में नाराज होकर पीटने लगा इस बात को लेकर उसने बीच- बचाव किया और ऐसा करने से मना किया। बस इतनी सी बात पर विपक्षी नाराज हो गया। आरोप है कि विपक्षी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर उसके साथ अभद्रता करते हुए हाथापाई की।

## नौकरी के नाम पर महिलाओं से ठगी का आरोप

**साण्डा, सीतापुर।** सकरन क्षेत्र में महिलाओं को स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित उमा मिश्रा के मुताबिक, रूरल वेलफेयर प्रोग्राम नामक कथित एनजीओ के नाम पर 20 से 25 महिलाओं से प्रति महिला 1000 से 1200 रुपये वसूले गए हैं। खुद को ब्लॉक और डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर बताने वाले अनमोल यादव व रामनारायण नामक व्यक्ति ने हेल्थ वर्कर के पद पर भर्ती का झांसा दिया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद मित्रा ने बताया कि मामले में जांच कराई जा रही है।

## फटकार के बाद शुरू हुआ गैस वितरण

**खैराबाद, सीतापुर।** राधाकृष्ण गैस एजेंसी पर अव्यवस्थाओं के चलते सिलेंडर वितरण ठप रहा। सुबह से ही लोग लंबी कतारों में खड़े रहे लेकिन एजेंसी कर्मियों ने वितरण शुरू नहीं किया। सुबह करीब 10 :40 बजे जब सदर तहसीलदार अतुल सेन सिंह मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने स्थिति देखकर कड़ी नाराजगी जताई। तहसीलदार ने एजेंसी के जिम्मेदार अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई जिसके बाद आनन-फानन में वितरण कार्य शुरू हो सका।

## नशा समाज के लिए बड़ी चुनौती: डॉ. जिलानी

**सीतापुर, अमृत विचार।** इनरव्हील क्लब ऑफ सीतापुर द्वारा सीतापुर मेडिकल हॉल में नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता नार्कोटिक्स डॉ. जिलानी ने कहा कि नशा आज समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है। डॉ. जिलानी ने 50 वर्ष की आयु के बाद होने वाली मानसिक समस्याओं और अल्जाइमर के लक्षणों के प्रति भी जागरूक किया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष उर्वशी अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अंजू गुप्ता, सचिव सरिता अग्रवाल, नीरू अग्रवाल, बसंत गोयल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## बेमौसम बारिश से फसलों पर संकट

**बिसवां/सीतापुर।** जिले में मौसम के बदले मिजाज ने किसानों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। बिसवां, रामपुर मथुरा, और मछरेहटा समेत आसपास के इलाकों में तेज हवाओं संग हुई बारिश से खेतों में खड़ी और कटी फसलों पर बर्बादी का खतरा मंडराने लगा है। किसान रामसुमेर ने बताया कि कटाई के समय हो रही इस बारिश से उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा। वहीं, रामपुर मथुरा, लहरपुर, मछरेहटा क्षेत्र में हुई बूंदाबांदी ने दलहन और तिलहन की फसलों को संकट में डाल दिया है। किसान अनिल, पुष्कर और पंकज ने बताया कि खेतों में कटी पड़ी सरसों, मसूर और मटर की फसलें भीगने से उनमें अंकुरण होने का डर है।

## दो दुकानों में सेंधमारी, नकदी व सामान समेटा

**सीतापुर, अमृत विचार।** थानगांव इलाके के चकदहा चौराहे पर दो दुकानों में सेंधमारी हुई। दुकानदारों का दावा है कि शातिर वारदात के दौरान नकदी और सामान ले जाने में सफल रहे। देर रात चोरों ने थाना क्षेत्र के चकदहा चौराहे पर स्थित दो दुकानों को अपना निशाना बनाया। दुकानों के पीछे की दीवार में सेंध मारी की। दुकानदार वीरेश राजपूत के मुताबिक, चोर उनकी दुकान से करीब 20 हजार रुपये की नकदी और लगभग 50 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया। वारदात के बाद अगला निशाना दुकानदार दीपू मौर्या की दुकान को बनाया। दुकान से 32 हजार रुपये की नकदी और करीब 20 हजार रुपये का सामान चोरी कर शातिर फरार हो गए। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इलाका वासियों ने पुलिस पिकेट पर सवाल खड़े किये हैं।

## गूरेपारा में होली मिलन पर जुटे लोग

**लहरपुर, सीतापुर।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम गूरेपारा में पूर्व विधायक सुनील वर्मा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक सुनील वर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, ब्लॉक प्रमुख उमाशंकर वर्मा, वीरेंद्रपुरी, सुधाकर शुक्ला, परमेश्वर भार्गव, उमेश मेहरोत्रा और मनोज गुप्ता समेत भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।





शिविर के दौरान उपस्थित छात्राएं। अमृत विचार

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**लहरपुर, सीतापुर।** विकासखंड के जनता इंटर कॉलेज कल्याणपुर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षकों ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामुदायिक सेवा के महत्व की विस्तार से जानकारी दी। आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एनएसएस से जुड़ने के लाभ बताए गए। जागरूकता के उद्देश्य से गांव में एक रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण व स्वास्थ्य के प्रति सचेत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मोहम्मद इदरीश, कार्यक्रम अधिकारी शिवशंकर, सतनाम यादव, राहुल गुप्ता, अमित कुमार वर्मा और ब्रह्म प्रकाश सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## गलत इंजेक्शन लगाने से गाय की मौत का आरोप

**हरगांव, सीतापुर।** रामनगर निवासी एक पशुपालक ने पशु चिकित्सालय के कर्मचारी पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीण शिवप्रसाद के अनुसार, पशु चिकित्सालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने उनकी गाय को एक इंजेक्शन लगाया था। आरोप है कि गलत इंजेक्शन लगने के कारण गाय की हालत बिगड़ गई और बीती छह मार्च को उसकी मौत हो गई। पीड़ित ने इस मामले में पुलिस और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। उधर, पशु चिकित्सा अधिकारी आरके शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी।

## वज्रपात से महिला की गई जान, दूसरी गंभीर

**घटना**

संवाददाता बिसवां, सीतापुर

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम झव्वाखुर्द में कुदरत का कहर टूट पड़ा। अचानक बदले मौसम के बीच गिरी आसमानी बिजली की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर रूप से झुलस गई। इस हादसे से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों के अनुसार, गांव निवासी विमला पत्नी विशंभर और बब्ली पत्नी जुगुल किशोर अपने मायके जा रही थीं। रास्ते में तेज गर्जना के साथ बिजली गिरी, जिसकी चपेट में दोनों महिलाएं आ गईं। विमला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई,



विमला (फाइल फोटो)

जबकि गंभीर रूप से घायल बब्ली को तुरंत सांडा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। जिसके बाद तहसीलदार उमा शंकर त्रिपाठी ने घटना का तत्काल संज्ञान लिया। लेखपाल मोहम्मद कलीम ने क्षति का आंकलन किया और अपनी रिपोर्ट तैयार की।

## जयंती पर कांशीराम को किया नमन

**औरंगाबाद, सीतापुर।** स्थानीय कर्पूरी ठाकुर पार्क कादीनगर में कांशीराम की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर समाजसेवी एवं भाजपा नेता देवेंद्र नंदवंशी ने कांशीराम साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। नंदवंशी ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर के बाद कांशीराम ने अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्गों की राजनीतिक हिस्सेदारी और नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए आजीवन संघर्ष किया। कार्यक्रम में सुनैना नंदा द्वारा रचित गीत क्रांति की जली जो ज्वाला, उसे बुझने नहीं देंगे को खूब सराहना मिली। इस दौरान सुनील कुमार, कपिल कुमार, रंजीत भारती, चंद्रशेखर आजाद आदि रहे।

## सड़क हादसों में दो की मौत बच्चों समेत सात घायल

**सीतापुर, अमृत विचार।** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बीते 24 घंटों के भीतर हुए सड़क हादसों ने दो परिवारों में कोहराम मचा दिया, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना मुकीमपुर के पास हुई, जहां बाइक डिवाइडर से टकराने के कारण लखनऊ निवासी खुशीराम (24) की मौत हो गई और उसका साथी रितेश घायल हो गया। दूसरी दुर्घटना रामपुर मथुरा मार्ग पर हुई, जहां डंपर की टक्कर से घायल वसीक (30) घायल हो गया, लखनऊ ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई। उधर, कमलापुर क्षेत्र के पताराकलां मोड़ पर कैसरबाग डिपो की बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे लखीमपुर खीरी निवासी संजय, उनकी पत्नी पुष्पा और तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। निरीक्षक इतुल चौधरी ने तत्परता दिखाते हुए अपनी गाड़ी से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। एक अन्य हादसा बरेली हाईवे पर कटीली चौकी के पास हुआ, जहां अचानक मुड़े ट्रक से कार टकरा गई। एयरबैग खुलने से लखनऊ निवासी चालक अजय प्रताप चौरसिया की जान बच गई। पुलिस ने सभी मामलों में विधिक कार्रवाई की है।

## मानसिक विक्षिप्त महिला और मासूम से दरिंदगी में दो आरोपी गिरफ्तार

**बिसवां/सीतापुर।** जनपद में दो स्थानों पर मासूम सहित दो के साथ दरिंदगी हुई। वारदात को लेकर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए गिरफ्तारी की कार्रवाई की है। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के कुंवरगड्डी इलाके में पीड़िता रविवार की रात बाजार स्थित शेड से लापता हो गई थी जो बाद में लहूलुहान अवस्था में मिली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं बिसवां थाना क्षेत्र में एक छह वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला प्रकाश में आया। आरोप है कि टेढ़वा निवासी लतीफ ने बच्ची को मटर खिलाने के बहाने अपनी दुकान पर बुलाकर उसके साथ अभद्रता की। बच्ची की मां की शिकायत और पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## एक शिकायत का थाने पर हुआ निस्तारण

**रामपुर मथुरा, सीतापुर।** तहसीलदार महमूदाबाद की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 8 प्रार्थना पत्र आए, एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में ग्राम पंचायत तेरवा मनिकापुर में अन्नपूर्णा भवन के निर्माण में स्थान परिवर्तन को लेकर लगभग 50 लोगों का समूह थाने पर पहुंचा। जिसे तहसीलदार अनिल कुमार राम ने उप जिलाधिकारी महमूदाबाद के स्तर से मामले का निस्तारण कहते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। उपस्थित लोगों का कहना था अन्नपूर्णा भवन गांव की मुख्य आबादी से दूर बनाया जा रहा है जहां तक भारी वाहन नहीं ले जाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त सात प्रार्थना पत्र राजस्व से संबंधित प्राप्त हुई है। इस अवसर पर थानाध्यक्ष श्यामू कनौजिया, संजय सिंह, राजाराम यादव, राधेश्याम सिंह, वीरेंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।





आरोग्य मेले के दौरान मरीज का उपचार करते चिकित्सक। अमृत विचार

## आरोग्य मेलों में हुई मरीजों की जांच, दी गईं दवाएं

**लहरपुर /सीतापुर।** क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। खराब मौसम के बावजूद मेलों में कुल मरीजों ने पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। डॉक्टरों ने मरीजों को उपचार देने के साथ ही दवाएं वितरित कीं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर के अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेयी के मुताबिक, पांच केंद्रों पर शिविर लगाए गए। सर्वाधिक 54 मरीज अकबरपुर पीएचसी में डॉ. अख्तर हुसैन द्वारा देखे गए। इसके अलावा खैरुल्लापुर में डॉ. रवि प्रकाश वर्मा ने 40, अकैचनपुर फरीदपुर में डॉ. प्रज्ञा शरण आनंद ने 32, ढखेरा में डॉ. तलत जहां ने 31 और बिलरिया पीएचसी में डॉ. आदित्य सिंह ने 29 मरीजों की जांच की। अधीक्षक ने बताया कि अधिकांश मरीज वायरल बुखार, दमा, शुगर और त्वचा रोगों से पीड़ित मिले। उधर अन्य स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने और बदलते मौसम के मद्देनजर वायरल रोगों को लेकर आमजन को जागरूक किया गया।

**पुलिस भर्ती परीक्षा** — पहली पाली में 896 तो दूसरी में 809 अभ्यर्थी रहे गैरहाजिर

# कहीं घुप्प अंधेरा तो कहीं छांव तलाशते रहे अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** मौसम का असर पुलिस भर्ती परीक्षा में देखने को मिला। सुबह छाए घुप्प अंधेरे के बीच बारिश की आपाधापी में अभ्यर्थी और अभिभावक परीक्षा केंद्र के बाहर परेशान दिखे।

दूसरे दिन की परीक्षा में 5760 अभ्यर्थियों को सम्मिलित होना था, लेकिन 1705 अभ्यर्थियों द्वारा छोड़ दी। कुल आठ केंद्रों पर पहली पाली में 2880 अभ्यर्थियों को शामिल होना था। इसमें 896 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में भी 2880 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 809 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में अनुपस्थित रहे। इस दौरान पुलिस पीएसी मौजूद रही। राजकीय डिग्री कॉलेज के बाहर टेंट लगा हुआ था। इसमें तड़के कानपुर से शिवम और लखनऊ से दीपक के अभिभावक मौजूद थे। अचानक तेज हवाओं के बीच हुई बारिश से केंद्र के बाहर कई अभ्यर्थी इधर-उधर परेशान होते दिखे। कुछ अभिभावकों ने दुकानों के शटर के बाहर खड़े होकर राहत की सांस ली।





परीक्षा छूटने के बाद जीआईसी चौराहे पर एकत्रित ई-रिक्शा व अभ्यर्थी। अमृत विचार

### विधायक और पूर्व विधायक ने जताई आपत्ति

उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के एक दिन पूर्व प्रश्न-पत्र में पंडित शब्द के इस्तेमाल को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, हिंदी खंड में अवसर के अनुसार बदल जाने वाले के विकल्पों में पंडित शब्द शामिल किया गया था। महोली विधायक शशांक त्रिवेदी ने इस पर कड़ा ऐतराज जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। विधायक ने इसे विद्वान समाज का अपमान और सुनियोजित साजिश बताते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उधर, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता का कहना है कि पंडित शब्द सम्मान का प्रतीक है, जिसे नकारात्मक अर्थ में पेश करना सामाजिक समरसता के खिलाफ है।

## सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुसी बस, 15 यात्री घायल

**हरगांव, सीतापुर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर शाहमहोली कस्बे में रविवार रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहाँ सड़क पर खड़े एक खराब ट्रक में पीछे से आ रही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बस परिचालक सहित कुल 15 यात्री घायल हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, लखीमपुर की ओर जा रहा एक ट्रक खराब होने के कारण शाहमहोली कस्बे में सड़क के बीचों-बीच खड़ा था। इसी बीच सीतापुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस अनियंत्रित होकर ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई। हादसे में घायल परिचालक हरदोई निवासी नीतू के अलावा लखीमपुर खीरी निवासी सुनीता देवी, कमलेश, लक्ष्मी, सुशीला, इरफान, आरिफ, नीलम, बैजन्ती, ज्योति, नेहा, पल्लवी, गुंजन व शगुन और सीतापुर निवासी अनशन व आयुषी यादव को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### दो पक्षों में मारपीट का वीडियो वायरल

**अमावां :** मिल एरिया थाना क्षेत्र में गाड़ी खड़ी करने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रविवार को इस मामले में दोनों पक्षों ने मिल एरिया थाने में तहरीर दी। प्रगतिपुरम निवासी जीसी चौहान पुत्र स्व. अयोध्या प्रसाद और शिखा मिश्रा पत्नी योगेश मिश्रा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शनिवार रात गाड़ी खड़ी करने को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मिल एरिया थानाध्यक्ष विंध्य विनय ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हत्या के प्रयास का वांछित गिरफ्तार

**बछरावां :** बछरावां थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। 24 नवंबर 2025 की सुबह खेत पर पहुंचे अखिलेश कुमार और उनके पुत्र नमन पर घात लगाकर हमला किया गया था। आरोप है कि परिवार के ही संतोष कुमार, बृजेश कुमार और निर्दोष कुमार ने फावड़ा व अन्य औजारों से जानलेवा हमला किया, जिसमें अखिलेश कुमार के सिर पर गंभीर चोटें आईं तथा नमन के हाथ में भी चोट लगी। पीड़िता की तहरीर पर थाना बछरावां में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए 14 मार्च की रात मुखबिर की सूचना पर बिशुनपुर-राजामऊ मार्ग से वांछित अभियुक्त बृजेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

### अवैध शस्त्र के साथ आरोपित गिरफ्तार

**बछरावां :** बछरावां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त जितेंद्र कुमार पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम कुर्री थाना बछरावां को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर, एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर भी बरामद होने का दावा किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक हरिमोहन सिंह, उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, उप निरीक्षक विकास कुमार, आरक्षी शमीम अहमद, आरक्षी मनोज यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**डीह :** थाना क्षेत्र के घीसीगढ़ गांव में खेतों में झटका मशीन का तार खींचते समय ऊपर से गई हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार घीसीगढ़ गांव निवासी शिव प्रसाद मौर्य गांव के बाहर खेतों में घर बना कर रहते है। रविवार को उनका इकलौता बेटा अभिनव उर्फ शिवम (24) खेतों में झटका मशीन का तार बांध रहा था। तार बांधते समय खेतों से निकली 1100 वोल्टेज की विद्युत लाइन के चपेट में आकर काफी झुलस गया जिसे घटना के बाद परिजन और आसपास के लोग उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष जितेंद्र मोहन सरोज का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जांच की जा रही है।



अभिनव उर्फ शिवम की फाइल फोटो।

## भारतीय पैरा क्रिकेट टीम में दूसरी बार खेलेगा अम्बारा मथई का लाल

**रायबरेली, अमृत विचार।** पैरा क्रिकेटरों के लिए कार्य करने वाली सर्वोच्च संस्था डिफरेंटली एबल्ड फेडरेशन ऑफ क्रिकेट ने जिले के होनहार खिलाड़ी शिव कुमार का चयन भारतीय पैरा क्रिकेट टीम में किया है। अब वह अगले महीने श्रीलंका में आयोजित होने वाली पैरा टी-20 प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

जिले के दीनशाह गौरा ब्लॉक के ग्राम अम्बारा मथई निवासी शिव कुमार के पिता रतीपाल गांव में खेती-किसानी करते हैं, जबकि उनकी माता छिटाना गृहिणी हैं। अपनी कड़ी मेहनत व प्रतिभा के दम पर शिव कुमार ने एक बार फिर भारतीय पैरा क्रिकेट टीम में जगह बनाई है। शिव कुमार ने बताया कि उनका चयन डिफरेंटली एबल्ड फेडरेशन ऑफ क्रिकेट (डीएएफसी) द्वारा किया गया है। वह 3-5 अप्रैल तक कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित डीएएफसी-20 अंतरराष्ट्रीय पैरा क्रिकेट प्रतियोगिता में भारतीय टीम का देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## "पंडित" शब्द के नकारात्मक प्रयोग पर हिंदू महासभा की आपत्ति

संवाददाता, रायबरेली

**लिखा पत्र**

- प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्निहोत्री ने मुख्यमंत्री से की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र में पंडित शब्द के कथित नकारात्मक प्रयोग को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्निहोत्री ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने कहा कि 14 मार्च को उत्तर प्रदेश पुलिस एसआई भर्ती परीक्षा के हिंदी खंड में एक ऐसा प्रश्न पूछा गया, जिसे उन्होंने आपत्तिजनक और समाज के सम्मानित एवं प्रबुद्ध वर्ग की भावनाओं को आहत करने वाला बताया। उनके अनुसार इस प्रश्न को लेकर समाज में आक्रोश व्याप्त है। पत्र में श्री अग्निहोत्री ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि प्रश्न को पूर्वाग्रह के साथ तैयार किया गया है, जिससे एक वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंचाने और अपमानित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदी खंड में पंडित शब्द को नकारात्मक अर्थ और अवसरवाद से जोड़कर प्रश्न पूछना सीधे तौर पर हिंदू समाज और विद्वानों का अपमान है। उन्होंने कहा कि पंडित शब्द विद्वता, ज्ञान और सम्मान का प्रतीक है, ऐसे शब्द को नकारात्मक संदर्भ में प्रयोग करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे समाज की भावनाओं को आहत करने वाला और अशोभनीय बताया है।



प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्निहोत्री।

### प्रश्नपत्र तैयार करने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई

प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री ने इस मामले को गंभीर बताते हुए मुख्यमंत्री से मांग की कि जिन लोगों ने इस प्रकार की मानसिकता के साथ परीक्षा का प्रश्नपत्र तैयार किया है, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी परीक्षाओं में प्रयुक्त भाषा अत्यंत संतुलित, जिम्मेदार और संवेदनशील होनी चाहिए, क्योंकि ऐसे प्रश्नपत्र लाखों युवाओं के सामने आते हैं और उनका समाज पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। इस प्रकार के विवादित प्रश्न समाज में अनावश्यक तनाव और विवाद को जन्म देते हैं, जिसे टाला जाना चाहिए।

# गर्दन कटी पिता का शव देख चीखी बेटी

▶ गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के पूरे दुनियापत मजरे कोरिहर गांव का मामला, फॉरेंसिक टीम ने की जांच



गुरुबक्शगंज के पूरे दुनियापत गांव में शव मिलने के बाद मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

सतांव (रायबरेली)

**अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के पूरे दुनियापत मजरे कोरिहर गांव में रविवार की दोपहर एक 55 वर्षीय अधेड़ का गर्दन कटा शव घर के अंदर मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार पूरे दुनियापत निवासी राम बहादुर (55) पुत्र बिन्दादीन रविवार को अपने घर पर अकेला था। सुबह उसकी पत्नी सुमित्रा और बेटी पूनम खेत में पिपरमिन्ट लगाने चली गई थी। दोपहर को जब बेटी पूनम खेत से घर वापस लौटी तो घर के अन्दर कमरे में चारो तरफ खून और पिता का गर्दन कटा शव देखकर उसके होश उड़ गए। वह चीखती हुई घर से बाहर भागी और आस-पड़ोस के लोगों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर मौके से साक्ष्य संकलित किए। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच करने के उपरान्त विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला अज्ञात युवक का शव

**बछरावां (रायबरेली) अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक का सैयद बाबा मजार के पास शीशम के पेड़ से लटकता शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार विशुनपुर गांव के ग्रामीण रविवार की सुबह अपने खेत की ओर गए थे। इस दौरान बछरावां-राजामऊ मार्ग पर स्थित सैयद बाबा मजार के निकट स्थानीय गांव निवासी जटाशंकर के खेत में स्थित शीशम के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात युवक का शव मफलर से लटकता देखा तो ग्रामीणों के होश उड़ गए। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस एवं खेत के स्वामी को दी। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने अज्ञात युवक के शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस का दावा है कि शव के पास एक पानी की बोतल, एक चूहा मार दवाई का रैपर और चप्पल पाया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक के पैंट की जेब से एक सुसाइड नोट का कागज भी बरामद हुआ है। जिससे प्रतीत होता है कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ था। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

### जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी की मौत

**जगतपुर।** थाना क्षेत्र के खैरहनी पहाड़गढ़ गांव निवासी चांद (17) पुत्री दर्शन ने शनिवार देर रात किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान किशोरी ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोरी की अचानक मौत से परिवार में मातम छा गया। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। प्रथम दृष्टया जहरीला पदार्थ खाने की बात सामने आई है।

## शिकायत पर पीडब्ल्यूडी गंभीर, मार्ग की मरम्मत शुरू



रामगढ़ टिकरिया के अंतर्गत पूरे लोधन संपर्क मार्ग पर मरम्मत कार्य में लगे श्रमिक।

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना के शिकायती पत्र को गंभीरता से लेते हुए पीडब्ल्यूडी ने रामगढ़ टिकरिया के अंतर्गत पूरे लोधन संपर्क मार्ग की मरम्मत शुरू करा दी है। जिला पंचायत सदस्य ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर सड़क की बदहाल स्थिति को उठाते हुए धरना-प्रदर्शन की चेतावनी भी दी थी। बीते लगभग एक वर्ष से इस जर्जर मार्ग से आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

मामला संज्ञान में आने के बाद लोक निर्माण विभाग ने रविवार की सुबह से ही सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया। फिलहाल सड़क के गड्ढों में मिट्टी भराई का कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

**राहत की उम्मीद**

रामगढ़ निवासी विजय करण सिंह, जितेंद्र सिंह, मनीष सिंह, राहुल, सुरेंद्र सिंह भदौरिया, गिरजेश सिंह, आशु सिंह, मुन्ना सिंह तथा पूरे लोधन निवासी इंद्रजीत, अभिमन्यु, अर्जुन, शिव, बृजेश कुमार, रामनारायण, चुन्नीलाल और स्वयंवर समेत अन्य लोगों ने कहा कि सड़क की बदहाल स्थिति से वे लंबे समय से परेशान थे। अब मरम्मत कार्य शुरू होने से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता रमेश कुमार वर्मा ने बताया कि सड़क मरम्मत के लिए आवश्यक सामग्री मौके पर पहुंच चुकी है। सोमवार सुबह से सड़क की पेंटिंग का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा।

## होली मिलन एवं भामाशाह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



राज्यमंत्री राकेश राठौर का स्वागत करते कार्यकर्ता।



समापन पर राष्ट्रगान के समय मौजूद भाजपा कार्यकर्ता।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** रविवार को भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के नेतृत्व में त्रिपुला स्थित एक होटल में होली मिलन एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन राकेश राठौर "गुरुजी" रहे। विशिष्ट अतिथियों में उपजिलाधिकारी अजय गुप्ता, भाजपा के व्यापार प्रकोष्ठ अवध क्षेत्र के संयोजक व भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात साहू, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रमाशंकर साहू, भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के युवा प्रदेश महामंत्री राजन साहू के अलावा महिला प्रदेश अध्यक्ष अर्चना साहू, चेयरमैन सरला साहू, नेफ्ट की विभागाध्यक्ष डॉ. तूलिका साहू, डॉ श्वेता साहू एवं महिला प्रकोष्ठ की कोषाध्यक्ष विद्यावती साहू रहीं।

राज्यमंत्री राकेश राठौर ने बताया कि कश्यप गोत्र की सभी जातियां वैश्य समाज के आर्थिक और सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करती हैं। इनका आपसी समन्वय और अटूट संबंध वैश्य समाज की समृद्धि और एकता का आधार है। इसके अलावा क्रमवार उपजिलाधिकारी अजय गुप्ता, लालगंज चेयरमैन सरिता गुप्ता, डॉ. तूलिका साहू, सलोन चेयरमैन चंद्रशेखर रस्तोगी, विजय रस्तोगी, महासभा के उपाध्यक्ष प्रभात साहू, जिलाध्यक्ष गांधी संतोष साहू समेत दर्जनों वक्ताओं ने समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने की अपील की। इस मौके पर महासभा के संरक्षक राजाराम साहू, गया प्रसाद साहू, दयाशंकर साहू, श्याम बिहारी साहू, सच्चेलाल साहू, श्रीराम साहू, महामंत्री हरीशंकर साहू, रमेश साहू, सतीष चंद गुप्ता, सुनील साहू, दिलीप गुप्ता, वीरेंद्र साहू, रोहित गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

**आयोजन**

**भाजपा की प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ समापन, लालगंज:** सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज में आयोजित दो दिवसीय भाजपा कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला का समापन हो गया। जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि वैचारिक अधिष्ठान प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को विचारधारा की स्पष्टता, अनुशासन और कार्यकुशलता प्रदान करना है। भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने कहा कि भाजपा की कार्य पद्धति में संगठनात्मक संरचना, जनसंघ के संस्कार और आईटी एवं सोशल मीडिया का उपयोग शामिल है। प्रदेश कार्य समिति सदस्य किरन सिंह ने कहाकि भाजपा का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार और सेवा कार्य की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अनुज मौर्य, भाजपा नेता जेपी सिंह, अनूप पांडे, रवीन्द्र सिंह, डॉ. अविनाश सिंह, राम प्रताप सिंह, विमल धानुक आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बच्चों ने दी छात्रवृत्ति की परीक्षा

**रायबरेली, अमृत विचार।** विब्ग्योर ग्रुप ऑफ स्कूल की सभी शाखाओं शक्तिनगर, आर्य समाज कैम्पस खोया मंडी और चंदौली में रविवार को प्रभात कुमार वर्मा छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार द्वारा नि:शुल्क शिक्षा के साथ ड्रेस, पाठ्य पुस्तकों सहित अन्य शैक्षिक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। परीक्षा में भाग लेने पहुंचे छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिला। परीक्षा देने आए आदर्श और अलिशबा खान ने बताया कि केमिस्ट्री और रीजनिंग के कुछ प्रश्न चुनौती पूर्ण रहे। वहीं पारुल, शिवानी और कैफ ने कहा कि उनका पेपर अच्छा हुआ है और उन्हें चयन की पूरी उम्मीद है। विद्यालय के प्रबंधक मुदित वर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। परीक्षा में कुल 1228 परीक्षार्थियों ने भाग लिया, जिनमें कक्षा 6 के 321, कक्षा 9 के 496 और कक्षा 11 के 411 छात्र-छात्राएं शामिल रहे। परीक्षा का अंतिम परिणाम 20 मार्च 2026 को विद्यालय की वेबसाइट और सभी शाखाओं के सूचना पट्ट पर जारी किया जाएगा।



छात्रवृत्ति की परीक्षा में शामिल बच्चे।

### रोजा-इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

**रायबरेली, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक/प्रबंधक डॉ. शशिकान्त शर्मा की ओर से पवित्र रमजान माह के अवसर पर शनिवार को इफ्तार कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों, गणमान्य नागरिकों और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया। श्री शर्मा ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना हमें इंसानियत, सेवा और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। डॉ. शर्मा ने इफ्तार कार्यक्रम के माध्यम से आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का प्रयास किया है। साथ ही रोजेदारों ने डॉ. शर्मा को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए मुबारकबाद दी और परिवार की उन्नति के लिए दुआ की। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा शहर के विभिन्न वर्गों के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।



पार्टी में शामिल प्रदेश सचिव डॉ. शशिकान्त शर्मा व अन्य।

### करियर काउंसिलिंग व कार्यशाला आयोजित

**महराजगंज।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बल्ला में रविवार को बैगलेस कार्यक्रम के अंतर्गत "कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा" विषय पर विशेषज्ञ कार्यशाला तथा करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों और भविष्य की संभावनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रीति सिंह, सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग, फिरोज गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा और डिजिटल युग में तकनीक के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी दी तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने छात्रों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार करियर चुनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप-पंजीयक भीम व्रत सिंह ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। वहीं डॉ. डीके सिंह ने कृषि और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उपलब्ध करियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एसपी त्रिपाठी और उपप्राचार्य डॉ. यज्ञनाथ के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता : पोखरा ने ढेकवा की टीम को छह रनों से हराया

**शिवगढ़ (रायबरेली) अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के पहाड़पुर में श्री जय जमादार बाबा डे-नाइट टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह मैच पोखरा और ढेकवा के मध्य खेला गया। जिसमें पोखरा ने ढेकवा को 6 रनों से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना ली। मुख्य अतिथि समाजसेवी राज भैया उर्फ राज दीक्षित हरियाणा वाले रहे। उद्घाटन मैच जीतने वाली पोखरा टीम को मुख्य अतिथि ने नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि पोखरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 5 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 34 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी ढेकवा टीम 5 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 28 रन ही बना पाई। इस प्रकार से पोखरा ने 5 रनों से मैच जीत लिया। प्रतियोगिता में रोमांचक कमेंट्री जहां अवनीश शुक्ला ने की, वही अम्पायर की भूमिका अभिषेक मिश्रा, अंकुर अवस्थी ने निभाई। इस मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश त्रिवेदी, आशीष शुक्ला, अंशुल अवस्थी, अक्षय द्विवेदी, नीरज अवस्थी, शुभकान्त अवस्थी, चंदन शुक्ला, छोटू अवस्थी, मुन्ना शुक्ला, पं.गिरिजा शंकर मिश्रा, सोनू पाण्डेय, जीतू आदि लोग उपस्थित रहे।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि समाजसेवी राज भैया उर्फ राज दीक्षित।

### बाबा के अवतरण दिवस पर मरीजों को बांटे फल



जिला अस्पताल में मरीज को फल वितरित करने के दौरान मौजूद पदाधिकारी।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा द्वारा पीठाधीश्वर पूज्य गुरुपद बाबा के 68वें अवतरण दिवस के अवसर पर राणा बेनी माधव सिंह जिला चिकित्सालय में मरीजों के मध्य फल, बिस्कुट आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भक्तों द्वारा आश्रम परिसर में स्थित गुरुदेव घर में पूजा-अर्चना के साथ हुई। उल्लेखनीय है कि पूज्य गुरुपद बाबा जी महान औघड़ संत अघोरेश्वर भगवान राम द्वारा स्थापित सेवा भावना को आगे बढ़ा रहे हैं। समूह शाखा के मंत्री हर्षेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक रविवार को आश्रम परिसर में नि:शुल्क पथरी की दवा दी जाती है। इस अवसर पर संयुक्त मन्त्री अभिषेक विक्रम सिंह, आश्रम के व्यवस्थापक बृजेश सिंह, शिवलखन सिंह, इं. आरके यादव, रमेश कुमार सिंह, मनीष सिंह, सिद्धार्थ सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

**आयोजन** | वार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने पर मेधावी बच्चे किए गए सम्मानित

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** एसजेएस पब्लिक स्कूल लालगंज में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सह-प्रबंधिका डॉ. अनुश्री सिंह ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी कक्षाओं के मेधावी छात्रों को विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा मेडल, प्रशस्ति पत्र तथा स्कारलेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके परिजनों को भी सम्मानित किया गया। वहीं चतुर्थ और पंचम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र के साथ सांत्वना पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान छात्रों ने विभिन्न मनमोहक तथा रोचक व प्रेरणा प्रद प्रस्तुतियों द्वारा अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय परिसर में उपस्थित सभी अभिभावकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। प्रबंधक अग्रज सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।



पुरस्कृत किए गए बच्चे, मौजूद शिक्षक व अन्य। अमृत विचार

**एडवेंचर कैम्प का हुआ शुभारंभ, रायबरेली:** एनटीपीसी ऊंचाहार स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस (पाई डे) के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए एक एडवेंचर कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प का उद्देश्य विद्यार्थियों में साहस, आत्मविश्वास, सहयोग की भावना तथा शारीरिक दक्षता का विकास करना था। कैम्प का शुभारम्भ विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रतिभा जौहरी द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके पश्चात प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विभिन्न साहसिक गतिविधियों जैसे कमांडो नेट, बैलेंसिंग ब्रिज, टनल क्रॉलिंग, बर्मा ब्रिज आदि में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन गिटार वादन से हुआ जिसे सभी ने खूब सराहा। इस मौके पर अजीत शर्मा, रंजना शर्मा, अंबरीश अवस्थी, सुबोध चौधरी, शिक्षक, शिक्षिकाएं आदि लोग मौजूद रहे।



डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल बच्चे। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### पत्नी पर मारपीट का आरोप, बुलाई पुलिस

शिवगढ़ (रायबरेली) : शिवगढ़ थाना क्षेत्र के रामगांव मजरे पाराकला कुलदीप ने पुलिस से शिकायत की है। आरोप है कि गांव में ही नाना के यहां रहने वाली एक लड़की से लव मैरिज की थी। इसके बाद से उसकी पत्नी अपनी नानी के यहां साथ रहने के लिए दबाव बनाने लगी। जिसको लेकर कई बार दोनों के बीच विवाद भी हुआ। रविवार को फिर दोनों के बीच कहासुनी और मारपीट हो गई। पीड़ित ने पिटाई करने की आरोप लगाते हुएपुलिस से शिकायत की। सूचना पर अस्पताल पहुंची डायल 112 और थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

### पत्नी और साले ने की थी बलवन्त की हत्या

अटौरा (रायबरेली) : बुधवार को हरचन्दपुर थाना क्षेत्र के लखनापुर गांव निवासी बलवन्त (30) पुत्र शत्रोहन का शव उसकी ससुराल अटौरा के सकल नारायण स्कूल के समीप खेत में नीम के पेड़ से लटका मिला था। मृतक की बहन प्रीती की तहरीर पर पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके भाई के विरुद्ध धारा 108 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत करके मामले की विवेचना शुरु कर दी थी। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि गहन विवेचना और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर यह पाया गया कि मृतक बलवन्त की पत्नी अंजू और साले विनोद ने ही उसकी गला दबाकर हत्या की थी। पुलिस ने रविवार को सम्बन्धित अभियुक्तों अंजू उर्फ रामादेवी और उसके भाई विनोद को हिरासत में लेकर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

### संघ का पथ संचलन 19 को

अमेठी : आगामी 19 मार्च को चैत्र नववर्ष प्रतिपदा को अमेठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा होने वाले पथ संचलन एवं बौद्धिक कार्यक्रम को लेकर रविवार सुबह जिला प्रचारक पवन के आह्वान पर राम लीला मैदान की दैनिक शाखा में एकत्र हुए स्वयंसेवकों की मौजूदगी में कार्यक्रम की योजना बनाई गई। योजना के पूर्व स्वयंसेवकों ने भारत माता के जयघोष के साथ खेलकूद करते हुए पथ संचलन का अभ्यास भी किया।

### 20 लोगों को लगाया गया रेबीज इंजेक्शन

अमेठी : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी में रेबीज इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। रविवार को अस्पताल पहुंचे 20 लोगों को रेबीज का टीका लगाया गया। फार्मासिस्ट आरएस पाठक ने बताया कि अस्पताल में फिलहाल रेबीज इंजेक्शन का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और जरूरत पड़ने पर आने वाले मरीजों को तुरंत टीका लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुत्ते या अन्य जानवर के काटने पर घाव को तुरंत साबुन और साफ पानी से धोना चाहिए तथा बिना देरी किए अस्पताल पहुंचकर रेबीज का इंजेक्शन लगवाना जरूरी है।

### बहनोई ने दर्ज कराई साली की गुमशुदगी

सिंहपुर (अमेठी) : थाना क्षेत्र के गांव पेंडारा निवासी युवक ने अपनी साली की लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने गुमसुदगी दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। गांव निवासी विनोद कुमार ने बतायाकि बीते चार मार्च को उसकी साली कविता बिना बताये कहीं चली गई है। काफ़ी खोजबीन की गई लेकिन कहीं पता नहीं चला। कविता काफ़ी दिनों से उसी के घर मे रहती थी। आरोप लगाया कि वह अपने साथ घरमे रखे ज़ेवर भी लें गई हैं। एसओ दया शंकर मिश्रा ने बतायाकि मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

# घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत, होटलों और ढाबों में धड़ल्ले से हो रहा इस्तेमाल

## समस्या: जनपद के आम परिवारों को समय पर नहीं मिल पा रही रसोई गैस

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिले में इन दिनों एलपीजी गैस की कमी से घरेलू उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है। जनपद के आम परिवारों को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। वहीं, कई कस्बों और बाजारों में घरेलू गैस का खुलेआम व्यावसायिक इस्तेमाल हो रहा है।

जगदीशपुर, शुकुल बाजार, रानीगंज, सिंहपुर, अहोरवा भवानी, सेमरौता, वारिसगंज, जामो, गौरीगंज, अमेठी, संग्रामपुर और इन्हौना जैसे इलाकों में यह स्थिति है। ढाबों, होटलों, चाय-समोसे की दुकानों और ठेलों पर घरेलू एलपीजी सिलिंडर प्रयोग किए जा रहे हैं। नियमों के अनुसार व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को कमर्शियल गैस सिलिंडर का उपयोग करना चाहिए। लेकिन अधिक लाभ के लालच में घरेलू सिलिंडरों का इस्तेमाल हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस मामले में जमाखोरी और दलाली भी बढ़ रही है। कुछ लोग रात में गैस एजेंसियों के बाहर लाइन लगाकर कई सिलेंडर जमा कर लेते हैं। बाद में वे इन्हें दुकानदारों को अधिक कीमत पर बेच देते हैं। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पाती है।


जायस के होटल पर घरेलू सिलेंडर का उपयोग करता संचालक। अमृत विचार

**घरेलू गैस का हो रहा व्यावसायिक उपयोग:** जिले के विभिन्न इलाकों में ढाबे और होटल में कमर्शियल सिलेंडर न प्रयोग करके घरेलू सिलेंडरों का उपयोग धड़ल्ले से कर रहे हैं। चाय-समोसे की दुकानें और छोटे ठेले भी इसी श्रेणी में आते हैं। यह नियमों का उल्लंघन है क्योंकि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए कमर्शियल सिलिंडर अनिवार्य हैं। अधिक लाभ कमाने की इच्छा इस अवैध उपयोग का मुख्य कारण है।

**जमाखोरी व कालाबाजारी जारी:** स्थानीय लोगों के अनुसार, गैस की कमी के पीछे जमाखोरी और दलाली एक बड़ा कारण है। कुछ व्यक्ति रात में कई सिलिंडर इकट्ठा कर लेते हैं। फिर वे इन्हें दुकानदारों को ऊंची कीमत पर बेचते हैं। ग्रामीणों और उपभोक्ताओं ने प्रशासन से इस मामले में गंभीरता दिखाने की मांग की है। उन्होंने ऐसे प्रतिष्ठानों पर छापेमारी और जमाखोरों पर सख्त कार्रवाई की अपील की है।

**क्या बोले जिम्मेदार**

इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी शशिकांत कुमार ने बताया कि पूरे जिले में गैस सिलेंडर की कमी नहीं है। उपभोक्ता को धैर्य बनाने की आवश्यकता है। कहा कि अगर घरेलू सिलेंडर का इस्तेमाल यदि ढाबे पर या होटल पर पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अवश्य होगी।

### प्रज्ञा पुराण कथा व गायत्री महायज्ञ की तैयारियां तेज

**अमेठी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 15 से 19 अप्रैल तक आयोजित होने वाले पावन प्रज्ञा पुराण कथा, गायत्री महायज्ञ और पुस्तक मेले की तैयारियों को लेकर रविवार को गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति बनाई और विभिन्न जिम्मेदारियां तय की गईं। जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क अभियान तेज करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को देवी पाटन मंदिर से गायत्री शक्तिपीठ तक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 16 अप्रैल को देव पूजन के साथ दंपतियों को आमंत्रित किया जाएगा तथा गर्भवती महिलाओं के लिए सामूहिक गर्भोत्सव संस्कार का पंजीकरण होगा। 17 अप्रैल को कन्या कौशल शिविर, 18 अप्रैल को किशोर कौशल शिविर और 251 जोड़ों द्वारा दीप यज्ञ आयोजित होगा। प्रतिदिन शाम 5 से 8 बजे तक प्रज्ञा पुराण कथा होगी, जबकि 19 अप्रैल को महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ समापन होगा।

### 27वीं अन्तर्जनपदीय खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन


प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्राप्त करते विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** विकास खण्ड बहादुरपुर के ग्राम सभा मवई आलमपुर में 27वीं अन्तर्जनपदीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी एवं पासी समाज जनपद अमेठी के अध्यक्ष विजय पासी द्वारा किया गया। वे पिछले 26 वर्षों से ग्रामीण युवाओं को प्रोत्साहित करने और पारंपरिक खेलों को जीवित रखने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराते आ रहे हैं।

इस वर्ष प्रतियोगिता में 1600 मीटर दौड़ और गोला फेंक स्पर्धा कराई गई। 1600 मीटर दौड़ में ग्राम खरौली, जनपद अमेठी के अनुज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रायबरेली जनपद के मऊ निवासी अंकेश ने द्वितीय तथा रायबरेली के सतीश पासी ने तृतीय स्थान हासिल किया। गोला फेंक प्रतियोगिता में सूरज ने 32 फीट गोला फेंक कर पहला स्थान प्राप्त किया। सतीश पासी ने 31 फीट 3 इंच के साथ दूसरा और शनि ने 30 फीट 1 इंच गोला फेंक कर तीसरा स्थान हासिल किया। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छेदी लाल, संतोष कुमार, गोविंद सरोज, राहुल एडवोकेट, शनि सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कांशीराम की जयंती पर सपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



कांशीराम जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सपा नेता व कार्यकर्ता।

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद के जामो क्षेत्र स्थित अंबेडकर पार्क महापुर में रविवार को कांशीराम की जयंती के अवसर पर बहुजन समाज दिवस और पीडीए दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया तथा कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव अरशद अहमद ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने कांशीराम के जीवन, उनके संघर्ष और समाज के वंचित, शोषित

आयोजन

तथा पिछड़े वर्गों के लिए किए गए योगदान को याद किया। सपा के वरिष्ठ नेता सिंधुजीत सिंह ने कहा कि कांशीराम ने अपना पूरा जीवन बहुजन समाज को जागरूक और संगठित करने में लगा दिया। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों को राजनीतिक भागीदारी दिलाने के लिए लगातार संघर्ष किया। उनकी जयंती पर उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में सपा के जिला प्रवक्ता राजेश मिश्रा ने मीडिया को बताया कि कांशीराम ने बहुजन समाज को एकजुट कर सामाजिक और राजनीतिक चेतना जगाने का ऐतिहासिक कार्य किया।

## सीएम योगी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

संवाददाता, कमरौली (अमेठी)

**अमृत विचार।** औद्योगिक क्षेत्र कमरौली स्थित संजय गांधी पॉलिटेक्निक चौराहे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबंध में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद करणी सेना ने मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में करणी सेना भारत अयोध्या के मण्डल उपाध्यक्ष अचलपुर जामों निवासी सर्वेश प्रताप सिंह की अगुवाई में दर्जनों लोगों के साथ थाना कमरौली पर रविवार को तहरीर देकर कुछ नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गयी है। वहीं अमृत विचार किसी वीडिओ की पुष्टि नहीं करता है।

करणी सेना के पदाधिकारियों ने तहरीर में लिखा है कि 15 मार्च 2026 रविवार को सुबह करीब 9 बजे संजय गांधी पॉलिटेक्निक चौराहे पर एक संगठन के लगभग 50 लोगों का समूह एकत्रित हुआ था। आरोप है कि इस दौरान कुछ लोगों द्वारा मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया और उसका वीडियो बनाकर


कार्रवाई को लेकर थाने पर तहरीर देते करणी सेना के पदाधिकारी। अमृत विचार

एफआईआर दर्ज

सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया गया। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस घटना से क्षेत्र में असंतोष की स्थिति पैदा हो सकती है और सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका है। तहरीर में नामजद करते हुए रणजीत चौधरी निवासी गौतमपुरा थाना जामों, कुंवर बहादुर निवासी पूरे भाटन का पूरवा उतेलवा थाना कमरौली तथा चंद्रभान यादव निवासी गंगा का पुरवा थाना कमरौली का नाम प्रमुख रूप से लिखा गया है। आरोप लगाया गया है कि इन लोगों के नेतृत्व में कुछ लोगों ने वहां नारेबाजी करते हुए माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। शिकायतकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। वहीं पुलिस मौके को गंभीरता से लेते हुए मामले की पड़ताल में जुटी हुई है और क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती जा रही है। इस दौरान अनिल कुमार, उमेश सिंह, सत्यम सिंह, दिनेश कुमार, सौरभ तिवारी, शिवम सोनी, राजेश सिंह, इंद्र कुमार सिंह, संदीप पाण्डेय, संतोष पाण्डेय आदि दर्जनों करणी सेना के लोग उपस्थित रहे।

वहीं थाना प्रभारी कमरौली मुकेश पटेल का कहना है कि प्राप्त तहरीर और वायरल वीडियो के आधार सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पुलिस भर्ती परीक्षा में सैकड़ों अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

**अमेठी, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित पुलिस उपनिरीक्षक परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को जनपद के परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। हालांकि दोनों पालियों में काफी संख्या में अभ्यर्थी अनुपस्थित भी रहे। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने दूसरे दिन विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रथम पाली में कुल 3600 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी, जिनमें से 2474 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 1126 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। वहीं द्वितीय पाली में भी कुल 3600 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2513 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1087 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और अभ्यर्थियों को जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। प्रशासन की ओर से परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं इसके साथ ही राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तथा धनंजय इंटर कॉलेज गौरीगंज में भी परीक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस कार्यालय में स्थापित एकीकृत निगरानी नियंत्रण कक्ष का भी जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया।

### जंगल गई महिला की तबीयत बिगड़ी, मौत

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात के एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह गांव के पास जंगल की ओर गई थीं, जहां अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी भदैंया ले गए, लेकिन इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान वजूपुर (निषाद बस्ती) निवासी 55 वर्षीय फूलमती पत्नी पुन्नीलाल निषाद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम वह गांव के समीप जंगल की तरफ गई थीं। इसी दौरान उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। सूचना मिलते ही परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदैया ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। कुछ लोगों ने सर्पदंश की आशंका जताई, जबकि परिजनों का कहना है कि महिला की मौत हार्ट अटैक से हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल की। हालांकि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। महिला की मौत से उनके बेटों सुरेश, सुभाष, कपिल तथा बेटियों रेखा और विनती का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका के पति पुन्नीलाल मुंबई में मछली पकड़ने का काम करते हैं, जिसके कारण वह तुरंत घर नहीं पहुंच सके। देर शाम परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। देहात कोतवाल ने बताया कि परिजनों ने बीमारी से मौत होने की बात कही और पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया, जिसके बाद पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, पत्नी गंभीर

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** वाराणसी फोरलेन पर शनिवार शाम एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी शिक्षिका पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घायल महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान कोतवाली नगर के शास्त्री नगर मोहल्ला निवासी सुशील गुप्ता के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह अपनी पत्नी उर्मिला गुप्ता को लंभुआ स्थित एक प्राइवेट स्कूल से लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। उर्मिला गुप्ता स्कूल में शिक्षिका है। बताया जाता है कि वाराणसी फोरलेन पर अभियाकला मोड़ से पुराने हाईवे की ओर मुड़ते समय पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दंपती बाइक सहित डिवाइडर पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सुशील गुप्ता को मृत घोषित कर दिया, जबकि उर्मिला गुप्ता का उपचार चल रहा है। सुशील गुप्ता ओम नगर में बेकरी की दुकान चलाते थे। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। देहात कोतवाल धर्मवीर सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## भरत का चरित्र त्याग, प्रेम और धर्मपालन की अद्भुत मिसाल

मुसाफिरखाना (अमेठी)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के दादरा गांव के देवी हिंगलाज धाम पर चल रहे हिंगलाज महोत्सव में श्रीराम कथा के अंतिम दिवस रविवार को वृंदावन धाम से पधारे राष्ट्रीय कथा व्यास स्वामी अलोकानन्द महाराज ने भरत चरित्र कथा पर चर्चा करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के अनुज भरत का चरित्र त्याग, प्रेम और धर्मपालन की अद्भुत मिसाल है। अलोकानन्द महाराज ने बताया कि भरत ने कभी भी राजसिंहासन की इच्छा नहीं की, बल्कि अपने बड़े भाई राम के प्रति अटूट श्रद्धा और समर्पण दिखाया।


श्रीराम कथा में शामिल श्रद्धालु व कलश यात्रा में सम्मिलित हुईं महिलाएं।

उन्होंने कहा कि जब भरत को माता कैकेयी के वरदान के कारण राम के वनवास और स्वयं को राजा बनाए जाने का समाचार मिला, तो वे अत्यंत दुखी हो गए। व्यास अलोकानन्द ने कहा कि भरत चरित्र हमें सिखाता है कि जीवन में प्रेम, त्याग, विनम्रता और धर्म के मार्ग पर चलकर ही सच्चा सम्मान और आदर्श स्थापित किया जा सकता है। इस मौके पर विधायक राकेश प्रताप सिंह,अधिवक्ता रवि शुक्ला, राहुल शर्मा, राजू ओझा,कृपाशंकर सिंह,मोहित गुप्ता,अंजनी श्रीवास्तव, उमाकांत सिंह, विजय, जितेंद्र, दुर्गेश, धर्मेन्द्र,विपुल सिंह, रवि तिवारी, सर्वेश सिंह ,प्रशांत, निशांत, लकी रहे।

**श्रीराम कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा, सिंहपुर:** क्षेत्र के कस्बा सेमरौता के गोड़खरा गांव में धार्मिक उत्थान सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीराम कथा से पूर्व रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह कथा स्थल से यात्रा का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। महिलाओं ने सिर पर सजे हुए कलश धारण कर भक्ति भाव से यात्रा में हिस्सा लियाधार्मिक उत्थान सेवा समिति के सदस्य शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि 23 मार्च दिन मंगलवार तक सायं 6 बजे से अयोध्या धाम से पधारी सुश्री शिवांगी गोस्वामी जी द्वारा श्रीराम कथा का श्रवण कराया जाएगा। यहां यजमान कौशल किशोर मिश्रा व मालती मिश्रा, देवी प्रसाद मिश्रा, शिवाकांत, रितेश सिंह,विनय गिरि, बबलू गोस्वामी, योगेश मिश्रा रहे।

### सकरदे घाट पर हो रहा अवैध बालू खनन

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में गोमती नदी के सकरदे घाट और अमिलिया घाट पर अवैध बालू खनन का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। आरोप है कि बालू माफिया दिन-रात ट्रैक्टरों से नदी से बालू निकालकर उसे आसपास के क्षेत्रों में ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है और पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुंच रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना नंबर वाले ट्रैक्टरों से बालू की ढुलाई की जा रही है और कई जगहों पर इसे स्टोर कर निर्माण कार्यों में सप्लाई किया जा रहा है। तेज रफ्तार से चलने वाले इन ट्रैक्टरों के कारण कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। ग्रामीणों के अनुसार रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर नदी से बालू निकाल रहे हैं, लेकिन खनन विभाग की ओर से केवल औपचारिक कार्रवाई की जा रही है। रविवार को भी सकरदे घाट पर ट्रैक्टरों से बालू खनन होते देखा गया, जिससे लोगों में आक्रोश है। उप जिलाधिकारी उत्तम तिवारी ने बताया कि अवैध खनन की सूचना मिलने पर कार्रवाई की जाती है और सभी थानाध्यक्षों को भी खनन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### श्रीराम कथा में कैकेयी के त्याग का किया वर्णन

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मुस्तफाबाद सरैया बाजार में आयोजित पंच दिवसीय श्रीरामचरितमानस कथा के प्रथम दिन पं. पंकज शास्त्री ने कैकेयी के त्याग को रामकथा की मूल प्रवृत्ति बताया। बाल व्यास संपूर्णानंद महाराज ने हनुमान चरित्र का वर्णन किया। एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। आयोजक मनोज पांडे सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

### बरवारीपुर में विद्यालयों का संयुक्त वार्षिकोत्सव

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बरवारीपुर में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का संयुक्त वार्षिकोत्सव आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. इंदुशेखर उपाध्याय व विशिष्ट अतिथि धीरेन्द्र प्रताप सिंह रहे। बच्चों ने गीत व नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। ग्राम प्रधान बेंचूराम प्रजापति ने मेधावी छात्रों व शिक्षकों को सम्मानित किया।

आयोजन

पीएचसी सैठा व ओदरी का सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने किया निरीक्षण

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 1977 मरीजों का किया गया उपचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के तहत विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैठा और ओदरी का सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने निरीक्षण किया, जहां सभी स्टाफ उपस्थित पाए गए और मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

जिले में कुल 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर शिविर आयोजित किए गए। मेले में कुल 1977 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया गया, जिनमें 841 पुरुष, 930 महिलाएं और 206 बच्चे शामिल रहे। गंभीर स्थिति वाले 12 मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों के लिए संदर्भित किया गया। इस दौरान पात्र लाभार्थियों के लिए आयुष्मान योजना के अंतर्गत 72 गोल्डन कार्ड / आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए, जिससे उन्हें भविष्य में निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल सकेगी। मेले के संचालन में कुल 54 चिकित्सक और 268 पैरामेडिकल स्टाफ ने अपनी सेवाएं दीं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर ही बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि आमजन को समय पर उपचार मिल सके।


पीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह। अमृत विचार


आरोग्य मेले में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक। अमृत विचार

**आरोग्य मेले में 56 मरीजों का हुआ उपचार, जगतपुर (रायबरेली):** विकास क्षेत्र के हरदी टीकर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान कुल 56 मरीजों का पंजीकरण कर उनका उपचार किया गया। डॉ. सुफैल अंसारी ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराईं और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया। इस दौरान बुखार, सर्दी-जुकाम, त्वचा रोग सहित अन्य सामान्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों ने जांच कराई। आरोग्य मेले में आए मरीजों को सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।



मनुष्यों का अस्तित्व उनकी चेतना से निर्धारित नहीं होता, बल्कि इसके विपरीत, उनका सामाजिक अस्तित्व ही उनकी चेतना को निर्धारित करता है।

–कार्ल मार्क्स, दार्शनिक

# सुधार के आसार

देश में घरेलू और व्यावसायिक इस्तेमाल की गैस आपूर्ति में सुधार का आसार नजर आने लगा है। सरकार की कालाबाजारियों पर कारगुजारी से इसकी किल्लत की अफवाहों के शीघ्र समाप्त होने के संकेत मिलने लगे हैं। 92 हजार सात सौ टन एलपीजी ला रहे दो जहाजों के कल तक गुजरात के कांडला तथा मुंद्रा बंदरगाह पर आ लगने की संभावना के साथ 22 दूसरे जहाज, जो हार्मुज स्ट्रेट के पश्चिमी हिस्से में रुके हैं, जिनमें से छह एलपीजी ला रहे हैं, उन्हें भी शीघ्र वहां से निकलने की उम्मीद ने यह आशा बढ़ा दी है कि निकट भविष्य में घरेलू और कामर्शियल गैस सिलेंडरों की समस्या नहीं आने वाली। इसके अलावा कई अन्य जहाज खाड़ी के क्षेत्र में रुके हुए हैं, उन्हें भी सुरक्षित निकालने के लिए जहाजरानी मंत्रालय और सरकार अपने स्तर पर लगी हुई है। इसके अलावा ऊर्जा सुरक्षा के लिए विदेश मंत्रालय अमेरिका, इजरायल और ईरान के साथ निरंतर कूटनीतिक संपर्क के साथ वैकल्पिक स्रोत तथा रास्ते भी देख रही है।

29 राज्यों में वाणिज्यिक गैस आपूर्ति सुचारू होना भी स्थितियों में सकारात्मक प्रगति का संकेत है। इसी के मद्देनजर पेट्रोलियम मंत्रालय ने 75 लाख से बढ़ाकर अचानक 88 लाख प्रतिदिन पहुंच गई सिलिंडर बुकिंग पर लोगों को भरोसा दिलाया है कि देश में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त उत्पादन हो रहा है, आपूर्ति के प्रति आश्वस्त रहें। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारतीय ध्वज वाले दो जहाजों की सुरक्षित निकासी केवल एक समुद्री घटना नहीं, बल्कि भारत की सक्रिय कूटनीति और ऊर्जा सुरक्षा नीति का महत्वपूर्ण संकेत है। यह संकेत देता है कि भारत ने क्षेत्रीय शक्तियों, विशेषकर ईरान और खाड़ी देशों के साथ संवाद की ऐसी संतुलित नीति अपनाई है, जिससे संकट की स्थिति में भी भारतीय हितों की रक्षा संभव हो पाती है। हालिया घटनाक्रम से घरेलू और वाणिज्यिक गैस संकट के तत्काल दबाव में कुछ राहत के संकेत अवश्य मिले हैं, लेकिन यदि क्षेत्रीय संघर्ष लंबा खिंचता है, तो स्थिति फिर से अस्थिर हो सकती है। ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता अक्सर कीमतों में तेज वृद्धि, आपूर्ति में देरी और घरेलू स्तर पर कालाबाजारी जैसी समस्याओं को जन्म देती है। यह मान लेना जल्दबाज़ी होगी कि ईरान शेष भारतीय जहाजों को भी स्वतः निर्बाध मार्ग प्रदान कर देगा। होर्मुज का समुद्री मार्ग वैश्विक भू-राजनीति से गहराई से जुड़ा है और वहां की परिस्थितियां तेजी से बदलती रहती हैं, इसलिए भारत को निरंतर कूटनीतिक संवाद बनाए रखना होगा।

यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है जब क्षेत्र में तनाव बढ़ा हुआ है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला पर इसका असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। स्पष्ट है कि होर्मुज से जहाजों की सुरक्षित निकासी तत्काल राहत का संकेत अवश्य है, लेकिन यह ऊर्जा सुरक्षा की बड़ी चुनौती का स्थायी समाधान नहीं। भारत को अपनी कूटनीति, ऊर्जा नीति और समुद्री क्षमता तीनों को समान रूप से मजबूत करना होगा, साथ ही घरेलू स्तर पर वितरण प्रणाली की निगरानी और डिजिटल ट्रैकिंग को सुदृढ़ करना भी आवश्यक है, तभी कालाबाजारी और जमाखोरी को रोका जा सकेगा और भविष्य में ऐसे संकटों का सामना अधिक आत्मविश्वास से किया जा सकेगा।

## प्रसंगवश

# हरियाणा सिविल सर्विस में ट्रांसजेंडर को समान अवसर

समाज में समानता और न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद हरियाणा में ट्रांसजेंडर समुदाय को सरकारी नौकरियों में आवेदन का अधिकार सुनिश्चित किया गया है। अब ट्रांसजेंडर व्यक्ति हरियाणा सिविल सेवा (HCS) सहित अन्य सरकारी पदों के लिए औपचारिक रूप से आवेदन कर सकेंगे। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन और संवैधानिक समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

जहां एक ओर समाज में आज भी ट्रांसजेंडर समुदाय को भेदभाव की नजरों से देखा जाता है, वहीं न्यायपालिका का यह हस्तक्षेप आशा की किरण बनकर सामने आया है। लंबे समय से ट्रांसजेंडर समुदाय को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक स्वीकार्यता के क्षेत्रों में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता रहा है। सरकारी नौकरियों के आवेदन पत्रों में केवल पुरुष और महिला का विकल्प होने के कारण वे स्वयं को पंजीकृत करने में असमर्थ रहते थे। इससे न केवल उनके अधिकार सीमित होते थे, बल्कि वे मुख्यधारा की प्रतिस्पर्धा से भी बाहर रह जाते थे। हाईकोर्ट ने इस स्थिति को असंवैधानिक मानते हुए स्पष्ट किया कि प्रत्येक नागरिक को समान अवसर मिलना चाहिए।



धनीश शर्मा
लेखक

कोर्ट के निर्देशों के बाद हरियाणा सरकार और संबंधित आयोगों ने आवेदन फॉर्म में तीसरे लिंग (ट्रांसजेंडर) का कॉलम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की। ऑनलाइन आवेदन प्रणाली में आवश्यक तकनीकी संशोधन किए गए, ताकि ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी बिना किसी बाधा के आवेदन कर सकें। प्रशासनिक दृष्टि से यह परिवर्तन भले ही एक तकनीकी सुधार लगे, लेकिन सामाजिक परिप्रेक्ष्य में इसका प्रभाव अत्यंत व्यापक है। यह कदम यह संदेश देता है कि शासन व्यवस्था अब समाज के हर वर्ग को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

हरियाणा सिविल सेवा राज्य की प्रतिष्ठित सेवाओं में से एक है। इसमें चयनित अधिकारी प्रशासनिक, राजस्व, विकास और कानून-व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। ऐसे में ट्रांसजेंडर समुदाय को इस सेवा में भागीदारी का अवसर मिलना समानता की भावना को सशक्त करता है। यह न केवल ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा, बल्कि समाज में उनकी पहचान और सम्मान को भी मजबूती देगा।

वर्ष 2014 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को तीसरे लिंग के रूप में मान्यता दिए जाने के बाद देशभर में नीतिगत सुधारों की अपेक्षा की जा रही थी। यह पहल यदि पहले हो जाती तो बेहतर होता, क्योंकि संवैधानिक अधिकारों की स्थापना में देरी भी एक प्रकार की बाधा ही मानी जाती है। फिर भी, देर से ही सही, यह कदम स्वागत योग्य है। न्यायपालिका ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है और किसी भी प्रकार का भेदभाव अस्वीकार्य है।

जब तक रोजगार के अवसर समान रूप से उपलब्ध नहीं होंगे, तब तक वास्तविक सामाजिक सशक्तिकरण संभव नहीं है। सरकारी सेवा में चयन केवल आर्थिक स्थिरता ही नहीं देता, बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा और आत्मसम्मान भी प्रदान करता है। यदि ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्य प्रशासनिक तंत्र का हिस्सा बनते हैं, तो वे समाज के विविध वर्गों की समस्याओं को अधिक संवेदनशीलता से समझ सकेंगे और नीतियों के निर्माण में व्यापक दृष्टिकोण ला सकेंगे। यह परिवर्तन केवल कागजों तक सीमित न रहे। ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों के लिए मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, परामर्श और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# भारत को घटानी होगी ऊर्जा आयात पर निर्भरता





रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

पश्चिम एशिया में अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। इस संघर्ष का प्रभाव केवल उन देशों तक सीमित नहीं है, जो सीधे युद्ध में शामिल हैं, बल्कि उन सभी अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं। भारत भी उन्हीं देशों में शामिल है। एलपीजी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी तथा आपूर्ति को लेकर बढ़ती अनिश्चितता ने भारत की आर्थिक वृद्धि, महंगाई और चालू खाता घाटे (CAD) को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है, कि क्या यह ऊर्जा संकट भारत की जीडीपी वृद्धि को धीमा कर सकता है और क्या सरकार इस स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के अनुसार भारत की जीडीपी वृद्धि दर वर्ष 2026 में लगभग 6.5 से 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है, लेकिन इस आर्थिक विकास की एक बड़ी कमजोरी यह है कि भारत ऊर्जा के मामले में अभी भी आयात पर अत्यधिक निर्भर है। देश अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत से अधिक विदेशों से आयात करता है, इसलिए जब भी वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में तेजी आती है, तो उसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

एलपीजी के मामले में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है। भारत में एलपीजी की मांग पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ी है। वर्तमान में देश में एलपीजी की कुल वार्षिक खपत लगभग 31 मिलियन टन तक पहुंच चुकी है। इसमें से लगभग 20 से 21 मिलियन टन एलपीजी आयात के माध्यम से आती है, जबकि घरेलू उत्पादन लगभग 12 से 13 मिलियन टन के आसपास है। इसका अर्थ है कि भारत की एलपीजी जरूरत का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा आयात पर निर्भर है।

एलपीजी की बढ़ती मांग का एक बड़ा कारण पिछले वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या में हुई तेजी है। वर्ष 2014 में भारत में एलपीजी कनेक्शनों की संख्या लगभग 14 करोड़ थी, जो आज बढ़कर 32 करोड़ से अधिक हो चुकी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी की पहुंच को बढ़ाया है, जिससे इसकी मांग में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी है कि भारत की ऊर्जा निर्भरता भी तेजी से बढ़ी है।

भारत के एलपीजी और तेल आयात का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। पश्चिम एशिया के समुद्री मार्ग, विशेष रूप से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल का परिवहन इसी मार्ग से होता है। भारत के लिए यह मार्ग और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसके ऊर्जा आयात का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। यदि इस क्षेत्र में युद्ध या सैन्य तनाव के कारण आपूर्ति बाधित होती है, तो भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है।

हाल के दिनों में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। ब्रेंट क्रूड की कीमतें 95 से 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गई हैं, यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष और बढ़ता है, तो यह कीमतें और अधिक बढ़ सकती हैं। तेल की कीमतों में यह वृद्धि भारत की अर्थव्यवस्था पर कई तरह से असर डालती है। सबसे पहला प्रभाव महंगाई पर पड़ता है। जब तेल और गैस महंगे होते हैं, तो परिवहन, बिजली और उत्पादन लागत बढ़ जाती है। इससे खाद्य पदार्थों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि होती है। महंगाई बढ़ने से उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति घटती है और मांग कमजोर पड़ने लगती है।

दूसरा बड़ा प्रभाव जीडीपी वृद्धि दर पर पड़ता है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि कच्चे तेल की कीमतों में हर 10 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि होती है, तो भारत की जीडीपी वृद्धि दर लगभग 0.3 से 0.5 प्रतिशत तक कम हो सकती है। इसका कारण यह है कि ऊर्जा लागत बढ़ने से उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ जाती है और निवेश तथा उत्पादन दोनों प्रभावित होते हैं।

तीसरा और सबसे गंभीर प्रभाव चालू खाता घाटे (CAD) पर पड़ता है। भारत पहले से ही अपने ऊर्जा आयात के कारण भारी विदेशी मुद्रा खर्च करता है। यदि तेल की कीमतों में 10 डॉलर की वृद्धि होती है, तो भारत के आयात बिल पर लगभग 12 से 15 अरब डॉलर का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ सकता है और रुपये की कमजोरी भी बढ़ सकती है।

भारत की ऊर्जा मांग भविष्य में और तेजी से बढ़ने वाली है। बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और औद्योगिक विकास के कारण आने वाले वर्षों में देश की ऊर्जा खपत लगातार बढ़ेगी। ऐसे में यदि भारत ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भर बना रहता है, तो हर वैश्विक भू-राजनीतिक संकट उसकी आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करता रहेगा।

सरकार ने इस जोखिम को कम करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। भारत ने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार बनाए हैं, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में कुछ समय तक ऊर्जा आपूर्ति को बनाए रखा जा सके। इसके अलावा सरकार ऊर्जा आयात के स्रोतों को विविध बनाने और अमेरिका, रूस तथा अन्य देशों से ऊर्जा आयात बढ़ाने की दिशा में भी काम कर रही है।

इसके साथ-साथ भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी तेजी से निवेश कर रहा है। सरकार ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे विकल्प भविष्य में भारत की ऊर्जा निर्भरता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि अमेरिका-इज़राइल-ईरान संघर्ष केवल एक भू-राजनीतिक घटना नहीं है, बल्कि यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए एक गंभीर चेतावनी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> भारत की ऊर्जा मांग भविष्य में और तेजी से बढ़ने वाली है। भारत ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भर बना रहता है, तो हर वैश्विक भू-राजनीतिक संकट उसकी आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करता रहेगा।

## आमने सामने



बीजेपी अपना मूल स्वरूप और विचारधारा छोड़ती जा रही है। जो पार्टी कभी समर्पित कार्यकर्ताओं की पार्टी कहलाती थी, उसमें अब उन्हीं लोगों को किनारे किया जा रहा है, जिन्होंने दशकों तक जमीन पर काम किया। मौजूदा हालात देखकर कई बार उनका मन राजनीति से संन्यास लेने का होता है।

–अजेंद्र अजय
बीजेपी नेता, उत्तराखंड

पार्टी के खिलाफ इस तरह की बातें सार्वजनिक मंचों पर रखना किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। जो व्यक्ति ऐसी सोच रखता हो, वह बीजेपी का कार्यकर्ता कहलाने का अधिकारी नहीं है।

–महेंद्र भट्ट
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा उत्तराखंड



# सुंदरता सचमुच प्राकृतिक और शाश्वत सत्य है!



सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

इतिहास बताता है कि अलग-अलग समय और स्थानों पर सुंदरता के पैमाने बिल्कुल अलग रहे हैं। यूरोप में एक समय पतली कमर को स्त्री-सौंदर्य का आदर्श माना गया और कॉर्सेट इतने कसकर पहने जाते थे, कि स्त्रियों को सांस लेने में कठिनाई होने लगती थी। चिकित्सा इतिहासकारों ने दर्ज किया है कि लंबे समय तक कॉर्सेट पहनने से सांस लेने में समस्या, पाचन संबंधी दिक्कतें और पसलियों के आकार तक में बदलाव देखे गए। चीन में सदियों तक छोटे पैरों को सुंदरता, शिष्टता और विवाह-योग्यता से जोड़ा गया। बच्चियों के पैरों को बचपन से ही कसकर बांधा जाता था, ताकि वे छोटे बने रहें। इतिहासकार डोरोथी को के शोध बताते हैं कि इस प्रथा ने लाखों स्त्रियों की गतिशीलता सीमित कर दी।

दुनिया के कुछ हिस्सों में सुंदरता का अर्थ भरा-पूरा शरीर रहा है। अफ्रीका के कई समुदायों में शरीर पर बने विशेष चिह्न, अलंकरण या आभूषण सुंदरता और पहचान का हिस्सा रहे हैं। भारत में भी समय और क्षेत्र के अनुसार सुंदरता के मानक बदलते रहे हैं। कहीं गोरी त्वचा को सुंदरता का प्रतीक माना गया, कहीं बड़ी आंखों और लंबे बालों को, कहीं पतले शरीर को आधुनिक आकर्षण का संकेत बनाया गया, तो कहीं भरे-पूरे शरीर को स्वास्थ्य और समृद्धि से जोड़ा गया। औपनिवेशिक दौर और उसके बाद के विज्ञापन इतिहास पर हुए अध्ययनों से यह भी सामने आता है कि गोरी त्वचा को वरीयता देने वाली प्रवृत्तियां आधुनिक बाज़ार और उपनिवेशवादी सौंदर्य-राजनीति से भी जुड़ी रहीं।

इन सभी उदाहरणों से एक बात साफ़ होती है, सुंदरता कोई स्थायी सत्य नहीं है। वह समय, समाज और संस्कृति के साथ बदलती रहती है, लेकिन इन मानकों के अनुसार खुद को ढालने का सबसे अधिक दबाव लगभग हर समाज में स्त्रियों पर ही पड़ा है। धीरे-धीरे यह दबाव इतना सामान्य बना दिया जाता है कि वह नियम जैसा लगने लगता है।

कई घरों में यह शिक्षा डांट की तरह नहीं, सलाह की तरह आती है। धूप में कम खेलो, रंग दब जाएगा। बाल ठीक रखो। ज़रा सलीके से बैठो। लड़की हो, अपने ऊपर ध्यान देना सीखो। ऐसे ही जाओगी क्या, थोड़ा तैयार हो लो। इन वाक्यों में कोई एक बड़ा अत्याचार दिखाई नहीं देता, पर इन्हीं से वह लंबी मानसिक रचना शुरू होती है, जिसमें लड़की अपने आप को व्यक्ति से पहले प्रस्तुति के रूप में देखना सीखती है।

यही वह जगह है, जहां सुंदरता पसंद नहीं रहती, वह एक सामाजिक अभ्यास में बदल जाती है। लड़की को केवल पढ़ना, काम करना, विनम्र रहना और संबंध निभाना ही नहीं सिखाया जाता, उसे अपने चेहरे, त्वचा, बाल, चाल, देह, कपड़ों और गंध तक पर चौकन्ना रहना भी सिखाया जाता है। बहुत-सी लड़कियां बहुत जल्दी सीख जाती हैं कि उन्हें कमरे में मौजूद होने भर से काम नहीं चलेगा; उन्हें 'ढंग से' मौजूद होना होगा। यह ढंग कोई निजी खोज नहीं होता; उसे परिवार, विद्यालय, बाज़ार, परदा, साथियों की राय और अब सामाजिक माध्यम मिलकर गढ़ते हैं।

देह-छवि पर हुए समकालीन अध्ययनों ने भी यही दिखाया है कि साथियों का दबाव, पारिवारिक टिप्पणी, मीडिया और विद्यालयी वातावरण मिलकर युवाओं की देह-धारणा बनाते हैं। ब्रिटेन की मेंटल हेल्थ फ़ाउंडेशन की रिपोर्ट में पाया गया कि 54 प्रतिशत लड़कियों ने कहा कि सामाजिक माध्यमों की छवियों ने उन्हें अपने शरीर को लेकर चिंतित किया। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन द्वारा 2023 में प्रकाशित विश्लेषणों में संकेत मिला कि सामाजिक माध्यमों का उपयोग सीमित करने पर किशोरों और युवाओं में अपने रूप और वज़न को लेकर बेहतर महसूस करने की प्रवृत्ति दिखाई देती है। यहीं बाज़ार अपना सबसे चतुर काम शुरू करता है। वह स्त्री से यह नहीं कहता कि तुम गलत हो; वह उससे कहता है कि तुम और बेहतर हो सकती हो। यह भाषा सुनने में प्रेरक लगती है, पर उसका पूरा ढांचा एक स्थायी कमी पर टिका होता है।

मनोविज्ञान में इस अनुभव को समझाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण अवधारणाएं दी गई हैं। उनमें से एक हैस्व-वस्तुकरण (Self-Objectification)। इसका अर्थ है कि व्यक्ति स्वयं को एक जीवित अनुभव की तरह नहीं, बल्कि दूसरों की नज़र से देखी जाने वाली वस्तु की तरह देखने लगता है। इसके साथ जुड़ी होती हैदेह-निगरानी (Body Surveillance) यानी लगातार यह देखना कि हम कैसे दिख रहे हैं। इससे रूप-संबंधी चिंता (Appearance Anxiety) बढ़ती है और व्यक्ति दूसरों से लगातार अपनी तुलना करने लगता है, जिसे मनोविज्ञान में सामाजिक तुलना (Social Comparison) कहा जाता है। इन प्रक्रियाओं पर अमेरिकी मनोवैज्ञानिक बारबरा फ्रेडरिकसन और टोमी-ऐन रॉबर्ट्स के प्रसिद्ध 'ऑब्जेक्टिफिकेशन सिद्धांत' में विस्तार से चर्चा की गई है।

अंत में बात बस इतनी है, लड़कियों को सुंदर बनने की नहीं, बिना सुंदर ठहराए भी पूरी तरह मनुष्य माने जाने की ज़रूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> यूरोप में कभी पतली कमर के लिए महिलाओं के कॉर्सेट इतने कसकर पहने जाते थे कि वह सांस भी मुश्किल से ले पाती थीं।

## सोशल फोरम

# पहलवी की दावत और नीलो



जब शाह रज़ा पहलवी की दावत ने एक पाकिस्तानी अभिनेत्री को आत्महत्या की कोशिश तक पहुंचा दिया और इससे हबीब जालिब की बग़ावती नज्म पैदा हुई, जिसका रिश्ता बाद में फ़िलिस्तीन से भी जुड़ा।

नीलो 1960 के दशक में पाकिस्तान की बेहद लोकप्रिय फ़िल्म अभिनेत्री थीं। उनका जन्म एक कैथोलिक परिवार में हुआ था। उनका नाम था, सिंथिया अलेक्ज़ेंडर फ़र्नांडिस। 1956 में उन्होंने फ़िल्मी दुनिया में आते ही अपना स्क्रीन नाम नीलो रख लिया और 1965 तक वे पाकिस्तान की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में गिनी जाने लगीं।



साकिब सलीम
ब्लॉगर

11 फ़रवरी 1965 को उन्हें उस वक़्त के पाकिस्तान के गवर्नर अयूब ख़ान के क़रीबी सहयोगी आमिर मोहम्मद ख़ान ने बुलाया। ईरान के शासक शाह रज़ा पहलवी के सम्मान में एक डिनर पार्टी रखी गई थी और नीलो से उसमें नृत्य करने को कहा गया, लेकिन नीलो के विचार समाजवादी थे। उनका मानना था कि तानाशाहों और शासकों की निजी महफ़िलों में नाचना उनके उसूलों के ख़िलाफ़ है।

उन्होंने उस दावत में प्रदर्शन करने से साफ़ इंकार कर दिया। जैसा कि उम्मीद थी, यह बात गवर्नर को बेहद नागवार गुज़री। पुलिस भेजी गई और नीलो को गिरफ़्तार कर लिया गया। उन्हें ज़बरदस्ती उस पार्टी में लाया गया, ताकि वे नृत्य करें। इस अपमान और ज़िल्लत से टूटकर नीलो ने नींद की गोलियों की भारी मात्रा खा ली। पुलिस ने जैसे ही उन्हें नाचने पर मजबूर किया, वे बेहोश होकर फ़र्श पर गिर पड़ीं। डॉक्टरों को उन्हें बचाने में कई दिन लग गए।

तानाशाहों के सामने उनके इस साहसिक विरोध के अलावा पाकिस्तान की फ़िल्म इंडस्ट्री की प्रतिक्रिया भी बेहद मज़बूत और एकजुट थी। फ़िल्मकारों ने नीलो के समर्थन में एक दिन की हड़ताल का एलान किया। मशहूर प्रगतिशील शायर हबीब जालिब, जो फ़िल्मों के लिए भी लिखते थे, उन्हें अस्पताल में देखने जा रहे थे। रास्ते में ही उन्होंने एक बेहद ताक़तवर और बग़ावती नज़्म लिखी- 'नीलो'।

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# निंदा प्रस्ताव से ज्यादा बड़ी भूमिका में आए यूएन

अमेरिका और रूस जैसी महाशक्तियों के सामने संयुक्त राष्ट्र संघ लाचार और मजबूर है। न तो इसके पास कोई अधिकार है न ही इसकी कोई सुनता है। पूरी शक्ति का प्रयोग यह संगठन सिर्फ छोटे देशों पर ही कर पाता है। बड़ी महाशक्तियां उसकी सुनती नहीं। अपनी आर्थिक, सामरिक ताकत के दम पर इस संगठन को अमेरिका, रूस, चीन जैसे देशों ने बंधक बना लिया है। कई ध्रुवों में बंट चुके देशों को अब एकजुट होना होगा और अपने हितों के लिए दंतविहीन इस संगठन को मजबूत करना होगा।

अब भी अगर सदस्य देश एकजुट नहीं हुए, तो फिर अमेरिका जैसे देशों की दादागिरी चलती रहेगी। आज ईरान में बेनुगाह मारे जा रहे हैं, कल किसी और देश की धरती को बारूद से पाट दिया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा संघ की फिर से बैठक बुलाई जाएगी। निंदा प्रस्ताव पास किया जाएगा, लेकिन युद्ध नहीं रुकेगा।



डॉ. विकास शुक्ला
चिकित्सक

यूक्रेन के बड़े भूभाग पर कब्जा जमाने की चाहत में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पड़ोसी देश की धरती को खंडहर में तब्दील कर दिया। बम रूस की धरती पर भी फट रहे हैं। जानें वहां भी जा रही हैं, लेकिन चार साल से संयुक्त राष्ट्र संघ बार-बार निंदा प्रस्ताव पास करने के अतिरिक्त कुछ नहीं कर सका। कई बार वहां युद्ध रोकने का प्रस्ताव भी पास हुआ, पर नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। फरवरी 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों पक्षों के 10 लाख से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज की रिपोर्ट 2026 के अनुसार इस युद्ध में लगभग 325,000 रूसी सैनिक व 140,000 यूक्रेनी सैनिकों की मौत हो चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 1945 में की गई थी। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने, भविष्य में युद्धों को रोकने, राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करना था। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से मानव अधिकारों की रक्षा व सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना था, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या यह अपने उद्देश्य को पूरा कर पा रहा है? तो जवाब आता है, नहीं।

1950 के दशक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव डैग हैमरस्कजोल्ड ने मजाकिया लहजे में कहा था कि संयुक्त राष्ट्र हमें स्वर्ग तक पहुंचाने के लिए नहीं, बल्कि नरक से बचाने के लिए बनाया गया था, लेकिन यह संस्था हमें युद्ध रूपी नरक से बचा नहीं पा रही है, इसलिए अब यह धारणा बनती जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र एक संगठन के रूप में तेजी से अक्षम और अप्रभावी होता जा रहा है।

वैसे तो इस संगठन में 193 देश हैं, लेकिन कब्जा सिर्फ वीटो पॉवर वाले देशों अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन और ब्रिटेन का ही है। रूस ने यूक्रेन पर यह कहकर हमला किया था कि वह नाटो का सदस्य बनकर उसके लिए खतरा बन रहा है, लेकिन इस युद्ध के पीछे यूक्रेन के बड़े भूभाग पर कब्जे की योजना थी, जो साफ दिखती है। यूक्रेन-रूस युद्ध रुकवाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावे तो बड़े- बड़े किए थे। रूस के राष्ट्रपति के साथ बैठक भी की थी, लेकिन दुनिया को शांति का संदेश देते-देते वे खुद ही युद्ध करने में जुट गए।

ईरान में सत्ता किसकी रहेगी यह तय करने का अधिकार वहां की जनता का है, लेकिन सत्ता परिवर्तन के नाम पर ट्रंप ने इजरायल के साथ मिलकर इस देश को युद्ध में झोंक दिया और इसकी आग से सऊदी अरब, बहरीन, ओमान, यूएई जैसे देश भी झुलस रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# युद्ध ने बढ़ाया संकट मुसीबत में ऑटो सेक्टर

भारत में निर्मित होने वाली कारों के लिए मध्य पूर्व के देश एक बड़ा और प्रमुख बाजार है। लेकिन वहां लगी युद्ध की आग से कार निर्माता कंपनियां मुसीबत में आ गई हैं।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग से गंभीर दबाव में आ गया है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती सप्लाई चेन बनाए रखना और निर्यात की राह में खड़ी बाधाएं हैं। मध्य पूर्व देशों में तनाव और समुद्री रास्तों पर खतरे के कारण भारतीय ऑटो कंपनियों ने मिडिल ईस्ट और अफ्रीका के कुछ देशों में गाड़ियों की शिपमेंट टाल दी हैं। कंपनियों को डर है कि युद्ध के कारण शिपिंग लागत बढ़ सकती है और सुरक्षा का जोखिम भी है। इसी तरह कच्चे माल की आपूर्ति बाधित होने से उत्पादन लागत बढ़ना शुरू हो गई है। इनपुट लागत बढ़ने का असर घरेलू बाजार में कारों की कीमतों और ईवी की मांग पर पड़ सकता है।

सुरक्षा और बढ़े हुए बीमा शुल्क के कारण टाटा, मारुति और हुंडई जैसी कंपनियों को अपनी शिपमेंट रोकनी या टालनी पड़ रही हैं। हालांकि घरेलू बाजार में कारों की मांग पर अभी कोई असर नहीं पड़ा है, बीते माह यात्री और दोपहिया वाहनों की बिक्री में दो अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। लेकिन पेट्रोल-डीजल की कीमतें और आर्थिक अनिश्चितता अगर बढ़ती है, तो इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि तमाम लोग नए वाहन खरीदने का फैसला टाल सकते हैं। देश का ऑटोमोबाइल सेक्टर

- सप्लाई चेन में व्यवधान, दबाव में निर्यात
- लॉजिस्टिक्स और शिपिंग लागत में वृद्धि
- उत्पादन लागत बढ़ने का मंडराता खतरा

### भारतीय कारों व दो पहिया वाहनों के लिए बड़ा बाजार है मध्य पूर्व

- मध्य पूर्व और नार्थ अफ्रीका के करीब 20 देशों का क्षेत्र, जिसे 'मीना' कहा जाता है, भारतीय कारों और दो पहिया वाहनों के लिए अहम बाजार है। ऐसे में वैश्विक तनाव से भारतीय ऑटो कंपनियों के सामने सबसे बड़ी चिंता इन देशों को होने वाले निर्यात तथा माल ढुलाई की लागत बढ़ने को लेकर है। हुंडई इंडिया अपने कुल उत्पादन का लगभग 21 फीसदी इन्हीं देशों को निर्यात करती है। टाटा मोटर्स का भी सबसे ज्यादा कारोबार यहां है। अशोक लेलैंड अपने निर्यात का 35 फीसदी इन देशों को भेजती है, तो बजाज ऑटो भी 15 फीसदी तक निर्यात मध्य पूर्व और नॉर्थ अफ्रीका देशों को करता है। जाहिर है, इस स्थिति में युद्ध लंबा खिंचने से जिन कंपनियों का मध्य पूर्व और नॉर्थ अफ्रीका क्षेत्र में ज्यादा निर्यात है, उनकी बिक्री पर तो सीधा असर पड़ेगा, लेकिन बाकी कंपनियों को भी माल ढुलाई दरें और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से कच्चे माल की लागत बढ़ने का असर झेलना पड़ेगा।



## टायर उद्योग को सता रहा महंगाई की मार का खतरा



मौजूदा संघर्ष से देश के टायर उद्योग की उत्पादन लागत बढ़ सकती है। सप्लाई चेन पर दबाव आ सकता है। वाहन टायर निर्माताओं के संगठन (एटमा) ने केंद्र सरकार को बताया है कि भारत से पश्चिम एशिया को सालाना लगभग 25-26 करोड़ डॉलर के टायरों का निर्यात होता है। होर्मुज स्ट्रेट और स्वेज नहर सहित प्रमुख समुद्री मार्गों में अस्थिरता यूरोप, अमेरिका और अफ्रीका को होने वाली खेपों को प्रभावित कर सकती है, जिससे माल भेजने में देरी और माल ढुलाई की लागत बढ़ सकती है। टायर बनाने में कच्चे माल की लागत का 60 से 70 प्रतिशत हिस्सा कच्चे तेल से जुड़ा होता है। सिंथेटिक रबर, कार्बन ब्लैक, प्रोसेसिंग ऑयल और टायर कॉर्ड फैब्रिक जैसे मुख्य इनपुट कच्चे तेल से ही आते हैं।

### टोयोटा, हुंडई और मारुति ने पिछले साल किया करोड़ों डॉलर का निर्यात

- सीमा शुल्क के आंकड़ों के अनुसार भारत से साल 2025 में 8.8 बिलियन डॉलर मूल्य की कारों का वैश्विक निर्यात किया गया था, जिसका एक चौथाई हिस्सा सिर्फ मध्य पूर्व के देशों के लिए था। टोयोटा ने पिछले साल 47 करोड़ डॉलर का निर्यात किया, जिसमें 30 करोड़ डॉलर की कीमत की कारें सिर्फ मध्य पूर्व के देशों में भेजी गई थीं। इसी तरह हुंडई मोटर ने करीब 75 करोड़ डॉलर का निर्यात खाड़ी देशों को किया था, जबकि मारुति सुजुकी की मिडिल ईस्ट के निर्यात में हिस्सेदारी करीब 45 करोड़ डॉलर थी।

### वाहन पुर्जा उद्योग भी मौजूदा हालात को लेकर परेशान

- वाहन पुर्जा उद्योग ने चेताया है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष और लाल सागर में जहाजों के मार्ग में बाधाओं के कारण निर्यात की लॉजिस्टिक लागत बढ़ रही है, खेप भेजने में में देरी हो रही है तथा महत्त्वपूर्ण कच्चे माल का आयात बाधित हो रहा है। इसके साथ ही उत्पादन के लिए जरूरी एलपीजी और पीएनजी की उपलब्धता को लेकर भी चिंताएं बढ़ रही हैं। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विक्रमपति सिंघानिया का कहना है कि निर्यात के उत्पादन से जुड़े प्रमुख इनपुट का निर्यात और आयात दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं।

## ऑटो न्यूज



### 42 % स्कूटरों की बिक्री में पिछले माह दर्ज हुआ उछाल

- स्कूटरों की बिक्री में बीते माह फरवरी में 42.3% का बड़ा उछाल आया। देश भर में 7,29,774 यूनिट स्कूटरों की खरीद हुई। इसके मुकाबले मोटरसाइकिलों की बिक्री में 30.8% की वृद्धि दर्ज की गई और 10,96,537 यूनिट बाइक्स बेची गईं। इस तरह फरवरी में टू-व्हीलर की बिक्री में कुल मिलाकर 35.2% की बढ़त सामने आई और 18,71,406 यूनिट लोगों ने खरीदीं। इसके मुकाबले पिछले साल इस माह में 13,84,605 यूनिट टू-व्हीलर की बिक्री हुई थी।



### 74,573 थ्री-व्हीलर की पिछले माह हुई बिक्री

- तीन पहिया यानी थ्री-व्हीलर सेगमेंट में भी मजबूत प्रदर्शन सामने आया। फरवरी में तीन पहिया वाहनों की बिक्री 29% बढ़कर 74,573 यूनिट रही, जबकि पिछले साल यह 57,788 यूनिट थी पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में भी फरवरी माह में अच्छी वृद्धि देखने को मिली। कुल 4,17,705 यूनिट की बिक्री हुई। यह पिछले साल के 3,77,689 यूनिट के मुकाबले 10.6% ज्यादा रही, जबकि इसमें लग्जरी ब्रांड की बिक्री शामिल नहीं रहे।

## नई कारें : हाईटेक फीचर्स, नए स्टैंडर्ड्स

नई कार खरीदने की योजना बना रहे लोगों के लिए नई लॉन्चिंग ने नए अवसर और विकल्प दिए हैं। मसलन, पुरानी यादों में खोए रहने वाले खरीदारों को आखिरकार अपनी डस्टर वापस मिल गई है। टाटा सिएरा को हाथोहाथ लिए जाने के बाद अब टाटा सिएरा ईवी धमाल मचाने की तैयारी में है, तो इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों के लिए एबेला भी भरोसेमंद विकल्प बन सकती है, जबकि रफ्तार और परफॉर्मेंस के दीवाने एसक्यू8 को देखकर ललचा सकते हैं।

### रेनॉल्ट डस्टर की पुरानी यादें नए अवतार में

- रेनॉल्ट डस्टर यह एसयूवी साल 2022 में भारत में बंद कर दी गई थी, चार साल बाद अब इसे नए अवतार में फिर से लॉन्च किया गया है। यह कार उन परिवारों के लिए आदर्श है जो सुविधाओं से भरपूर कॉम्पैक्ट एसयूवी की तलाश में हैं। माना जा रहा है कि नई डस्टर एक परिपक्व डिजाइन और अपडेटेड तकनीक के साथ क्रेटा और सेल्टोस को कड़ी टक्कर देगी। ग्राहकों को इसकी डिलीवरी अगले माह शुरू होने की उम्मीद है।
- नई डस्टर में दो टर्बो पेट्रोल इंजन ऑप्शन होंगे। पहला 1.0 लीटर टर्बो इंजन जो 100बीएचपी की पावर देगा, दूसरा 1.3 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन 163बीएचपी की पावर पैदा करेगा। सुरक्षा के लिए इसमें छह एयरबैग और 360 डिग्री कैमरा के साथ लेवल-2 एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम है। नए मॉडल में लेन कीप असिस्ट और एडैप्टिव क्रूज कंट्रोल भी होगा। मजबूत बाहरी डिजाइन और अंदर डुअल डिजिटल डिस्प्ले दिए गए हैं। टॉप वेरिएंट में पैनोरमिक सनरूफ और वेंटिलेटेड फ्रंट सीटें भी मिलेंगी। रेनॉल्ट डस्टर के नए अवतार की कीमत करीब 11 से 20 लाख के बीच रहेगी।





### अब धमाल मचाने आ रही टाटा सिएरा ईवी

- टाटा सिएरा पिछले दिनों लॉन्च हुई चर्चित गाड़ियों में शुमार रही थी। इस कार को ग्राहकों ने कितना पसंद किया, इसका अंदाजा इसकी बुकिंग से लगाया जा सकता है, जिसने वेटिंग पीरियड लंबा कर दिया। अब टाटा सिएरा ईवी की लॉन्चिग आकर्षण के केंद्र में है। कंपनी इस इलेक्ट्रिक वेरिएंट को भी हाथोहाथ लिए जाने की उम्मीद लगाए है। टाटा सिएरा ईवी को अगले दो माह के भीतर लॉन्च किया जाएगा। यह कार रोज यात्रा करने वालों के लिए उन लोगों के लिए भरोसेमंद होगी, जिनके पास घर में चार्जिंग की सुविधा है और जो अपना मासिक ईंधन खर्च काफी कम करना चाहते हैं। सिएरा ईवी रेट्रो-प्रेरित डिजाइन को आधुनिक ईवी आर्किटेक्चर के साथ जोड़ती है। इसके इंटीरियर में टिकाऊ सामग्री और सिएरा श्रृंखला की खासियत वाला विशाल केबिन लेआउट होगा। एक बार चार्ज करने पर इसकी रेंज लगभग 500 किलोमीटर होने की उम्मीद है। डीसी फास्ट चार्जर से एक घंटे से कम समय में इसे 60 फीसदी तक चार्ज किया जा सकेगा। कंपनी का दावा है कि सिएरा ईवी ईंधन की लागत को खत्म कर देती है। कम रखरखाव और संचालन लागत इसे समान मूल्य वर्ग में पेट्रोल से चलने वाली कारों के मुकाबले बेहतर दावेदार बनाती हैं। इस कार की अनुमानित कीमत 18 से 24 लाख के बीच होने की उम्मीद है।

### ई-विटारा से अलग है टोयोटा की अर्बन क्रूजर एबेला

- टोयोटा की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी अर्बन क्रूजर एबेला भी मार्केट में आ गई है। इसकी 25 हजार रुपये के साथ दो माह पहले बुकिंग की गई थी। इसकी कीमत 17 से 23 लाख रुपये एक्स शोरूम है। यह मारुति ई विटारा का टोयोटा संस्करण है, लेकिन उससे थोड़ी अलग तथा प्रीमियम है। इसमें 49 किलोवाट घंटे और 61 किलोवाट घंटे की दो बैटरी विकल्प उपलब्ध हैं, जो 543 किलोमीटर तक की रेंज प्रदान करेंगे। इस एसयूवी में छह एयरबैग, डुअल 10.25 इंच की डिजिटल स्क्रीन, जेबीएल साउंड सिस्टम, पैनोरमिक ग्लास रूफ और टॉप वेरिएंट में लेवल 2 एडीएएस मिलेगा। जानकारों के मुताबिक यह हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक और महिंद्रा बीई 6 को टक्कर देती नजर आएगी।





### 25 अपडेट्स के साथ आई नई हुंडई वरना

हुंडई इंडिया ने अपनी पॉपुलर सेडान 'वरना' का नया मॉडल पेश किया है, इसके जरिए कंपनी की नजर मिड साइज सेडान सेगमेंट के खरीदारों पर है। कंपनी ने इस लग्जरी सेडान में डिजाइन, टेक्नोलॉजी और सेफ्टी से जुड़े 25 से ज्यादा बड़े बदलाव किए हैं। एक्सटीरियर में भी कई कॉस्मेटिक और स्टाइलिश बदलाव हुए हैं। इसमें ब्लैक क्रोम रेडिएटर ग्रिल, डुअल एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप्स और नए डिजाइन के फ्रंट और रियर बंपर दिए गए हैं। कार को स्पोर्टी लुक देने के लिए 16-इंच के डायमंड-कट अलॉय व्हील्स लगाए गए हैं। 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग के कारण इस कार का मुकाबला होंडा सिटी, स्कोडा स्लाविया और फॉक्सवैगन वर्टस से माना जा रहा है। इस कार को 25 हजार रुपये की राशि देकर बुक किया जा सकता है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 11 लाख रुपये है।



### ऑडी एसक्यू 8 में पावर और भव्यता का संतुलन

- जिन लोगों को लगता रहा है कि ऑडी स्टैंडर्ड क्यू 8 में ताकत की थोड़ी कमी है, तो एसक्यू 8 उम्मीदों पर खरी उतरने वाली है। एसक्यू 8 में इंजन तो 4.0-लीटर ट्विन-टर्बो वी8 ही लगा है, लेकिन कम ट्यूनिंग के साथ, जो 507एचपी और 770 एएम का पावर जनरेट करता है। ऑडी का दावा है कि यह कार 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार 4.1 सेकंड में पकड़ लेती है। इस एसयूवी में मैट्रिक्स एलईडी हेडलाइट्स, स्पोर्टी डिजाइन एलिमेंट्स और प्रीमियम केबिन जैसी सुविधाएं हैं और इसे कस्टमाइज्ड यूनिट के रूप में लाया गया है। यह स्टैंडर्ड क्यू8 और टॉप-रेंज आरएस क्यू8 के बीच सटीक रूप से फिट बैठती है, जिससे खरीदारों को एक आकर्षक मध्य विकल्प मिलता है। इसकी अनुमानित कीमत 1.50 से 1.90 करोड़ एक्स-शोरूम रहने वाली है।

न्यूज ब्रीफ

## एल्युमिनियम ढलाई बंद होने का हिंडाल्को ने खंडन किया

**नई दिल्ली।** दिग्गज धातु विनिर्माता कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने रविवार को एल्युमिनियम ढलाई व्यवसाय बंद होने की खबरों का खंडन करते हुए कहा कि कंपनी के इस व्यवसाय की बिक्री या संचालन को नहीं रोका गया है। कंपनी ने कहा कि हाल ही में ग्राहकों को भेजी गई सूचना केवल संभावित आपूर्ति व्यवधान के संबंध में सामान्य व्यावसायिक जानकारी थी। वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले बदलते भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में कंपनी के समग्र परिचालन या वित्तीय प्रदर्शन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

## पंजाब : मान का उद्योग जगत से पूर्ण सरकारी सहयोग का वादा

**मोहाली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को उद्योगपतियों को पूर्ण सरकारी सहयोग और प्रोत्साहन का आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी सरकार राज्य को एक प्रमुख औद्योगिक और निर्यात केंद्र बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। तीन दिवसीय प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन के समापन अवसर पर मान ने कहा कि इस आयोजन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की भागीदारी ने औद्योगिक विकास के लिए सही माहौल तैयार किया है और यह राज्य की आर्थिक प्रगति को तेज करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि सम्मेलन के दौरान आए निवेश प्रस्तावों और तय परियोजनाओं की प्रगति का छह माह बाद फिर मूल्यांकन किया जाएगा।

# पेट्रोल-डीजल मूल्य स्थिर रखने का बोझ अब रिफाइनरी भी भुगतेंगी

### विपणन कंपनियां कर रही हैं रिफाइनरी हस्तांतरण शुल्क पर रोक लगाने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां (ओएमसी) ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि नहीं करने की वजह से खुद को हो रहे घाटे को कम करने के लिए रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयातित दरों से कम कीमत देने की तैयारी कर रही हैं। माना जा रहा है कि इस कदम से एमआरपीएल, सीपीसीएल और एचएमएल जैसी एकल रिफाइनरी कंपनियों पर बुरा असर पड़ सकता है।

पश्चिम एशिया संकट से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थीं जो अब बढ़कर 100 डॉलर के पार पहुंच गई हैं। हालांकि, भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें स्थिर बनी हुई हैं, जिस वजह से पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को इस बढ़ोतरी का बोझ खुद उठाना पड़ रहा है। सूत्रों का कहना है कि ओएमसी अब रिफाइनरी हस्तांतरण शुल्क (आरटीपी) पर रोक लगाने या उस पर छूट तय करने के विकल्प पर विचार कर रही हैं। आरटीपी वह आंतरिक कीमत होती है, जिस पर रिफाइनरियां अपने विपणन खंड को ईंधन बेचती हैं। इस कदम का मकसद रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयात-समता लागत से कम भुगतान करना है।

यदि वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं, तो इस प्रस्तावित कदम से रिफाइनरियां कच्चे तेल की बढ़ी हुई लागत का पूरा बोझ आरटीपी के जरिये आगे नहीं बढ़ा पाएंगी और उन्हें इस प्रभाव का एक हिस्सा खुद वहन करना होगा। सूत्रों के अनुसार, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन जैसी एकीकृत कंपनियां अपने रिफाइनिंग और विपणन परिचालन के बीच इस घाटे की भरपाई कर सकती हैं।



### इन रिफाइनरी पर असर

मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, चेन्नई पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड जैसी एकल रिफाइनरियों का खुदरा बाजार में न के बराबर दखल है, वे अपना अधिकांश उत्पादन ओएमसी को बेचती हैं। ऐसे में उनके मार्जिन पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। नायरा एनर्जी और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी रिफाइनरी भी प्रभावित होंगी। ये दोनों अपने उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा ओएमसी को बेचती हैं।

### युद्ध के बीच उचित कीमत पर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा कोल इंडिया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच देश में बिजली की आपूर्ति को उचित कीमत पर सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकता रहेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह संकट वैश्विक पोत परिवहन मार्गों और आयातित कोयले की कीमतों को प्रभावित कर रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) देश में कुल घरेलू कोयला उत्पादन का 80 प्रतिशत और कोयले पर आधारित कुल बिजली उत्पादन का 75 प्रतिशत योगदान देती है। सीआईएल देश के कुल बिजली उत्पादन में 55 प्रतिशत का योगदान देती है और देश की मुख्य वाणिज्यिक ऊर्जा आवश्यकताओं का 40 प्रतिशत पूरा करती है। कंपनी के अधिकारी ने कहा कि गर्मियों में बिजली की मांग में अनुमानित वृद्धि को पूरा करने के लिए देश में पर्याप्त कोयले का भंडार है।

### अदाणी-टोटल गैस ने कुछ औद्योगिक ग्राहकों के लिए गैस की कीमत घटाई

कुछ औद्योगिक ग्राहकों के लिए अदाणी टोटल गैस लिमिटेड ने अतिरिक्त प्राकृतिक गैस के दाम प्रति मानक घन मीटर 119 .90 से घटाकर 82 .95 रुपये कर दिए हैं। कहा है कि यह संशोधन उपभोक्ताओं तक कम कीमत का लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है।

# आईआईए ने केंद्र से एमएसएमई इकाइयों में गैस संकट के समाधान की उम्मीद जताई

- एमएसएमई इकाइयों में प्रभावित हो रही हैं विनिर्माण गतिविधियां

### आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा- वास्तविक कमी से ज्यादा ये रसद-आपूर्ति श्रृंखला का मामला

**बरेली, अमृत विचार:** एलपीजी और औद्योगिक गैस की आपूर्ति में रुकावट के कारण कई एमएसएमई इकाइयों ने विनिर्माण गतिविधियों के प्रभावित होने की बात कही है, जिस पर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने भी चिंता जताई है। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा है कि वर्तमान स्थिति गैस की वास्तविक कमी से कहीं अधिक रसद और आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित है। उन्होंने इसके समाधान के लिए केंद्र सरकार और संबंधित आपूर्ति एजेंसियों के हस्तक्षेप और समन्वय की उम्मीद जताई है।

आईआईए अध्यक्ष ने कहा है कि संस्था को इस समस्या के कारण बंद हुई औद्योगिक इकाइयों की संख्या के संबंध में पुष्ट आंकड़े प्राप्त नहीं हुए हैं। हालांकि, उसने देश भर में अपने सदस्यों से गैस संकट के कारण हो रही परिचालन संबंधी कठिनाई, उत्पादन में व्यवधान या बंद होने की सूचनाएं मांगी हैं ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें उचित मंच पर रखा जा सके। दिनेश गोयल ने कहा, गैस की कमी से भट्टियों, हीटिंग सिस्टम और प्रसंस्करण इकाइयों में गैस का उपयोग करने वाले उद्योग भी काफी प्रभावित होते हैं। इंडक्शन-आधारित भट्टियां और हीटिंग सिस्टम जैसे इलेक्ट्रिक विकल्प कुछ औद्योगिक प्रक्रियाओं में आंशिक समाधान ही प्रदान कर सकते हैं। उनकी व्यवहारिकता तकनीकी उपयुक्तता और बिजली लागत पर भी निर्भर करेगी। उन्होंने कहा, संस्था स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और हितधारकों के साथ संपर्क में है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एमएसएमई के संचालन में गंभीर रूप से बाधा न आए।



### ये उद्योग सबसे ज्यादा संकट में

पैकेजिंग सामग्री निर्माण, प्लास्टिक घटक और एक्सट्रूजन इकाइयां, ऑटो पार्ट्स निर्माण इकाइयां, मशीनरी निर्माण और फेब्रिकेशन इकाइयां, रखरखाव और इंजीनियरिंग कार्यशालाएं, बिस्कुट और बन बनाने वाली बेकरी यूनिट और कांच और चूड़ी ढलाई इकाइयां, विशेष रूप से फिरोजाबाद में।

### भविष्य में गैस पर निर्भरता कम करने की भी कोशिश

आईआईए गैस आधारित प्रक्रियाओं पर निर्भरता कम करने के लिए दीर्घकालिक समाधानों पर भी काम कर रहा है। बताया गया कि इस दिशा में उसने आईआईटी रुड़की, आईआईटी वाराणसी और आईआईटी धनबाद सहित प्रमुख तकनीकी संस्थानों के साथ परामर्श शुरू किया है। ताकि औद्योगिक गैस खपत कम करने की तकनीक, लघु एवं मध्यम उद्यमों की विनिर्माण प्रक्रियाओं के लिए वैकल्पिक ऊर्जा विकल्प और टिकाऊ उत्पादन प्रणालियों जैसी संभावनाओं का पता लगाया जा सके।

# आयकर विभाग की मुकदमा प्रणाली में बदलाव किया जाए

- संसदीय समिति ने की विशेषज्ञ मुकदमा समिति बनाने की संस्तुति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

संसद की एक समिति ने आयकर विभाग से उच्च न्यायालयों या उच्चतम न्यायालय में अपील दायर करने से पहले कर विवाद के मामलों की जांच के लिए एक विशेषज्ञ मुकदमा समिति गठित करने को कहा है। समिति ने मुकदमेबाजी के प्रति विभाग के दृष्टिकोण में व्यापक बदलाव का आह्वान भी किया है।

वित्त मामलों की स्थायी समिति ने 2024-25 में उच्च न्यायालय के स्तर पर आयकर विभाग की सफलता दर महज 12.07 प्रतिशत और आईटीएटी स्तर पर 14.50 प्रतिशत रहने पर चिंता जताई है। भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली समिति ने संसद में पेश अपनी रिपोर्ट में कहा कि बार-बार आने वाले प्रतिकूल परिणाम प्रणालीगत कमजोरियों की ओर इशारा करते हैं। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा, इसलिए केवल यांत्रिक तरीके से अपील दायर करने के मुद्दे को हल करने की आवश्यकता है। अक्सर व्यक्तिगत जिम्मेदारी या सतर्कता जांच से बचने के लिए ऐसा किया जाता है। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 तक आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के समक्ष 3.64 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विवादित राशि वाले 23,230 मामले लंबित हैं। इसी तरह, उच्च न्यायालय में 5.65 लाख करोड़ रुपये के 41,321 मामले और उच्चतम न्यायालय में 25,403 करोड़ रुपये की मांग वाले 6,880 मामले लंबित हैं।

## स्थाई लाइसेंस देने का एफएसएसएआई का निर्णय परिवर्तनकारी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं संरक्षा प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा खाने-पीने की चीजों को व्यवसायियों को स्थायी लाइसेंस देने के निर्णय को परिवर्तनकारी बताया है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री लोकसभा सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि इससे व्यवसायियों को बार-बार लाइसेंस नवीनीकरण नहीं कराना होगा और अनुपालना का बोझ कम होगा। उन्होंने कहा कि ये बड़े सुधार सरकार के उस विजन के अनुरूप हैं जिसके तहत नियामकीय प्रक्रियाओं को सरल बनाकर व्यापारियों, छोटे उद्यमियों और स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पारदर्शी और व्यापार-अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है।

# यात्रा नीति के दुरुपयोग में फंसे एयर इंडिया के 4,000 कर्मचारी

- अब भारी जुर्माने के साथ वसूली जा रही है हड़पी गई धनराशि

**नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी**

एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए निर्धारित अवकाश यात्रा नीति (ईएलटी) के उपयोग में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पाई हैं। इस मामले में 4,000 से अधिक कर्मचारियों को चिह्नित किया गया है जिसके बाद एयरलाइन ने दोषी कर्मचारियों पर जुर्माना लगाने के साथ सुधारात्मक कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

टाटा समूह ने जनवरी, 2022 में घाटे में चल रही एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। इस समय एयरलाइन एक महत्वाकांक्षी परिवर्तन योजना को लागू कर रही है। एयर इंडिया में कुल 24,000 से अधिक कर्मचारी हैं। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया की ईएलटी नीति के उपयोग में बड़ी गड़बड़ियों का पता एक विस्तृत आंतरिक जांच के बाद चला। सूत्र ने बताया कि 4,000 से अधिक कर्मचारियों को ईएलटी नीति का दुरुपयोग करते पाया गया है। उल्लंघन के ये मामले पिछले वित्त वर्ष से जुड़े हुए हैं। हालांकि, इस दुरुपयोग के कारण हुए कुल वित्तीय नुकसान और सटीक समय अवधि का पता नहीं चल सका है। एयर इंडिया ने संबंधित कर्मचारियों से धोखाधड़ी के जरिए ली गई राशि वापस करने को कहा है। इसके साथ कई दोषी कर्मचारियों पर भारी जुर्माना भी लगाया गया है।

### मुफ्त टिकट लेकर ऊंचे दाम पर दूसरों को बेचे

ईएलटी नीति के तहत कर्मचारियों और उनके परिजनों को मुफ्त हवाई टिकट दिए जाते हैं। यह सुविधा कुछ शर्तों के अधीन होती है। कई कर्मचारियों ने उन लोगों को अपना रिश्तेदार बताकर इस नीति का दुरुपयोग किया, जिनसे उनका कोई संबंध नहीं था। कुछ मामलों में तो कर्मचारियों ने मुफ्त टिकट लेकर उन्हें ऊंचे दामों पर बाहरी लोगों को बेच दिया।

## विदेशी मुद्रा भंडार में 11.68 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा भंडार में 6 मार्च को समाप्त सप्ताह 11.683 अरब डॉलर की गिरावट रही और सप्ताहांत पर यह 716.81 अरब डॉलर रहा।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.88 अरब डॉलर बढ़कर 563.245 अरब रुपये रह गई। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी येन, ब्रितानी पाउंड और यूरो शामिल हैं जिनके मूल्य का निर्धारण डॉलर के मुकाबले उनके संदर्भ दर से होता है। स्वर्ण भंडार में 1.612 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई और यह 6 मार्च को 130.017 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 4.5 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 14.6 करोड़ डॉलर घटकर क्रमशः 4.828 अरब डॉलर और 18.72 अरब डॉलर पर रहे।

## उपभोक्ता आयोग का आदेश असफल एटीएम लेनदेन पर मुआवजा देगा बैंक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर स्थित उपभोक्ता आयोग ने सेवा में कमी के मामले में एक्सिस बैंक को फटकार लगाते हुए उसे एक ग्राहक को राशि वापस करने और 10,000 रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया है। ग्राहक को आठ वर्ष पहले एक असफल एटीएम लेनदेन में 5,000 रुपये का नुकसान हुआ था।

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एटीएम में ग्राहक के बैंक खाते से राशि डेबिट होने के बाद नकदी नहीं मिलने को गंभीर मामला बताया। कहा कि ऐसे लेनदेन की जांच करना और ग्राहक को तत्काल राहत देना बैंक की जिम्मेदारी है। आयोग ने पाया कि बैंक ने शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया, न लोकपाल के माध्यम से निष्पक्ष सुनवाई प्रदान की। यह असफल लेनदेन 19 अगस्त, 2018 का है। मामले की सुनवाई आयोग के अध्यक्ष सतीश सप्रे और सदस्य मिलिंद केदार ने एकपक्षीय रूप से की, क्योंकि कानूनी नोटिस दिए जाने के बावजूद एक्सिस बैंक आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ।



मेरठ में रविवार को एक गैस एजेंसी के बाहर सिलेंडर रिफिल कराने के लिए लगी लोगों को लंबी कतार।

## देश में एलपीजी बुकिंग घटकर 77 लाख

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच देश में घरेलू एलपीजी रिफिल बुकिंग में गिरावट आई है और यह अब लगभग 77 लाख पर पहुंच गई है। सरकार की ओर से यह दावा करते हुए बताया गया है कि बुकिंग की स्थिति 13 मार्च को यह 88 .8 लाख थी।

**सरकार ने किया दावा डीजल-पेट्रोल एलपीजी की कोई कमी नहीं**

सरकार ने कहा है कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सुरक्षित है और किसी तरह की कमी नहीं है। सरकार ने पश्चिम एशिया की स्थिति के प्रभाव पर जारी दैनिक अपडेट में बताया कि ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग का हिस्सा बढ़कर लगभग 87 प्रतिशत हो गया है, जो पहले 84 प्रतिशत था। इसका श्रेय तेल विपणन कंपनियों द्वारा डिजिटल बुकिंग को बढ़ावा देने और लोगों को एलपीजी डीलरशिप पर लंबी कतारों में खड़ा होकर ज़रूरत से ज्यादा खरीदारी करने से रोकने वाले अभियान को दिया गया है। सरकार ने बताया कि देश की सभी घरेलू रिफाइनरी पूरी क्षमता पर काम कर रही हैं और पर्याप्त कच्चे तेल का भंडारण बनाए हुए हैं। सरकार ने कहा कि देश पेट्रोल और डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है और घरेलू मांग पूरी करने के लिए इन ईंधनों का कोई आयात आवश्यक नहीं है।

## नए वित्तीय वर्ष में नए नियम
# कुछ आसानी और कुछ मुश्किल

नया वित्तीय वर्ष 2026-27 शुरू होने के साथ एक अप्रैल से इस बार भी कई महत्वपूर्ण नियम बदलने जा रहे हैं। ये बदलाव मुख्य रूप से आयकर, बैंकिंग लेनदेन और सेवानिवृत्ति बचत से जुड़े हुए हैं। दावा किया गया है कि इन बदलावों से मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों पर सकारात्मक असर पड़ेगा और उनके हाथ में अधिक बचत आएगी। इसके अलावा छोटे बैंकिंग लेनदेन सरल होंगे, हालांकि बड़े ट्रांजैक्शन और शेयर बाजार के सौदों पर सरकारी निगरानी और टैक्स का बोझ बढ़ सकता है।




### आयकर और टैक्स स्लैब

- नई टैक्स व्यवस्था अब डिफॉल्ट व्यवस्था होगी, इसके तहत 12 लाख तक की सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा।
- पुराने कानून की जगह इनकम टैक्स एक्ट 2025 लागू होगा, जिसमें धाराओं को 500 से घटाकर 333 कर दिया गया है।
- बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद को भी उन शहरों में जोड़ा गया है जहां 50% छूट का दावा किया जा सकता है।
- नए नियमों में संशोधित इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की समय सीमा 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई है।

कंपनियों की ओर से शेयर बायबैक से मिलने वाले पैसे पर डिविडेंड के बजाय कैपिटल गेन्स के रूप में टैक्स लगेगा।

### पैन कार्ड और लेनदेन के नियम

- बैंक या पोस्ट ऑफिस से साल भर में 10 लाख तक के नकद लेनदेन पर अब पैन अनिवार्य नहीं होगा।
- पांच लाख तक के वाहन, 20 लाख तक की संपत्ति की डील में अब पैन देना जरूरी नहीं होगा।
- एक लाख तक के बिल के लिए पैन डिटेल्स की जरूरत नहीं, पहले यह सीमा 50,000 रुपये थी।

### बचत और निवेश

- पीएफ निकासी के नियमों को सरल कर तीन श्रेणियों में सीमित किया गया है। एटीएम/यूपीआई के जरिए पीएफ निकासी की सुविधा शुरू होगी।
- ग्राहक अपने रिटायरमेंट कॉर्पस का 80% हिस्सा एकमुश्त निकाल सकेंगे, पहले यह 60% था। सिर्फ 20% का एन्युइटी लेना अनिवार्य होगा।

### अन्य बड़े बदलाव

- विदेश यात्रा पैकेज और पढ़ाई/इलाज के लिए विदेश पैसे भेजने (एलआरएस) पर टीसीएस की दरों को घटाकर 2% कर दिया गया है।
- 1.5 करोड़ तक टर्नओवर वाले खाद्य व्यापारियों के लिए अब सिर्फ रजिस्ट्रेशन काफी, 50 करोड़ से ऊपर टर्नओवर पर सेंट्रल लाइसेंस।
- फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस में ट्रेडिंग करने वालों के लिए सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स 0 .02% से बढ़ाकर 0 .05% कर दिया गया है।

### एनएचएआई का वार्षिक पास 75 रुपये महंगा

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने वार्षिक पास का शुल्क 75 रुपये बढ़ाकर 3,075 रुपये कर दिया है।

- अब देने होंगे 3,075 रुपये, एक अप्रैल से लागू होगा नया शुल्क

एनएचएआई ने रविवार को बताया कि वार्षिक पास सुविधा 15 अगस्त, 2025 को शुरू की गई थी ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले यात्रियों को आर्थिक राहत मिल सके। अब यह शुल्क वर्तमान के 3,000 रुपये से बढ़ाकर 3,075 रुपये कर दिया गया है। यह संशोधन एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा। एनएचएआई के अनुसार, यह संशोधन राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरें तय करने और संग्रह) नियम, 2008 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। एनएचएआई ने कहा कि देश में 56 लाख से अधिक वाहन मालिक फास्टैग वार्षिक पास का लाभ उठा रहे हैं और इसका उपयोग लगातार बढ़ रहा है। नया शुल्क वैध फास्टैग वाले गैर-व्यावसायिक वाहनों पर लागू होगा।

## प्रवासी भारतीयों ने डीएलएफ की 5,250 करोड़ की संपत्तियां खरीदीं

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डीएलएफ ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में प्रवासी भारतीयों को 5,250 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची हैं।

यह कंपनी की कुल बिक्री बुकिंग का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है। निवेशक प्रस्तुति के अनुसार, डीएलएफ लिमिटेड की वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों में कुल बिक्री बुकिंग 16,176 करोड़ रुपये रही। इनमें से विभिन्न परियोजनाओं के तहत प्रवासी भारतीयों को 5,247 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची गईं। इस तरह कुल बिक्री में प्रवासी भारतीयों की हिस्सेदारी बढ़कर 32.5 प्रतिशत हो गई है।

## शीर्ष 10 कंपनियों का पूंजीकरण 4,48,478 करोड़ रुपये घटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही बड़ी गिरावट से बीएसई की शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 4,48,478 करोड़ रुपये कम हो गया है।

सबसे अधिक 89,306 करोड़ रुपये का साप्ताहिक नुकसान सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक को हुआ। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के एमकैप में 61,715 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस में 59,082 करोड़ रुपये की गिरावट रही। आईटी क्षेत्र की कंपनी टीसीएस को 53,314 करोड़ रुपये और निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक को 42,205 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 38,689 करोड़ रुपये और विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का 33,290 करोड़ रुपये घट गया है।

सार्वजनिक बीमा कंपनी एलआईसी का एमकैप 31,245 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इंफोसिस का 24,230.96 करोड़ रुपये कम हुआ। एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनीलिवर के एमकैप में 15,402 करोड़ रुपये की गिरावट रही। बाजार पूंजीकरण के मामले में 18,68,293 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही। एचडीएफसी बैंक 12,57,392 करोड़ के साथ दूसरे और एयरटेल 10,28,432 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर रही।

विश्लेषकों की राय

### कच्चे तेल की कीमतों के साथ अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले का भी पड़ेगा प्रभाव

# ईरान में युद्ध के हालात से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों के मुताबिक इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले और मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार को प्रभावित करेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि यह सप्ताह घरेलू और वैश्विक स्तर पर कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों और आंकड़ों से भरा है। इसी कारण भूराजनीतिक घटनाक्रमों पर विशेष नजर रहेगी, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों पर उनका प्रभाव बाजार की समग्र दिशा को प्रभावित कर सकता है। घरेलू मोर्चे पर, बाजार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति, व्यापार संतुलन के आंकड़े और विदेशी मुद्रा भंडार जैसे प्रमुख व्यापक आर्थिक संकेतकों पर नजर रखेंगे। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने बताया कि वैश्विक जोखिम धारणा बिगड़ने, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली के कारण भारतीय बाजार पिछले सप्ताह भारी दबाव में रहे। एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा है कि इस संघर्ष के कारण पोत परिवहन में होने वाली किसी भी देरी से भारत जैसे उभरते बाजारों में वैश्विक पूंजी आवंटन पर असर पड़ सकता है।



### उथल-पुथल से भरा रहा पिछला सप्ताह

- पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 4,354 .98 अंक या 5 .51 प्रतिशत टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 1,299 .35 अंक या 5 .31 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पिछले महीने 27 फरवरी से अब तक सेंसेक्स 6,723 .27 अंक या 8 .27 प्रतिशत नीचे आ चुका है।
- पश्चिम एशिया में तनाव, रुपये की कमजोरी और भारतीय वृद्धि दर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के प्रभाव को देखते हुए विदेशी निवेशकों ने मार्च के पहले पखवाड़े में घरेलू शेयरों से 52,704 करोड़ रुपये निकाले हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### वियतनाम में नेशनल एसेंबली को मतदान

**हनोई।** वियतनाम में मतदाताओं ने रविवार को नई नेशनल एसेंबली के चुनाव के लिए मतदान किया। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा नेता तो लाम को देश के सर्वोच्च राजनीतिक पद पर पुन: निर्वाचित किए जाने के दो महीने बाद यह मतदान हुआ। देश भर में लगभग 7 .90 करोड़ मतदाता नेशनल एसेंबली के लिए 864 उम्मीदवारों में से 500 प्रतिनिधियों को चुनने के पात्र हैं। सभी उम्मीदवारों को कम्युनिस्ट पार्टी ने पहले ही मंजूरी दे दी है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि एसेंबली पार्टी की राजनीतिक दिशा के अनुरूप बनी रहे। कम्युनिस्ट पार्टी राजनीतिक गतिविधियों को यह दलील देते हुए सख्ती से नियंत्रित करती है कि केंद्रीकृत नेतृत्व देश को बिना किसी बाधा के दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

### इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में चार मरे

**रामल्ला।** बेस्ट बैंक के उत्तरी पश्चिमी तट में इजराइली सैनिकों ने एक कार पर गोलीबारी की, जिससे उसमें सवार दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। फलस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी ने बताया कि ईद के लिए नए कपड़े खरीदने निकले परिवार पर शनिवार देर रात गोली चलाई गई। इजराइल ने कहा कि वह गोलीबारी की जांच कर रहा है। फलस्तीनी रेड क्रिसेंट राहत सेवा ने कहा कि अली और वाएद ओदेह और उनके चार बच्चों में से दो को सिर में गोली लगी थी। समूह ने कहा कि ओदेह परिवार के दो जीवित बच्चों को छर्रे के घाव लगे थे, जिनका उपचार बचाव दल ने घटनास्थल तक पहुंचने की अनुमति मिलने के बाद की। समूह ने आरोप लगाया कि इजराइल ने घटनास्थल पर एम्बुलेंस देरी से भेजी।

### किम ने देखा रॉकेट प्रणालियों का परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ बहु रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियों के परीक्षण का निरीक्षण किया। इसे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के जारी सैन्य प्रशिक्षण के संभावित जवाब के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 'फ्रीडम शील्ड' सैन्य अभ्यास जारी है। दोनों देश के संयुक्त सैन्य अभ्यासों को उत्तर कोरिया अपने ऊपर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है। सरकारी न्यूज एजेंसी ने बताया कि किम ने शनिवार को पूर्वी तट के पास 12 अति-सटीक 600 मिमी कैलिबर के रॉकेट प्रक्षेपकों के परीक्षण को देखा।

## यूएई के तीन शहरों के लिए एयर इंडिया ने रद्द कीं उड़ानें

नई दिल्ली, एजेंसी

- अबु धाबी, रस अल खैमा और शारजाह के लिए संचालित की जा रही थीं विशेष उड़ानें

एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की रविवार 15 मार्च की अपनी कई विशेष उड़ानें रद्द कर दी हैं। टाटा समूह की कंपनियों ने रविवार को बताया कि यूएई हवाई अड्डा प्राधिकरण के निर्देश पर ये उड़ानें रद्द की गई हैं।

अबु धाबी, रस अल खैमा और शारजाह को जाने वाली विशेष उड़ानों को रद्द किया गया है। सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में खेद व्यक्त करते हुए बताया गया है कि प्रभावित यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के आगे की तारीखों के लिए टिकट बुक करा सकते हैं या पूरा रिफंड पा सकते हैं। इनके अलावा, दिल्ली से दुबई की एयर इंडिया की पांच में से चार और एयर इंडिया एक्सप्रेस की छह में से पांच उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इससे पहले एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने आज नियमित और विशेष के रूप से कुल 72 उड़ानों के परिचालन की सूचना दी थी। नियमित उड़ानें सऊदी अरब के जेद्दा और ओमान की राजधानी मस्कट के लिए उपलब्ध हैं। प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने भी दुबई से परिचालन पर प्रतिबंध बढ़ाये जाने की सूचना दी है।

## ताइवान द्वीप के करीब चीनी सैन्य विमानों से हड़कंप

**हांगकांग।** ताइवान ने द्वीप के निकट बड़े पैमाने पर चीनी सैन्य विमानों की मौजूदगी देखी है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। ताइवान के मुताबिक पिछले दो हफ्तों में क्षेत्र में चीनी सैन्य विमानों की गतिविधि में आई भारी गिरावट के बाद यह वृद्धि देखी गई है।

इसने कहा कि शनिवार को मंत्रालय ने द्वीप के आसपास 26 चीनी सैन्य विमानों का पता लगाया, जिनमें से 16 विमान उसके मध्य और दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश कर गए। विमानों की संख्या में यह वृद्धि से विश्लेषक यह समझने में असमंजस में पड़ गए कि चीन की सेना आखिर क्या कर रही है।

## वीटो के चलते सुरक्षा परिषद संघर्ष रोकने में असमर्थ

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- संरा प्रमुख गुतारेस बोले-सुरक्षा परिषद की व्यस्था में समस्या



संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि यह स्वीकार करना आवश्यक है कि सुरक्षा परिषद की व्यवस्था में समस्या है और यह वर्तमान दुनिया का प्रतिनिधित्व नहीं करती तथा स्थायी सदस्यों द्वारा वीटो का इस्तेमाल किए जाने के कारण संघर्षों को रोकने में असमर्थ है।

गुतारेस ने शनिवार को बेरूत में संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि मुझे लगता है कि हमें यह स्वीकार करना होगा कि सुरक्षा परिषद के साथ एक समस्या है।

आज सुरक्षा परिषद मौजूदा विश्व का प्रतिनिधित्व नहीं करती। यह दरअसल 1945 के बाद के विश्व का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा कि 15 देशों की परिषद में तीन स्थायी सदस्य यूरोप से, एक एशिया से और एक अमेरिका से हैं, जबकि अफ्रीका या लैटिन अमेरिका से कोई स्थायी सदस्य नहीं है। उन्होंने कहा कि इसलिए, वीटो के कारण परिषद को वैधता और दक्षता दोनों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हमने बार-बार देखा है कि जब भी संघर्ष की स्थिति उत्पन्न होती है और उसे रोकना आवश्यक होता है, तो कोई देश वीटो का इस्तेमाल कर लेता है और सुरक्षा परिषद कार्रवाई नहीं कर पाती। गुतारेस ने कहा कि दुर्भाग्य से, यह एक ऐसी चीज है जिसे हम बार-बार देख रहे हैं और मुझे उम्मीद नहीं है कि निकट भविष्य में स्थिति में कोई बदलाव आएगा।

बता दें कि पिछले दिनों से सुरक्षा परिषद की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। भारत-पाकिस्तान और यूक्रेन-रूस संघर्ष से लेकर पिछले कई संघर्षों में उसकी भूमिका लगभग निष्प्रभावी रही है। ऐसे में कई देशों ने संयुक्त राष्ट्र सहित सुरक्ष परिषद के क्रियाकलाप पर सवाल उठाए हैं। अमेरिका सहित कई देशों ने तो संयुक्त राष्ट के होने को लेकर सवाल उठाए हैं कि संयुक्त राष्ट्र की जरूरत ही क्या है। भारत सहित कई देशों ने सुरक्षा परिषद में स्थायी देशों की संख्या बढ़ाने की मांग की है।

### पांच स्थायी सदस्य

सुरक्षा परिषद में चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका वीटो शक्ति वाले पांच स्थायी सदस्य हैं, जबकि 10 अस्थायी सदस्य दो साल के कार्यकाल के लिए निर्वाचित होते हैं और उनके पास वीटो शक्ति नहीं होती। भारत सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग करने के प्रयासों में दशकों से अग्रणी रहा है जिसमें इसकी स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार की मांग शामिल है।

## कांग्रेस ने असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ रुपये हड़पे

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा-कांग्रेस के शासनकाल में राज्य में व्याप्त था भ्रष्टाचार

- कहा-भाजपा ने अपने 10 साल के शासन में व्यवस्था को बदल दिया

गुवाहाटी, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम में 15 वर्ष के अपने शासनकाल के दौरान राज्य के स्वास्थ्य सेवा बजट से प्रति वर्ष 150 करोड़ रुपये अपनी जेब में डाल लिए। शाह ने कहा कि दूसरी ओर, भाजपा ने राज्य में अपने 10 साल के शासनकाल में इस क्षेत्र को पूरी तरह से बदल दिया है।

शाह ने 2,092 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखते हुए कहा कि 10 साल पहले असम की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था बदहाल थी क्योंकि कांग्रेस केवल अपने नेताओं के परिवारों की आर्थिक स्थिति के लिए काम कर रही थी।

केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि 2016 तक कांग्रेस के शासनकाल के दौरान इस क्षेत्र में भ्रष्टाचार हुआ था और कहा कि 15 वर्षों तक, हर साल, राज्य के स्वास्थ्य बजट से 150 करोड़ रुपये उन्होंने अपनी जेब में डाल लिए।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुवाहाटी में प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन किया। असम के सीएम हेमंत बिश्वा शर्मा भी मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि इन रुपयों को नौ लाख ऐसे बच्चों के इलाज पर खर्च दिखाया गया जो कभी पैदा ही नहीं हुए और 390 आंगनवाड़ी केंद्रों पर खर्च दिखाया गया जिनका निर्माण कभी हुआ ही नहीं। शाह ने कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए काम करती है और उन्होंने राज्य की चिकित्सा सुविधाओं को गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों के बराबर लाने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दस वर्षों में असम चिकित्सा देखभाल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो गया है। इससे पहले शाह ने यहां 675 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का उद्घाटन किया। गोलाघाट और तिनसुकिया में निर्मित कैंसर केंद्रों का भी ऑनलाइन उद्घाटन किया। इनमें से प्रत्येक केंद्र का निर्माण 135 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। उन्होंने दीफू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (220 करोड़ रुपये), जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (310 करोड़) और बारपेटा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (284 करोड़) में सुपर-स्पेशियलिटी अस्पतालों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखी। शाह ने गुवाहाटी में 218 करोड़ रुपये से बनने वाले स्वास्थ्य भवन और 115 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अभयपुरी जिला अस्पताल की भी आधारशिला रखी।

### गृहमंत्री ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करने के उनके प्रयास में देश को बदनाम करने के उनके कृत्यों का कोई भी भारतीय समर्थन नहीं करता। उन्होंने नयी दिल्ली में हाल में हुए एआई शिखर सम्मेलन में कांग्रेस के शर्ट उताकर विरोध प्रदर्शन करने और संसद भवन की सीढ़ियों पर चाय-पकौड़ा खाने के लिए गांधी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि हम भी विपक्ष में थे और हमने भी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए थे।

## श्रीलंका में क्यूआर कोड से वाहनों को अब मिलेगा ईंधन

**कोलंबो।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के कारण तेल आपूर्ति मार्गों में आए व्यवधानों को देखते हुए श्रीलंका सरकार ने रविवार से देश भर में वाहनों के लिए अनिवार्य क्यूआर कोड प्रणाली के माध्यम से ईंधन वितरण शुरू कर दिया है। ऊर्जा मंत्रालय की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह कदम देश के ईंधन भंडार का कुशल प्रबंधन करने और आर्थिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए उठाया गया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था आज सुबह से प्रभावी हो गई है। अब किसी भी पेट्रोल पंप पर बिना पंजीकृत क्यूआर कोड के वाहनों को ईंधन जारी नहीं किया जाएगा। सरकार ने इस प्रणाली के साथ-साथ वाहनों के लिए साप्ताहिक ईंधन कोटा भी निर्धारित किया है। इसके तहत बसों को 60 लीटर, कारों को 15 लीटर, मोटरसाइकिल को 5 लीटर, वैन को 40 लीटर और भारी वाहनों (लॉरी) को 200 लीटर ईंधन आवंटित किया गया है। इसके अलावा थ्री-व्हीलर्स के लिए 15 लीटर और विशेष प्रयोजन वाहनों के लिए 40 लीटर की सीमा तय की गई है। ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति में बाधा और घरेलू मांग में अचानक आई तेजी के कारण मौजूदा स्टॉक का सावधानीपूर्वक प्रबंधन करना जरूरी हो गया था।

## पश्चिम बंगाल में पुजारियों और मुअज्जिनों का मानदेय बढ़ाया

कोलकाता, एजेंसी

- विधानसभा चुनाव के एलान के पूर्व ममता बनर्जी ने की घोषणा



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को राज्य में हिंदू पुजारियों और मुस्लिम मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में वृद्धि की घोषणा की और कहा कि यह कदम राज्य की आध्यात्मिक एवं सामाजिक परंपराओं को बनाए रखने में उनकी भूमिका को मान्यता देने के उद्देश्य से उठाया गया है।

बनर्जी ने अपने आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल पर एक संदेश में कहा कि पुजारियों और मुअज्जिनों को दिए जाने वाले मासिक मानदेय में 500 रुपये की वृद्धि की जाएगी, जिससे कुल मानदेय 2,000 रुपये प्रति माह हो जाएगा। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब राज्य सरकार विभिन्न सामुदायिक समूहों को लक्षित कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार कर रही है।

राज्य की व्यापक कल्याणकारी पहलों के अंतर्गत बनर्जी के कार्यकाल में धार्मिक पदाधिकारियों के लिए मानदेय योजना शुरू की गई थी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, पंजीकृत हिंदू पुजारियों और मुस्लिम मुअज्जिनों को सरकार से मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसका उद्देश्य उन व्यक्तियों की सहायता करना है जो अक्सर अपनी आजीविका के लिए समुदाय के मामूली योगदान पर निर्भर रहते हैं। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की नेता बनर्जी ने कहा कि यह निर्णय सांस्कृतिक रूप से विविध राज्य में सामाजिक सद्भाव एवं समावेशिता के प्रति उनकी सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब आगामी विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल का राजनीतिक माहौल गरमा रहा है और पार्टियां विभिन्न सामाजिक समूहों तक अपनी पहुंच बढ़ाने की हर संभव प्रयास कर रही हैं। राज्य सरकार का कहना है कि यह योजना धार्मिक सेवा प्रदाताओं के लिए कल्याणकारी सहायता के रूप में बनाई गई है जबकि विपक्ष ने अतीत में इस नीति पर सवाल उठाते हुए तर्क दिया है कि राज्य के धन का उपयोग धार्मिक उद्देश्यों के लिए नहीं होना चाहिए। हालांकि, इस योजना के समर्थकों का कहना है कि मानदेय एक छोटा लेकिन सार्थक उपाय है।

## उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, आतंकी हुआ ढेर

श्रीनगर, एजेंसी



- सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से बरामद किया एके राइफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद

जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए रात भर चले अभियान के दौरान एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। कश्मीर पुलिस (जेकेपी) की विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने केन्द्र शासित प्रदेश में इस वर्ष नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की पहली कोशिश शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि को उरी सेक्टर के बुच्छर इलाके में विफल करने में सफलता हासिल की है।

सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि डिग्गी 2 उरी नामक ऑपरेशन अभी भी जारी है। सेना ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा घुसपैठ की कोशिश की विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, 14-15 मार्च की मध्य रात्रि को उरी सेक्टर के बुच्छर क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। सतर्क सैनिकों ने झाड़ियों में एक आतंकवादी की संदिग्ध गतिविधि देखी। घात लगाकर किए गए हमले की रणनीति में बदलाव किया गया और आतंकवादी को चुनौती दी गई, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। सेना ने एके राइफल, पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद तथा अन्य सामग्री बरामद किया है।

## राष्ट्र के सर्वोच्च हित में कार्य कर रही है केंद्र की सरकार

**समालखा (हरियाणा)।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने रविवार को विश्व में शांति की अपील की और इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार राष्ट्र के सर्वोच्च हित में सभी कदम उठा रही है। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले संघ की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) की तीन दिवसीय बैठक पर प्रेसवार्ता के दौरान सवालों के जवाब दे रहे थे। अमेरिका-इजराइल और ईरान संघर्ष के बारे में पूछे जाने पर आरएसएस पदाधिकारी ने कहा कि हम दुनिया में शांति चाहते हैं। आम लोगों का जीवन शांतिपूर्ण और सुखमय होना चाहिए, और हम भी यही चाहते हैं।

आरएसएस के शीर्ष नेता ने कहा कि वे युद्ध के कारणों का विश्लेषण नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार देश की जनता के हित में हरसंभव प्रयास कर रही है। होसबाले ने यहां पत्रकारों से कहा कि देश के सर्वोच्च हित में जो उचित है, वही वे (भारतीय सरकार) कर रहे हैं तथा उनका कदम सही है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद भारत के कुछ हिस्सों में भड़के विरोध प्रदर्शनों के बारे में पूछे जाने पर होसबाले ने कहा कि लोग किसी व्यक्ति की मृत्यु पर अपनी भावनाएं व्यक्त कर सकते हैं, लेकिन यह शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए।

## यूरोपीय यूनियन से अपने द्विपक्षीय संबंध को और मजबूत करेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

- दो दिवसीय यात्रा पर ब्रसेल्स के लिए रवाना हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यूरोपीय यूनियन (ईयू) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ वार्ता के लिए रविवार को ब्रसेल्स का दो दिवसीय दौरा शुरू किया। जनवरी में दोनों पक्षों के बीच एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर मुहर लगने के बाद भारत की ओर से ब्रसेल्स का यह पहला उच्चस्तरीय दौरा है। ब्रसेल्स में ईयू का मुख्यालय है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर यूरोपीय आयोग की उपाध्यक्ष काजा कैलास के निमंत्रण पर बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स जा रहे हैं, जहां वह 27 देशों वाले ईयू के विदेश मंत्रियों से एक बैठक के दौरान बातचीत करेंगे। मंत्रालय ने कहा, यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री यूरोपीय यूनियन के नेताओं और बेल्जियम तथा अन्य ईयू सदस्य देशों के अपने समकक्षों के साथ बैठकें भी करेंगे। मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि ऐतिहासिक 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के ठीक बाद हो रही विदेश मंत्री की इस यात्रा से भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत होने की उम्मीद है।

### जर्मनी के प्रसिद्ध दार्शनिक युर्गेन हाबरमास का निधन

**बर्लिन।** जर्मनी के प्रसिद्ध दार्शनिक और सामाजिक विचारक युर्गेन हाबरमास का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनके निधन की जानकारी शनिवार को उनके प्रकाशक सुह्रकैंप वर्लाग ने दी। जर्मनी के डसेलडोर्फ में 1929 में जन्मे हाबरमास द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के दौर में जर्मनी के सबसे प्रभावशाली दार्शनिकों और सार्वजनिक बुद्धिजीवियों में गिने जाते थे। उन्होंने 1960 के दशक में फ्रैंकफर्ट विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र और समाजशास्त्र का अध्यापन शुरू किया और उस समय पश्चिम जर्मनी के विश्वविद्यालयों में हुए छात्र आंदोलनों का समर्थन किया। हाबरमास को फ्रैंकफर्ट स्कूल का प्रमुख विचारक माना जाता है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आय के नए स्रोत बन सकते हैं। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में सुधार आएगा।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। अपने काम में लगातार सुधार करते रहें। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

**मिथुन** – आज अपनी कमियों में सुधार लाने का प्रयास करें। बनते कार्यों में विघ्न आने की संभावना है। अनावश्यक यात्रा करने से बचें।

**कर्क** – आज मन में संदेह की भावना न आने दें। परिजनों की चिंता हो सकती है। खर्चों को लेकर अत्यंत चिंतित रहेंगे।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। धन के लेन-देन वाले कार्य कर सकते हैं। भविष्य को लेकर आप योजना बनाएंगे।

**कन्या** – आज गृह कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शांतिपूर्ण तरीके से आपके काम होंगे।

**तुला** – आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। छात्रों को शिक्षा में मनोनुकूल परिणाम मिलेगा। करियर में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** – आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अपनी उन्नति से उल्लासित रहेंगे। प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी।

**धनु** – आज संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। भविष्य के विषय में आपको थोड़ा सोच-विचार करना पड़ेगा। परिजनों के व्यवहार से क्षुब्ध रहेंगे।

**मकर** – आज अपना व्यवहार संयमित रखें। अधिकारी वर्ग आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेगा। किसी मित्र की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है।

**कुंभ** – आज दिनचर्या अनुशासित रखने का प्रयास करें। संतान के विवाह की चिंता दूर होगी। मित्रों के साथ हंसी-मजाक में समय बिताएंगे।

**मीन** – आज कार्यक्षमता में कमी महसूस होगी। अपनी कमियों में सुधार लाने का प्रयास करें। कारोबार में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 16 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 09 .40 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।

**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**- धनिष्ठा पूर्ण रात्रि।

### सुडोकू - 89 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 |
| 8 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 4 |

### सुडोकू -90

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | 2 | | | | | 5 |
| 3 | | | | | 6 | | 2 | |
| | | 2 | 4 | | 1 | | | |
| | 7 | | | 6 | | | | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | | | | 2 | | 8 | 9 | |
| 2 | | | 5 | | 9 | | | |
| | 8 | | 6 | | | | | 3 |
| | | | | | 7 | 2 | | 1 |

## साक्षरता शिविर

### न्यायमूर्ति सूर्यकांत बोले-लोग राहत और न्याय पाने की उम्मीद में आते हैं अदालत

## सेवाभाव से काम करें न्यायिक प्रणालियां : सीजेआई

मंडी (हिमाचल प्रदेश), एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि न्यायिक परिसरों को अस्पतालों की तरह ही सेवाभाव की भावना से काम करना चाहिए, क्योंकि लोग न्याय और राहत की उम्मीद लेकर अदालतों में आते हैं।

मंडी के न्यायिक अदालत परिसर की आधारशिला रखने के बाद एक विधि साक्षरता शिविर को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सुविधाओं में वृद्धि के साथ न्यायिक प्रणाली की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि चर्चा अक्सर मौलिक अधिकारों पर केंद्रित रहती है, लेकिन मौलिक कर्तव्य भी संविधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनका पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया। बताया कि प्रस्तावित मंडी न्यायिक अदालत परिसर का निर्माण 9.6 हेक्टेयर क्षेत्र में 152 करोड़ से किया जाएगा। परिसर में चार ब्लॉक होंगे, जो न्यायाधीशों, वकीलों और आम लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को न्याय और अधिकार उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है। कहा कि सरकार संविधान की भावना के अनुरूप समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में काम कर रही है।

### लोक अदालतों में 5.5 लाख लंबित वाद निपटे

उन्होंने बताया कि सरकार ने लोक अदालतों के माध्यम से लगभग 5.5 लाख लंबित मामलों का निपटारा किया है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने कहा कि आज की चर्चा न्याय की पहुंच हर व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं।

## अरावली पहाड़ियों के लिए बनाई गई समिति के नामों को केंद्र ने दी मंजूरी

- परिभाषा तय करने के लिए गठित की गई है उच्चाधिकार समिति

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि उसे केंद्रीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा प्रस्तावित 10 सदस्यीय उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति पर कोई आपत्ति नहीं है, जिसे अरावली की पहाड़ियों और पर्वतमाला की एक समान परिभाषा तय करने का कार्य सौंपा गया है। शीर्ष अदालत में दाखिल एक हलफनामे में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति के लिए सुझाए गए नामों का समर्थन किया है। इस समिति में भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई), भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और भारतीय सर्वेक्षण विभाग से जुड़े वर्तमान तथा सेवानिवृत्त नौकरशाहों के साथ-साथ शिक्षाविद भी शामिल हैं। हलफनामे में कहा गया है, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निवेदन करता है कि उच्च-स्तरीय समिति के गठन के लिए सुझाए गए उपरोक्त नामों पर यदि यह न्यायालय विचार करता है, तो उसे कोई आपत्ति नहीं है।



सफलता का कोई सीक्रेट नहीं होता, सबकुछ कड़ी मेहनत से होता है। पुरुष और महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर्स ने जो सफलता हासिल की है उसके लिए वे बेहद कड़ी मेहनत करते हैं। जाहिर तौर पर केवल मैदान पर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी ही नहीं बल्कि पर्दे के पीछे काम करने वालों की कड़ी मेहनत शामिल है।
–रोहित शर्मा


# स्टेडियम

लखनऊ, सोमवार, 16 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


# संजू लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही जिता सकता है मैच : गंभीर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं।आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की। अभिषेक शर्मा औरर सैमसन ने फाइनल में मिलकर पावरप्ले में 92 रन बनाए और इस तरह से न्यूजीलैंड से मैच छीन लिया।

गंभीर ने कहा हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर वह लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है। सैमसन का विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और इसलिए उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी। लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ करो या मरो के मैच में मौका मिलने पर सैमसन ने 15 गेंदों में 24 रन बनाकर लय हासिल की और इसके बाद अगले तीन मैच में नाबाद 97, 89 रन और



89 रन बनाए। गंभीर ने कहा मैंने उसे जिम में यह बात बताई। दरअसल हम दोनों साथ में ट्रेनिंग कर रहे थे और मैंने उसे बस इतना बताया कि तुम जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलोगे और उसने कहा, ठीक है। हमारी बातचीत कुछ इसी तरह से अनौपचारिक होती है। यह किसी मुख्य कोच और खिलाड़ी के रिश्ते जैसा नहीं है। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसमें हमारी आमने-सामने की अधिकतर बातचीत अभ्यास सत्रों के दौरान होती है। टीम में सैमसन की अनुपस्थिति में भारत के शीर्ष क्रम में ईशान किशन, अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा के रूप में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाज शामिल थे। लेकिन गंभीर ने जोर देकर कहा कि सैमसन को अंतिम एकादश में शामिल करने का फैसला बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन को तोड़ने के उद्देश्य से नहीं बल्कि टीम को अधिक आक्रामक ताकत देने के लिए लिया गया था।

उन्होंने कहा मुझे पता है कि बहुत से लोग इस बारे में बात करेंगे कि हम शीर्ष क्रम पर मौजूद तीनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोंजन को तोड़ना चाहते थे, ऐसा बिल्कुल नहीं है। हम बस और अधिक आक्रामक होना चाहते थे। पिछले डेढ़ साल से हमारी मानसिकता यही रही है कि मैदान पर उतरकर हम जितना हो सके उतना आक्रामक प्रदर्शन करें।

संजू को टीम में लाने का कारण दूसरे छोर से ऑफ-स्पिनर को नियंत्रित करना नहीं बल्कि इस बात पर आधारित था कि क्या हम पहले छह ओवरों में और अधिक आक्रामक हो सकते हैं। अभिषेक टूर्नामेंट के पहले तीन मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे लेकिन उन्होंने इसके बाद दो अर्धशतक लगाए जिनमें फाइनल में लगाया गया अर्धशतक भी शामिल है। आईपीएल 2014 में मेरा अनुभव उससे भी बदतर रहा था जब मैं लगातार चार मैचों में शून्य पर आउट हुआ। मैंने उससे बस इतना कहा था कि लोग आपके स्कोर देखेंगे और आपकी फॉर्म के बारे में बात करेंगे, लेकिन असल में आप खराब फॉर्म नहीं हो, बस रन नहीं बना पा रहे हैं।



## हाईलाइट

### मर्सीडीज के किमी एंटोनेली ने चीन ग्रां प्री में दर्ज की पहली जीत



**शंघाई।** किमी एंटोनेली ने रविवार को हुई चीन ग्रां प्री में मर्सीडीज के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की जिससे वह फॉर्मूला वन के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए। इटली के 19 वर्षीय एंटोनेली पोल पोजिशन से शुरुआत करने वाले सबसे कम उम्र के ड्राइवर थे। रेस की शुरुआत में कुछ समय के लिए फेरारी के लुईस हैमिल्टन ने बढ़त बनाई लेकिन जल्द ही एंटोनेली ने फिर से बढ़त बना ली। इसके बाद पूरी रेस पर उनका ही नियंत्रण रहा। सत्र की शुरुआत में मर्सीडीज के लिए यह एक और पहले-दूसरे स्थान वाला प्रदर्शन रहा। एंटोनेली के साथी जॉर्ज रसेल ने फेरारी ड्राइवरों के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। लुईस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे। फेरारी के लिए यह लंबे समय में पहला ग्रां प्री पोडियम स्थान रहा।

### सेल्वा प्रभु ने एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारत के सेल्वा प्रभु ने अमेरिका के फेयेटविले में चल रही एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद (ट्रिपल जंप) में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रभु ने शनिवार को 17.05 मीटर की छलांग लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी करियर में पहली बार 17 मीटर की बाधा को पार किया।

### भारत और हांगकांग के बीच क्वालीफाइंग मैच 31 मार्च को

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के क्वालीफायर का अपना अंतिम मैच हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में खेलेगी। भारत पहले ही एएफसी एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। अब उसका लक्ष्य अपने क्वालीफाइंग अभियान का अंत जीत के साथ करना होगा। हांगकांग की टीम भी क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

### पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज ने लिया संन्यास

**कराची।** भारत के खिलाफ आईसीसी के दो प्रमुख टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल करने वाले एकमात्र पाकिस्तानी कप्तान विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। उन्होंने अपना अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच दिसंबर 2023 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के रूप में खेला था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बयान में संन्यास लेने की घोषणा की। पीसीबी उन्हें लंबी अवधि के लिए राष्ट्रीय टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर सकता है।

# गिल और मंधाना को बीसीसीआई के शीर्ष पुरस्कार से नवाजा गया

## रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को 2024-2025 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रविवार को यहां आयोजित बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 समारोह में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग) चुना गया।

गिल ने प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर पुरस्कार' जीता जबकि मंधाना को यह पुरस्कार पांचवीं बार मिला। गिल का यह दूसरा 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार है, इससे पहले उन्होंने 2023 में यह पुरस्कार जीता था। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सर्वोच्च सम्मान 'कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान भारतीय क्रिकेट में उनके बेहतरीन योगदान को देखते हुए दिया गया। गिल के लिए 2025 का साल बेहद शानदार रहा और उन्होंने क्रिकेट के लंबे प्रारूपों में खुद को टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज में से एक के तौर पर स्थापित किया। गिल ने कहा, मैं सबसे पहले यह पुरस्कार देने के लिए बीसीसीआई का धन्यवाद करना चाहता हूं। भारतीय क्रिकेट के कई महान और दिग्गज खिलाड़ी पहले यह सम्मान प्राप्त कर चुके हैं इसलिए यहां होना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। पिछले साल हमने भारतीय क्रिकेट टीम के रूप में जो हासिल किया, पांच आईसीसी ट्रॉफियां जीतना, वह वास्तव में शानदार था। मुझे नहीं लगता कि पहले ऐसा कभी हुआ होगा। इंग्लैंड दौरे पर कप्तान गिल ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में टीम की अगुवाई करते हुए 10 पारियों में 75.40 के औसत से कुल 754 रन बनाए जिससे वह सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। पिछले साल भारत की 'चैंपियंस ट्रॉफी' जीत में भी गिल ने अहम भूमिका निभाई थी। मंधाना ने 2025 का समापन कुल 1,703 अंतरराष्ट्रीय रनों के साथ किया। इसमें वनडे में 1,362 रन शामिल हैं जो किसी भी महिला क्रिकेटर द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। ऐसा करके मंधाना महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में एक ही कैलेंडर वर्ष में 1,000 रन बनाने वाली पहली बल्लेबाज बन गईं। मंधाना ने कहा मैं इस पुरस्कार के बारे में बात कर सकती हूं, लेकिन टीम का जिक्र किए बिना व्यक्तिगत उपलब्धियों के बारे में बात करना संभव नहीं है। भारत को अपना पहला महिला विश्व कप खिताब दिलाने में भी मंधाना ने अहम योगदान दिया। उन्होंने नौ मैचों में कुल 434 रन बनाए और टूर्नामेंट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में वह दूसरे स्थान पर रहीं।





नमन अवार्ड्स के दौरान टी-20 विश्व कप विजेता टीम के साथ कप्तान सूर्यकुमार यादव। महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी स्नेह राणा, रेणुका सिंह, शेफाली वर्मा और क्रांति गौड़।

### मैदान पर अब दिख रही है भारतीय क्रिकेट की असली क्षमता : राहुल द्रविड़

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने रविवार को कहा कि देश की समृद्ध क्रिकेट प्रतिभा अब मैदान पर असली सफलता में बदल रही है और वैश्विक टूर्नामेंटों में लगातार मिल रही जीत भारतीय क्रिकेट में लंबे समय से मौजूद प्रतिभा को दर्शाती है। पिछले दो वर्षों में भारत ने आईसीसी टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने पुरुषों के पिछले दो टी20 विश्व कप, महिला वनडे विश्व कप, पुरुष अंडर-19 विश्व कप और महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप जीते हैं। बीसीसीआई के वार्षिक पुरस्कार समारोह में 'कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद द्रविड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा यह सब कुछ सही लग रहा है, है ना? उन्होंने कहा भारतीय क्रिकेट में हमेशा से अपार क्षमता रही है और अब वह मैदान पर भी दिखाई दे रही है। मैदान के बाहर हमारे पास वह सबकुछ था जिसकी हमें जरूरत थी और अब मैदान पर भी उस क्षमता का साकार होते देखना बहुत अच्छा लग रहा है। द्रविड़ ने कहा कि यह सफलता कई कारकों के एक साथ आने का परिणाम है, खिलाड़ियों से लेकर प्रशासकों और प्रशंसकों तक, सभी ने इसमें योगदान दिया है। उन्होंने 1996 में अपने पदार्पण के समय को याद करते हुए कहा यह अभूतपूर्व रहा है। पिछले तीन दशकों में भारतीय क्रिकेट जिस तरह से आगे बढ़ा है, उसे देखना वाकई कमाल का रहा है। द्रविड़ ने कहा भारतीय क्रिकेट में हमेशा से अद्भुत प्रतिभा रही है।

### भारत अब ऐसा बार-बार करेगा : संजू सैमसन

**नई दिल्ली।** भारत की टी20 विश्व कप खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन ने रविवार को कहा कि देश आने वाले कई वर्षों तक वैश्विक क्रिकेट पर राज करने के लिए तैयार है। यहां बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 के मौके पर सैमसन ने भारत की जीत के सफर के दौरान अपने प्रदर्शन की तुलना एक फिल्म से की और कहा कि उन्हें अब भी इस पर यकीन नहीं हो रहा है। पिछले रविवार की जीत के बारे में पूछे जाने पर सैमसन ने कहा अब भी जब मैं सुबह उठता हूं तो सोचता हूं कि क्या सच में ऐसा हुआ है? ईमानदारी से कहूं तो यही अहसास है। उन्होंने कहा लेकिन मुझे लगता है कि हमारे देश में जिस तरह के बेहतरीन खिलाड़ी हैं उसे देखते हुए आने वाले वर्षों में यह जीत बार-बार दोहराई जाएगी। जिस बड़ी संख्या में नए खिलाड़ी सामने आ रहे हैं उसे देखते हुए भारत निश्चित रूप से अब ऐसा बार-बार करेगा। टी20 विश्व कप 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद सैमसन को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने सिर्फ पांच पारियों में लगभग 200 के स्ट्राइक रेट से 321 रन बनाकर भारत को खिताब दिलाया।

# वेस्टइंडीज के खिलाड़ी स्वदेश पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी

- पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण यात्रा में हुआ विलंब

क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने बताया कि आईसीसी टी-20 विश्व कप के बाद भारत में फंसे वेस्टइंडीज के खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य अब सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं। उन्हें पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण यात्रा में आई रुकावटों की वजह से भारत में रुकना पड़ा था। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध ने यात्रा की योजनाओं को पूरी तरह से बिगाड़ दिया था जिसके चलते वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की टीमें कोलकाता में फंस गई थीं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि दुबई में हवाई क्षेत्र और हवाई अड्डे बंद कर दिए गए थे। वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप में अपना आखिरी मैच एक मार्च को कोलकाता में खेला था। आईसीसी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की थी कि खिलाड़ियों का आखिरी समूह भी रवाना हो गया है। शनिवार को जारी एक बयान में सीडब्ल्यूआई ने पुष्टि की कि टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज टीम का हिस्सा रहे सभी खिलाड़ी और टीम प्रबंधन के सदस्य अपनी यात्रा पूरी करके अपने-अपने गंतव्य तक पहुंच गए हैं। सीडब्ल्यूआई ने कहा, ''''खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ का आखिरी समूह पिछले कुछ दिनों में अपनी यात्रा पूरी करके अब सुरक्षित रूप से अपने-अपने गंतव्य तक पहुंच गया है।'''' वेस्टइंडीज के नौ खिलाड़ी इस हफ्ते की शुरुआत में ही रवाना हो गए थे जबकि बाकी 16 खिलाड़ियों के लिए व्यावसायिक उड़ाने बुक की गई थीं। सीडब्ल्यूआई ने खिलाड़ियों और स्टाफ की वापसी में मदद करने और तालमेल बैठाने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट बोर्ड, क्षेत्रीय क्रिकेट बोर्ड और अन्य संबंधित पक्षों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा हम वेस्टइंडीज के प्रशंसकों और पूरे क्रिकेट जगत का भी उनकी चिंता और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद करते हैं।



घर पहुंचने की खुशी।

### गुलवीर ने न्यूयॉर्क में राष्ट्रीय हॉफ मैराथन रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली।** भारत के लंबी दूरी के स्टार धावक गुलवीर सिंह ने अपने करियर में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए रविवार को प्रतिष्ठित न्यूयॉर्क सिटी हाफ मैराथन में तीसरा स्थान हासिल किया और साथ ही 21.1 किमी की दूरी का पुरुषों का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

सेना के इस 27 वर्षीय धावक ने 59 मिनट 42 सेकेंड का समय लेकर दौड़ पूरी की। वह दक्षिण अफ्रीका के एड्रियन वाइल्डशट से पीछे रहे जिन्होंने 59 मिनट 30 सेकेंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। मोरक्को में जन्मे अमेरिका के लंबी दूरी के धावक जुहैर तालबी 59 मिनट 41 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

# मेदवेदेव ने अल्काराज को साल की पहली हार का स्वाद चखाया

इंडियन वेल्स (अमेरिका)

दानिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्काराज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया। फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्काराज़ ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्काराज़ और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया।

मेदवेदेव इससे पहले अल्काराज़ के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवेदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्काराज़ पर पहली जीत है। सिनर ने ज्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज़्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का ज़्वेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है।इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत भी शामिल है।

इंडियन वेल्स



दानिल मेदवेदेव व कार्लोस अल्काराज।

## रिकॉर्ड

16 वर्ष के विंगर मैक्स डोमैन ने एवर्टन के खिलाफ अपनी टीम के लिए स्टॉपेज टाइम में किया गोल

# प्रीमियर लीग में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बने मैक्स डोमैन

लंदन, एजेंसी

आर्सेनल के 16 वर्षीय विंगर मैक्स डोमैन इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए। उन्होंने एवर्टन के खिलाफ अपनी टीम की 2-0 की जीत में स्टॉपेज टाइम में गोल किया। डोमैन ने अपने हाफ के बीच में गेंद को अपने कब्जे में लिया। वह एवर्टन के दो खिलाड़ियों को चकमा देकर आगे बढ़े और फिर गोल दाग दिया। उन्होंने 16 साल और 73 दिन की उम्र में यह गोल करके नया रिकॉर्ड बनाया। प्रीमियर लीग में यह उनका केवल तीसरा मैच था।

आर्सेनल के कोच मिकेल आर्टेटा ने कहा वह किसी भी अवसर, परिस्थिति या प्रतिद्वंद्वी टीम से विचलित नहीं होता है और अपना स्वाभाविक खेल खेलता है। उसका यह प्रदर्शन अविश्वसनीय था। डोमैन ने एवर्टन के पूर्व खिलाड़ी जेम्स वॉन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2005 में 16 साल और 270 दिन की उम्र में क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ गोल किया था। डोमैन ने पिछले साल नवंबर में सबसे कम उम्र में चैंपियंस लीग में खेलने का रिकॉर्ड बनाया था। जब उन्होंने स्लाविया प्राग के खिलाफ दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा था तब उनकी उम्र 15 साल और 308 दिन थी। आर्सेनल ने इस जीत से अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं। दूसरे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर सिटी के 30 मैच में 61 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।



### प्रीमियर लीग के सबसे कम उम्र के गोल स्कोररों की सूची

1. मैक्स डोमैन : 16 वर्ष, 73 दिन (2026 में आर्सेनल बनाम एवर्टन)
2. जेम्स वॉन : 16 वर्ष, 270 दिन (2005 में एवर्टन बनाम क्रिस्टल पैलेस)
3. जेम्स मिलनर : 16 वर्ष, 356 दिन (2002 में लीड्स बनाम सुंदरलैंड)
4. वायने रूनी : 16 साल, 360 दिन (2002 में एवर्टन बनाम आर्सेनल)
5. रियो न्गुमोहा : 16 वर्ष, 361 दिन (2025 में न्यूकैसल बनाम सेलिवरपूल)


